- एसआईआर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा इंडिया ब्लॉक
- राहुल-खड़गे समेत 11 नेताओं ने दाखिल की याचिका
- मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार समेत 3 चुनाव अधिकारियों को बनाया प्रतिवादी

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



सुप्रीम कोर्ट जाते हुए उमड़ी भीड़

याचिका की बड़ी बातें

- चुनाव आयोग सभी एसआईआर रिकॉर्ड जमा करे
- एसआईआर के फैसलों की कानूनी वैधता की जांच हो
- जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई
- शिकायतों पर फैसले दर्ज किए जाएं
- ऑनलाइन फॉर्म 6 में बताए गए नियमों का पालन हो
- मतदाता सूची और ईवीएम का स्वतंत्र ऑडिट हो
- हटाए गए नामों की वजह और सूची प्रकाशित हो
- बिना नोटिस या सुनवाई के नाम न हटाया जाए
- सभी राज्यों में एसआईआर पर अंतरिम रोक

फॉर्म-6 पर सुप्रीम कोर्ट बोला, कोई फैसला नहीं सुनाया

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को साफ किया कि उसने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए इस्तेमाल होने वाले नए फॉर्म-6 को न तो मंजूरी दी है और न ही उसे खारिज किया है। अदालत ने कहा कि बिहार में वोटर लिस्ट के एसआईआर से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान नए फॉर्म-6 पर विचार नहीं हुआ था। पीठ ने आगे कहा कि हमारे मुंह में अपनी तरफ से कोई बात न डालें।

दिल्ली फिर उबली

राहुल गांधी के नेतृत्व में कनॉट प्लेस से सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाला
एलओपी ने इसे 'लोकतंत्र के लिए मार्च, न्याय के लिए मार्च' बताया

राहुल बोले-यह तो शिव की बारात शिवराज: ये 'हुड़दंगियों' की बारात

सीजेआई सूर्यकांत बोले
सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे सभी के लिए खुले

अनुराग ठाकुर ने भी साधा निशाना, बोले
न्यायपालिका को डराने की कोशिश कर रही कांग्रेस

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एसआईआर को लेकर इंडिया गठबंधन सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत 11 विपक्षी नेताओं ने जनहित याचिका दाखिल की है। मामले में मंगलवार को सुनवाई होने की संभावना है। याचिका दाखिल करने वाले नेताओं में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे के अलावा ▸▸शेष पेज 4 पर





राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव व अन्य विपक्षी सांसदों के साथ

अखिलेश-तेजस्वी भी पहुंचे सुप्रीम कोर्ट, मार्च में वकील भी शामिल

मार्च में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी सहित कई विपक्षी नेता और वकील शामिल हुए। मार्च के दौरान राहुल गांधी की गाड़ी पर अखिलेश यादव और ▸▸शेष पेज 4 पर



मार्च में प्रियंका और नेहा बोरा आगे रहीं

दिल्ली पहुंचे सिंघार कई नेता हिरासत में

भोपाल। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस के विधायक और वरिष्ठ नेता दिल्ली पहुंचे। बंगाली मार्केट में राहुल गांधी के आह्वान पर जुटे कांग्रेस नेताओं ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही। उमंग सिंघार ने कहा कि राहुल गांधी के साथ लोकतंत्र की लड़ाई लड़ने के लिए पूरा मध्यप्रदेश कांग्रेस दिल्ली आया है। इस दौरान मध्यप्रदेश कांग्रेस की सह-प्रभारी उषा नायडू ▸▸शेष पेज 4 पर

राहुल का सनसनीखेज दावा

सरकार के 200 अधिकारी हमारे संपर्क में, ईडी-सीबीआई के अफसर भी शामिल

राहुल गांधी ने दावा किया है कि केंद्र सरकार के 200 अधिकारी उनके संपर्क में हैं और उन्हें लगातार सरकार से जुड़ी जानकारियां दे रहे हैं। इनमें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और विदेश मंत्रालय के अधिकारी भी शामिल हैं। राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित करते हुए यह दावा किया और कहा कि सरकार के भीतर से उन्हें सूचनाएं मिल रही हैं। ▸▸पढ़ें पेज 07 भी

जंतर-मंतर नहीं बनेगा धरना स्थल, दिल्ली में 3 जगहें तय

दिल्ली में धरना-प्रदर्शन के प्रमुख केंद्र जंतर-मंतर पर अब आंदोलन नहीं हो सकेंगे। गृह मंत्रालय की ओर से गठित समिति की सिफारिश पर इसे प्रदर्शन स्थल की सूची से हटा दिया गया है। दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए आंदोलन और धरना-प्रदर्शन के लिए तीन वैकल्पिक स्थान निर्धारित किए हैं। अब रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और पूर्वी दिल्ली के सीबीडी ग्राउंड में प्रदर्शन किए जा सकेंगे।

दीपके बोले-पूरा देश बनेगा जंतर-मंतर

सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाने के सरकार के फैसले पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अब पूरा देश जंतर-मंतर बनेगा।



तृतीया : मां चंद्रघंटा



पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघंटेति विश्रुता॥

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का मास्टर कूपन
कल के अंक में देखें।

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

जूनियर डॉक्टरों के स्टाइपेंड में 4.46% की बढ़ोतरी

भोपाल। मप्र के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में पढ़ रहे जूनियर डॉक्टरों के स्टाइपेंड में 4.46 प्रतिशत वृद्धि की गई है। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं।

निलंबन और बर्खास्तगी रद्द होने तक बहिष्कार जारी रखने का ऐलान

कार्रवाई वापस नहीं तो पटवारियों ने स्वामित्व योजना से खींचे हाथ

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

जमीनी स्तर पर अधिकांश जिलों में कलेक्टरों ने अब तक निलंबन और सेवा समाप्ति के आदेश वापस लेने संबंधी कोई अधिसूचना जारी नहीं की

प्रदेश में पटवारियों और शासन के बीच चल रहा गतिरोध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। तय कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश भर के पटवारी सोमवार से केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'स्वामित्व योजना' का काम फिर से शुरू करने वाले थे, लेकिन उन्होंने काम करने से इनकार कर दिया। पटवारियों का कहना है कि आंदोलन के दौरान विभिन्न जिलों के कलेक्टरों द्वारा पटवारियों पर की गई दंडात्मक कार्रवाइयां विशेष रूप से निलंबन और सेवा समाप्ति (बर्खास्तगी) के आदेश अब तक वापस नहीं लिए गए हैं। जब तक शासन स्तर से इन आदेशों को निरस्त कर सभी साथियों को बहाल नहीं किया जाता, तब तक स्वामित्व योजना सहित अतिरिक्त योजनाओं का कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा।

ग्रामीण इलाकों में सर्वे और अधिकार अभिलेख की प्रक्रिया अटकी



पटवारियों के इस रुख से ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर काबिज लोगों को मालिकाना हक दिलाने वाली स्वामित्व योजना पूरी तरह ठप हो गई है

आश्वासन पूरा न होने पर नहीं किया लॉग इन

मप्र पटवारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष उपेंद्र सिंह बघेल सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि हाल ही में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई वार्ता में सहमति बनी थी कि आंदोलन के दौरान दर्ज प्रकरण और अनुशासनात्मक कार्रवाईयां शून्य की जाएंगी। इसके बाद पटवारियों ने स्वामित्व योजना के तहत आबादी भूमि के सर्वे, नक्शा सत्यापन और अधिकार अभिलेख तैयार करने का रुका हुआ काम शुरू करने पर रजामंदी दी थी। लेकिन जमीनी स्तर पर अधिकांश जिलों में कलेक्टरों ने अब तक निलंबन ▸▸शेष पेज 4 पर

पटवारी संघ ने दिया 24 से 48 घंटे का अल्टीमेटम

पटवारी संघ के प्रतिनिधियों का दो टूक कहना है कि वे जनहित के कार्यों में बाधा नहीं डालना चाहते, लेकिन अपने साथियों पर की गई दमनात्मक कार्रवाई को नजरअंदाज कर काम पर लौटना संभव नहीं है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 24 से 48 घंटों के भीतर शासन ने सभी दंडात्मक आदेश रद्द करने का लिखित निर्देश जारी नहीं किया, तो यह गतिरोध अन्य नियमित राजस्व कार्यों पर भी असर डाल सकता है। कई जिलों के राजस्व अधिकारियों ने पटवारी प्रतिनिधियों से संवाद साधने की ▸▸शेष पेज 4 पर

ठिकानों से मिले 72.50 लाख रुपए

दो लाख की रिश्वत लेते पकड़े गए जीएसटी अधीक्षक निलंबित



अधिकारी से दो दिन की रिमांड पर पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

दो लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार सेंट्रल जीएसटी की प्रिवेंटिव विंग के अधीक्षक राजेश कुमार गुप्ता को निलंबित कर दिया गया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की भोपाल स्थित भ्रष्टाचार निरोधक शाखा आरोपी अधिकारी से दो दिन की रिमांड पर पूछताछ कर रही है। विभाग भी उनके खिलाफ जांच की तैयारी में है। सीबीआई ने आरोपी के भोपाल और कानपुर ▸▸शेष पेज 4 पर

शराब कारोबारी से एक करोड़ लेने का आरोप

ओएसडी पद से हटाए गए रायचुरा को मप्र सरकार ने किया सस्पेंड



जांच रिपोर्ट के आधार पर सरकार की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के ओएसडी पद से हटाए गए दीपम रायचूरा को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया है। शराब कारोबारी से एक करोड़ रुपए लेने के आरोपों की जांच के लिए गठित दो सदस्यीय टीम ने अपनी रिपोर्ट आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना को सौंप दी। रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने निलंबन आदेश जारी करते हुए रायचूरा को चार पेज का आरोप पत्र भी दिया है। निलंबन अवधि में उनको ▸▸शेष पेज 4 पर

6 राज्यों में राज्यपाल नियुक्त

पूर्व सांसद ढाल सिंह बिसेन बने उत्तराखंड के राज्यपाल



चार बार विधायक और प्रदेश सरकार में मंत्री रह चुके हैं बिसेन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मप्र के वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व सांसद डॉ. ढाल सिंह बिसेन को उत्तराखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वे सिवनी जिले के पिपरिया गांव के रहने वाले हैं। बिसेन पेशे से चिकित्सक हैं और मप्र की राजनीति में लंबे समय तक सक्रिय रहे हैं। डॉ. बिसेन का जन्म 14 मई 1952 को हुआ था। उन्होंने 1990 से 2008 के बीच मप्र विधानसभा में चार कार्यकाल पूरे किए। वे 2003 ▸▸शेष पेज 4 पर

निगरानी के दौरान एक शावक गायब

कूनो में आशा के आठ माह के शावक की मौत



पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चलेगा मौत का कारण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

कूनो नेशनल पार्क में नामीबियाई मादा चीता आशा के एक आठ माह के शावक की सोमवार को मौत हो गई। सुबह निगरानी के दौरान आशा अपने पांच शावकों में से चार के साथ दिखाई दी। एक शावक गायब मिलने पर उसकी तलाश की गई, तो वह मृत मिला। शावक की मौत के बाद देश में चीतों की संख्या घटकर 59 रह गई है। इनमें 41 भारत में जन्मे हैं। कूनो नेशनल पार्क में अब 53 चीते बचे हैं, जिनमें 40 भारत ▸▸शेष पेज 4 पर

रॉबर्ट हॉल और माइकल वुडफोर्ड को अर्थशास्त्र का नोबेल

आर्थिक संकट से निपटने और आम लोगों के खर्च पर कंपनियों के फैसलों के प्रभाव पर मॉडल बनाया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



अमेरिकी अर्थशास्त्रियों रॉबर्ट ई. हॉल और माइकल वुडफोर्ड को वर्ष 2026 का अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को स्टॉकहोम में दोनों को समष्टि-आर्थिक स्थिरीकरण के सूक्ष्म आर्थिक आधारों पर उल्लेखनीय योगदान के लिए चुना। उनके शोध से यह समझने में मदद मिली कि आम लोगों के खर्च और कंपनियों के फैसले पूरी अर्थव्यवस्था को किस तरह प्रभावित करते हैं। पुरस्कार की ▸▸शेष पेज 4 पर

रॉबर्ट हॉल कैलिफोर्निया की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से जुड़े हैं
माइकल वुडफोर्ड न्यूयॉर्क की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में कार्यरत

बैंडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद से हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद

शिकायत नहीं, संकल्प चाहिए, अगर प्रतिभा को मौका मिले, तो खुल जाती है सफलता की राह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भारत के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी और कोच पुलेला गोपीचंद के नाम से रायपुर में भी बैडमिंटन अकादमी खोली गई है। इस संबंध में कोच गोपीचंद का साफ कहना है, यह अकादमी सिर्फ मेरे नाम से नहीं रहेगी, मैं भी यहां लगातार आऊंगा और यहां की प्रतिभाओं को निखारने का काम किया जाएगा। वे कहते हैं, शिकायत नहीं संकल्प चाहिए। अगर प्रतिभा को मौका मिले तो सफलता की राह खुल जाती है। सपने बड़े हों, तो सुविधाओं का इंतजार नहीं, रास्ते बनाने पड़ते हैं। प्रस्तुत है, कोच



पुलेला गोपीचंद से हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के सार्थक संवाद के अंश।

▸▸ उस दौर में आपने रैकेट थामा, जिस समय सामान्य मध्यमवर्गीय परिवारों में कहा जाता था, बेटा पढ़ो, पढ़ोगे तो कुछ बन जाओगे, नहीं तो चप्पलें चटकाओगे, कैसे?

▸▸ परिवार का सपोर्ट था और हमारे पिता एक बैंक में काम करते थे तो उनका ट्रांसफर होते-होते हम हैदराबाद पहुंचे, करीब 1985 के टाइम पे। तब देश में सभी लोग क्रिकेट खेलना चाह रहे थे, हम भी ऐसे ही थे। थोड़ा-बहुत खेला घर पे, मतलब अपार्टमेंट में और थोड़े विंडोज हमने भी तोड़े तो नेबर्स ने कंप्लेन की, तब माताजी ने बोला कि चलो स्टेडियम लेकर चलते हैं। क्रिकेट में एडमिशन मिला नहीं, और टेनिस के बारे में पैरेंट्स ▸▸शेष पेज 13 पर



मां काली मंदिर।

नर्मदापुरम रोड स्थित मां काली मंदिर में भक्तों की उमड़ रही भारी भीड़

मिसरोद की मां काली पर भक्तों का अटूट विश्वास, दर्शन कर पाते हैं मन की शांति

मंदिर से गुजरने वाले वाहन चालक माता रानी दरबार में रुक कर माथा टेकते हैं और फिर आगे का तय करते हैं सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नवरात्र में राजधानी के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। इन्हीं में होशंगाबाद रोड पर मिसरोद क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर स्थित मां काली का मंदिर भी श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। भक्तों का कहना है कि माता रानी के दर्शन से मन को शांति मिलती है। तो वहीं मंदिर से जुड़ी मान्यता है कि पहले इस मार्ग पर आए दिन सड़क हादसे होते थे, लेकिन मंदिर की स्थापना के बाद हादसों में कमी आई। यही वजह है कि यहां से गुजरने वाले कई वाहन चालक मां काली के दरबार में रुक कर माथा टेकते हैं और फिर आगे का सफर तय करते हैं।


नर्मदापुरम रोड पर स्थित मां काली की प्रतिमा।

काफी तरक्की हुई


राधा बाई ने बताया कि माता रानी के आशीर्वाद से काफी तरक्की हुई,आज घर-परिवार में सभी अच्छे रहते हैं।

माता रानी की कृपा

मंदिर के पुजारी सैन महाराज ने बताया कि भोपाल-होशंगाबाद हाईवे पर


अकसर हादसे होते थे। इसके बाद यहां मंदिर की स्थापना की गई। उनका कहना है कि मंदिर बनने के बाद से हादसों में कमी आई है। यदि कोई दुर्घटना होती भी है, तो कई बार लोगों को गंभीर चोट नहीं आती। श्रद्धालु इसे माता रानी की कृपा मानते हैं। मां काली भक्तों की सभी मनोकामाओं को पूरी करती है। भक्त माता रानी नींबू की माला चढ़ाते है।

मां के आशीर्वाद से पूरी होती हैं मुरादें

डॉक्टर चित्रा ने बताया कि वह कई सालों से माता रानी के


दर्शन के लिए आ रही है। माता रानी के आशीर्वाद से सभी मुरादें पूरी होती है। जब भी माता काली के दरबार से निकलते है। यहां रुककर हाजरी लगाती हूं।

झिलमिलाते पंडाल, मनमोहक झांकियों के साथ मां की भक्ति में रंगा भोपाल

नवरात्र में जगमगाए मां के दरबार, दूसरे दिन हुई माता ब्रम्हचारिणी की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के दुर्गा पंडाल मां के भक्ति के बीच जगमग हो गए। नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को शहर के सभी प्रमुख मंदिरों में माताराणी के दर्शन के लिए सुबह से ही कतार लगनी शुरू हो गई। मां के दर्शन का सिलसिला देर रात्रि तक चलता रहा। मंदिरों में मां का विशेष श्रृंगार किया गया। आने वाले दिनों में भी शहर मां की भक्ति में डूबा रहेगा ।

राजधानी में लगभग 1300 से अधिक स्थानों पर झांकियां सजा कर देवी प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। देवी मंदिरों में माताराणी का दरबार सहित मंदिर को आकर्षक ऐसी सज्जा की गई है कि भक्तों के मन को खूब भा रही है। मंदिरों में चहल-पहल बढ़ गई है।


जेपी नगर रोड स्थित माता रानी की झांकी।



एकता चौक, छोला रोड स्थित झांकी।

मां ब्रम्हचारिणी की हुई पूजा

मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि नवरात्रा के दूसरे दिन मां ब्रम्हचारिणी के स्वरूप की पूजा की गई। मां का स्वरूप देख भक्त ममतामयी होकर माताराणी का निष्ठा से अराधना कर रहे हैं। शहर के अधिकतर मंदिरों में दुर्गा जी की स्तुति का पाठ शुरू हो गया है। भक्तों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर और मां की आरती की गई। मंदिर परिसर देर रात्रि तक मां के जयकारों के साथ गूंजता रहा ।

भजन-कीर्तन का दौर शुरू

शहर के दुर्गा पंडालों एवं देवी मंदिरों में महिला- पुरुष मंडली द्वारा भजन कीर्तन देर रात्रि तक किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों भक्त भक्ति गीतों एवं भजनों में डूबे रहे। झांकी देखने उमड़ा सैलाब शहर में मां जगत जननी के पंडाल एवं झांकी को देखने दूसरे ही दिन से सैकड़ों की संख्या में भक्तों का सैलाब उमड़ना शुरू हो गया।

इन झांकियों में उमड़ रही भीड़

भेल जम्बूरी मैदान पर भोजपाल सनातनी सांस्कृतिक गरबा महोत्सव के तहत परिसर में बाबा केदारनाथ के दर्शन हो रहे है। इसके अलावा राजधानी में विशेष दुर्गा पंडालों में न्यू मार्केट, बरखेड़ा, नेहरू नगर, एमपी नगर के अलावा जवाहर चौक, पांच नंबर स्टॉप, दस नंबर, सराफा चौक, मंगलवारा, इतवारा, बरखेड़ी, तलैया, साकेत नगर, इन्द्रपुरी, जिंसी आदि क्षेत्रों में भव्य आकर्षक झांकियां भी लोगों को आकर्षित कर रही हैं।

24 साल से शेषनाग दरबार में विराज रहीं मां कालरात्रि, पंचमी पर होती है विशेष पूजा


भोपाल। रविशंकर नगर बोर्ड कॉलोनी स्थित खेल मैदान में बने शेषनाग दरबार में पिछले 24 वर्षों से नवरात्रि पर माता रानी और घट की स्थापना की जा रही है। यहां मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना के साथ श्रद्धालुओं की गहरी आस्था जुड़ी हुई है। नवरात्रि के दौरान दरबार में भक्तिमय माहौल रहता है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं दरबार में अविनाश शिनाई के सहयोग से मां कालरात्रि की पिंडी स्थापित की गई है। दरबार के पंडा मुकेश नागेश के अनुसार, मां के इस दिव्य स्वरूप का विशेष श्रृंगार किया गया है। पिंडी को नीम के रंग से सजाया गया है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

एचई योग मित्र मंडल का नवरात्रि साधना शिविर शुरू


भोपाल। एचई योग मित्र मंडल, पिपलानी, बीएचईएल द्वारा शारदीय नवरात्रि पर आध्यात्मिक उन्नयन, आत्मिक शांति एवं साधना के उद्देश्य से नौ दिवसीय शारदीय नवरात्रि साधना शिविर का शुरू हो गया है। यह शिविर 19 अक्टूबर तक प्रतिदिन सायं 4:30 बजे से 6:00 बजे तक आ यो जि त किया जाएगा।

- नौ दिवसीय शारदीय नवरात्रि साधना शिविर आरंभ

शिविर का संचालन आचार्य चित सागर के सानिध्य में किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में मंडल के महासचिव सतेन्द्र कुमार, आर के आर्य, सचिव जीएस चौहान, सुभाष दुबे, डीपी साह, आरडी साहू, शशिकान्त तारे, अरुणा तारे, रीता देवी एवं साधना सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर योग परिवार के साधक सपरिवार उपस्थित रहे।

सैकड़ों लोगों ने उत्साह से लिया हिस्सा

गरबा-डांडिया की धुन पर झूमे चित्रांश, प्रतिभाओं का सम्मान


अभा कायस्थ महासभा ने आयोजित किया कार्यक्रम।


हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भक्ति, संस्कृति और सामाजिक एकता के रंगों से सजे चित्रांश गरबा में महिला, पुरुषों और बच्चों ने गरबा-डांडिया की प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। अभा कायस्थ महासभा, मध्य भारत एवं चित्रांश मासिक बैठक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों लोगों ने उत्साह से हिस्सा लिया। मां दुर्गा की आराधना के साथ सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग और महापौर मालती राय शामिल हुए।

कार्यक्रम में प्रतिभाओं को मिला पुरस्कार

कार्यक्रम में नृत्य कौशल, ऊर्जा, वेशभूषा और प्रतिभा के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिए गए। बरखा श्रीवास्तव को बेस्ट डांसर महिला और प्रवीण श्रीवास्तव को बेस्ट डांसर पुरुष का पुरस्कार मिला। सुनीता श्रीवास्तव को गरबा प्रशिक्षण रत्न, विनीता श्रीवास्तव को एनर्जेटिक डांसर महिला और अरुण श्रीवास्तव को एनर्जेटिक डांसर पुरुष का सम्मान दिया गया। कीर्ति एवं धर्मेश खरे बेस्ट गरबा कपल चुने गए, जबकि राशि सक्सेना को बेस्ट कॉस्ट्यूम महिला का पुरस्कार मिला। आद्या खरे को मिस ग्रेसफुल डांसर और राध्या श्रीवास्तव को नन्ही गरबा स्टार का सम्मान मिला। मीना श्रीवास्तव को सदाबहार अवॉर्ड और विनीता राज श्रीवास्तव को गरबा क्वीन का ओवरऑल पुरस्कार प्रदान किया गया।

विशेष अभियान 6.0 : स्टेशनों से लेकर कार्यालयों तक कर रहे जागरुक

रेलवे परिसरों में अब 4 डस्टबिन में अलग-अलग डालेंगे कचरा, कर्मचारियों को दी जा रही ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रेलवे परिसरों में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए भोपाल मंडल में कचरा प्रबंधन को लेकर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान 6.0 के तहत 11 और 12 अक्टूबर को आयोजित गतिविधियों में रेलकर्मियों और संविदा कर्मचारियों को कचरे के पृथक्करण और उसके उचित निस्तारण की जानकारी दी गई। अभियान के तहत स्टेशनों, डिपो, शेड और कार्यालयों में कर्मचारियों को स्वच्छता के निर्धारित मानकों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के दौरान कर्मचारियों को कचरे को चार श्रेणियों में बांटकर एकत्र करने की जानकारी दी जा रही है। इसमें गीला कचरा,


सूखा कचरा, सैनिटरी अपशिष्ट और विशेष देखभाल वाले अपशिष्ट शामिल हैं। कर्मचारियों को समझाया जा रहा है कि कचरे को शुरूआत से ही अलग-अलग रखने से उसके वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण में आसानी होती है।

हर कार्यस्थल पर स्वच्छता की जिम्मेदारी

भोपाल मंडल की विभिन्न इकाइयों के प्रभारी अपने-अपने कार्यस्थलों पर कर्मचारियों को कचरा प्रबंधन के निर्धारित तरीकों की जानकारी दे रहे हैं। साथ ही नियमित साफ-सफाई बनाए रखने और कचरे का उचित निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है। रेलवे का उद्देश्य कर्मचारियों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। अभियान के जरिए कर्मचारियों की सामूहिक सहभागिता बढ़ाकर स्टेशनों, डिपो, शेड और कार्यालयों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है।

मनोचिकित्सक डॉ. समीक्षा साहू ने दैनिक जीवन के व्यावहारिक उपाय किए साझा

एसपीएम कॉलेजः प्राध्यापकों के लिए तनाव प्रबंधन विद्यार्थियों के साथ आत्मीय संबंध निर्माण पर वर्कशॉप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय कार्य बल (मानसिक स्वास्थ्य कल्याण प्रकोष्ठ) द्वारा 9 अक्टूबर को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता रैली और अगले दिन कॉलेज के सभी प्रोफेसर्स के लिए तनाव प्रबंधन, क्रोध प्रबंधन एवं विद्यार्थियों के साथ आत्मीय संबंध निर्माण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन में किया गया। मुख्य वक्ता प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. समीक्षा साहू (सहायक प्राध्यापक, मनोचिकित्सा


विभाग, गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल) रहीं। उन्होंने दैनिक जीवन व कार्यक्षेत्र में तनाव एवं क्रोध के प्रभावी प्रबंधन के व्यावहारिक उपाय साझा किए। उन्होंने जीवनशैली में सुधार पर जोर देते हुए बताया कि स्वस्थ जीवन और मानसिक संतुलन के लिए संतुलित आहार, नियमित कैलोरी व प्रोटीन का उचित सेवन अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने प्राणायाम, श्वास संबंधी व्यायाम और योग के दैनिक अभ्यास को तनाव मुक्ति और मन की एकाग्रता के लिए बेहद प्रभावी बताया।

कॉलेज के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे

प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. कीर्तिजैन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज के प्राध्यापक मौजूद रहे। संयोजन राष्ट्रीय कार्य बल की संयोजक डॉ. अनीता मंडलोई की देखरेख में हुआ। अंत में विशेषज्ञ ने प्राध्यापकों के प्रश्नों के सहजता से उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। संचालन निशा यादव द्वारा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आकांक्षा चौधरी ने किया। समिति सदस्यों डॉ. मधुसूदन प्रकाश, डॉ. देवेन्द्र पटेल एवं डॉ. दिनेश कुमार डहारे का विशेष योगदान रहा।

भेल जंबूरी मैदान पर 18 अक्टूबर तक मचेगी धूम, पहले दिन ही जुटी हजारों लोगों की भीड़

भोजपाल सनातनी सांस्कृतिक गरबा महोत्सव का जोरदार आगाज, 20 हजार से ज्यादा लोगों ने की शिरकत, टीवी अभिनेत्रियां देंगी यादगार प्रस्तुतियां

गणेश वंदना, मां भगवती की आरती के साथ दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोजपाल सनातनी सांस्कृतिक गरबा महोत्सव का सोमवार को भव्य आगाज किया गया। भेल जम्बूरी मैदान पर आयोजित होने वाले राजधानी के सबसे बड़े गरबा महोत्सव का मुख्य अतिथि सांसद आलोक शर्मा, आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजन में प्रस्तुति देने आए कलाकार और प्रतिभागियों ने भगवान गणेश की वंदना और मां भगवती की आरती के साथ प्रस्तुति दी। आयोजन में बड़ी संख्या में गणमान्य नागररिक, महिलाएं, बच्चे और परिवार के लोग शामिल हुए।

मुख्य अतिथि सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि शहर की संस्कृति और इतिहास गौरवशाली रहा है। इस परंपरा को भोजपाल गरबा महोत्सव आगे बढ़ा रहा है। यह समिति हिंदुओं को जोड़ने का काम कर रही है।


शुभारंभ अवसर पर मौजूद समिति अध्यक्ष सुनील यादव व सांसद आलोक शर्मा।


गरबा महोत्सव में शामिल होने पहुंचे श्रद्धालु।

धमाल मचाने आ रहीं अभिनेत्रियां

संयोजक विकास वीरानी ने बताया कि भोजपाल सनातनी सांस्कृतिक गरबा महोत्सव में मुंबई से बॉलीवुड व टीवी सीरियल की अभिनेत्रियां अलग-अलग दिनों मे अपनी प्रस्तुति देंगी। 14 अक्टूबर को टीवी सीरियल कलाकार भाभी जी घर पर हैं फेम शिवांगी अत्रे, 16 को बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा शर्मा, 17 को टी वी सीरियल कलाकार कविता कौशिक और 18 को बॉलीवुड अभिनेत्री काम्या पंजाबी अपनी प्रस्तुति से धमाल मचाने आ रही हैं।

पहले ही दिन ग्राउंड पर दिखी भारी भीड़

पहले ही दिन ग्राउंड पर भारी भीड़ रही। 20 हजार से ज्यादा लोग आयोजन में शामिल होने पहुंचे। सवा लाख किलोवॉट साउंड सिस्टम, म्यूजिकल बैंड और गुजरात से आई टीम ने अपनी सुमधुर गीतों से गरबा प्रेमियों और प्रतिभागियों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

सुरक्षा-पहचान के लिए आधार कार्ड जरूरी

अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि गरबा के दौरान आयोजन स्थल पर आने वाले लोगों की सुरक्षा और पहचान सुनिश्चित करने के लिए सभी को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। यहां आने वाले हर सनातनी का चंदन, तिलक लगाकर, कलावा बांधकर पारंपरिक रूप से स्वागत किया जाएगा। लोगों के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए आयोजन स्थल पर मेडिकल टीम, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा, पुलिस बल के साथ ही प्राइवेट सिक्योरिटी, वालंटियर मौजूद रहेंगे।

बाबा केदारनाथ के दर्शन करने पहुंच रहे श्रद्धालु

परिसर में ही श्रद्धालुओं को बाबा केदारनाथ के भव्य धाम के दर्शन हो रहे हैं। महामंत्री हरीश कुमार राम ने बताया कि भोजपाल महोत्सव मेला समिति द्वारा करीब 55 लाख की लागत से 85 फीट ऊंची बाबा केदारनाथ की झांकी तैयार की गई है। यहां श्रद्धालुओं को बाबा केदारनाथ के साथ माता रानी, भगवान गणेश, नंदी महाराज और बजरंगबली के दर्शन मिल रहे हैं।



भोपाल

मंगलवार, 13 अक्टूबर 2026

आश्विन मास शुक्ल पक्ष-3

वर्ष : 13, अंक : 193

पृष्ठ : 16+8=24 मूल्य : 4.00 **

मौसम

अधि. 34

न्यून. 21

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

खुदरा महंगाई दर में उछाल

लगातार चौथे महीने 4% के तय स्तर से ऊपर रही

नई दिल्ली। खुदरा महंगाई दर में सितंबर में बढ़ोतरी दर्ज की गई।



आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में 4.83% रही महंगाई दर सितंबर में बढ़कर 5.54% हो गई। इससे आम लोगों के घरेलू बजट पर दबाव बढ़ने की चिंता है। आरबीआई का लक्ष्य खुदरा महंगाई दर को 4% पर बनाए रखना है। इसके लिए 2 से 6% का दायरा निर्धारित है। सितंबर में महंगाई दर लगातार चौथे महीने 4% के स्तर से ऊपर रही।

केंद्रीय मंत्री शिवराज के मुद्दा उठाने के सवाल पर बोले सीएम

आदिवासियों के घर तोड़े जाने की होगी जांच, कार्रवाई करेंगे

शिवराज हमारे वरिष्ठ नेता, उनके संज्ञान में यह बात आई है, हम तत्परता से कार्रवाई करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीहोर जिले के कोसमा में आदिवासियों के घर बुलडोजर चलाए जाने व केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के विरोध से जुड़े एक सवाल पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे



डॉ. मोहन यादव

हमारे वरिष्ठ नेता हैं। उनके संज्ञान में यह बात आई है, हम इसकी जांच करवा कर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने दिल्ली में चल रहे लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रदर्शन को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि केरल में कांग्रेस की सरकार व तमिलनाडु में कांग्रेस समर्थित सरकार भी उसी एसआईआर प्रक्रिया के तहत बनी है। दोनों सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी खुद एसआईआर से ही सांसद बने, उन्हें भी इस्तीफा दे देना चाहिए। इसके बजाए बेवजह से पूरे देश को परेशान करना उचित नहीं है।



मप्र ने विशेष कैबिनेट आयोजित कर पीएम मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सर्वसम्मति से अभिनंदन संकल्प पारित किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीएम हाउस में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में कहा

80 करोड़ लोगों को नि:शुल्क खाद्यान्न ऐसा राजा श्री राम के समय ही हुआ था

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी यदि एसआईआर पर आरोप लगा रहे हैं तो केरल की सरकार व वे खुद उसी से सांसद बने कायदे से दोनों को इस्तीफा दे देना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र सरकार ने सोमवार को एक बड़ा निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर मप्र में विशेष कैबिनेट आयोजित कर सर्वसम्मति से अभिनंदन संकल्प पारित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश में पहली बार ऐसा हुआ है कि प्रधानमंत्री मोदी जितनी बार विधायक बने, उतनी बार मुख्यमंत्री बने और जितनी बार सांसद बने उतनी ही बार प्रधानमंत्री बने। अभी तक किसी भी राजनेता के ⏭ शेष पेज 4 पर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और अन्य मंत्रिगण

सुशासन और आर्थिक सुधार में विशेष प्रयास

मुख्यमंत्री ने बताया कि संकल्प में नोटबंदी, जीएसटी, तीन तलाक कानून, तीन नई न्याय संहिताएं और जन-विश्वास अधिनियम का उल्लेख है। योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग का गठन, प्रगति मंच पर परियोजनाओं की समीक्षा, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस ⏭ शेष पेज 4 पर

देश में पहली बार बेकार कानून हटाए गए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में पहली बार मोदी सरकार ने हजारों की संख्या में अंग्रेजों के जमाने के कानून को निरस्त किया। अभी तक किसी भी सरकार ने यह सुधार नहीं किया था। अकेले मप्र ने ही 900 ऐसे कानून को निष्क्रिय किया है। इन कानूनों का कोई औचित्य ही नहीं रह गया था। ⏭ शेष पेज 4 पर



Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: BHOPAL: Surana Honda (Koh-E-Fiza) - 9713066121; Sai Samarth Honda - 9109103832; BGS Honda - 7440654321; Om Auto Honda - 9826331339; Power Honda - 9202244444; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504; BGS Honda (Karondh) - 8319133403; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834; Power Honda (Gulmohar) - 07554256062; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 990740405; **ASHOKNAGAR:** Shri Shant Honda - 8889365888; Shrikrishna Honda (Chanderi) - 7000642828; Shris Shant Honda (Kaniyadana) - 9340461465; Shris Shant Honda (Rajpur) - 9340461465; **BETUL:** Aaditya Honda - 8989231218; Shivam Honda (Bagdona) - 9425003802; Khyati Honda (Multai) - 9425440610; **GUNA:** Seth And Sons Honda - 9644008081; RR Honda (Aron) - 9907700774; Seth and Sons (Raghogarh) - 9644008082; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; Shri Sai Honda (Khirkia) - 9926386210; **ITARSI:** Sudarshan Honda - 7869954212; Sudarshan Honda (Hoshangabad) - 7869954215; Aman Honda (Piparia) - 8085138085; Paliwal Honda (Seoni-Malwa) - 9425476181; **SEHORE:** Upadhyay Honda - 07562401281; Harshit Honda (Astha) - 9893096451; Shubham Honda (Nasrullaganj) - 9826356278; Ambika Honda (Icchawar) - 9926434100; **VIDISHA:** Speed Bike Honda - 8817084455; Raghu Honda (Ganjbasoda) - 9425148883; Capital Honda (Sironj) - 9713161534; **RAISEN:** BGS Honda - 8717911666; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Shubhi Honda (Udaipura) - 9993044486; Soumya Auto Honda (Khargone) - 8120124545; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232; Rajeev Honda (Mandideep) - 07480401458; **BIAORA:** My Shiva Honda - 9425038999; Balaji Honda (Kurawar) - 7415382282; Shiv Shakti Honda (Talen) - 7000825923; Raghunath Honda (Rajgarh) - 9165122731; Vinayak Honda (Pachore) - 9424470733; **INDORE:** Kasliwal Honda - 8966002822; Kasliwal Honda (Bangali Square) - 8966002826; Rajpal Honda - 9425065707; Rajpal Honda (Khandwa Road) - 9827658000; Shyam Honda - 9009550948; Shyam Honda (Airport Road) - 9009550955; Doshi Honda - 9669266999; Doshi Honda (Nanda Nagar) - 9669339994; Doshi Honda (Nipania) - 9669801999; Shree Mangalam Honda - 6232446444; Shri Ram Honda (Kshipra) - 9993717799; Shyam Honda (Sanwer) - 9009550943; Mohit Honda (Chandrawatiganj) - 9009663700; Riddhi Siddhi Honda (Palia) - 9713077770; GuruKripa Honda (Betma) - 9165155175; Om Sai Honda (Devguradia) - 8770657728; **BARWANI:** Sarswati Honda - 8602521213; Parmar Honda (Rajpur) - 9993356471; Pragati Honda (Pansemal) - 09424855055; Raj Rajeshwar Honda (Sendhwa) - 9424586222; **BURHANPUR:** Krishna Sai Honda - 8989694646; Shree Sai Honda (Shahpur) - 9753633111; **DEWAS:** Sadguru Honda - 8719017666; Sadguru Honda (Ganga Nagar, Indore Road) - 7272252231; Maheshwari Honda (Sonkatch) - 9039921721; Om Sai Honda (Khategaon) - 9893464681; Vini Honda (Hatpipliya) - 9827062431; Patel Honda (Satwas) - 9713624496; Bhavana Honda (Kannod) - 9977663785; **DHAR:** Nakoda Honda - 9753478699; Nakoda Honda (Badnawar) - 8770440156; Dev Guru Honda (Dhamnod) - 9926646561; Falak Honda (Dharmapuri) - 9098111110; Khandelwal Honda (Manawar) - 9425914534; Mahaveer Honda (Rajgarh-Dhar) - 9826076523; Sairam Honda (Ghatabilod) - 9826068964; **KUKSHI:** Shyam Honda - 9333332200; Shree Hari Honda (Singhana) - 9713034535; Madhuram Honda (Dahi) - 9826841303; Joshi Honda (Gandhwani) - 9425969272; **JHABUA:** Natural Honda - 9827068396; Natural Honda (Thandla) - 9111919496; **KHANDWA:** Sethi Honda - 9111002902; Sethi Honda (Chhanera) - 9111002903; **KHARGONE:** Bhandari Honda - 9753222225; Mahaveer Honda (Anjad) - 9425088666; Manas Honda (Bedia) - 9479319469; Anmol Honda (Maheshwar) - 9926464254; **MANDSAUR:** Chaudhary Honda - 9752635333; Choudhary Honda (Shamgarh) - 9993143260; **MHOW:** Radha Honda - 9691122902; Radha Honda (Pithampur) - 7470884802; **NEEMUCH:** Imdadallys Honda - 8989151151; Savita Honda (Manasa) - 9993773232; Aditya Honda (Jeeran) - 7509542276; Shikhar Honda (Rampura) - 9424041544; **RATLAM:** Anklesaria Honda - 9425329309; Anklesaria Honda (Jaora) - 7389940695; Khatushyam Honda (Alot) - 9993442929; Babji Honda (Sailana) - 9981953001; **SANAWAD:** Veera Honda - 9826533110; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; Shree Balaji Honda (Kalapipal)- 9926028916; **UJJAIN:** Avantika Honda - 9685099909; Ujjain Honda - 8109068222; Avantika Honda (Badnagar) - 07367225701; Jain Honda (Tarana) - 7566698489; Arihant Honda (Nagda) - 07366241481; Shiv Honda (Agar) - 9425941011; Pareek Honda (Khachrod) - 9826796963; Dhanlaxmi Honda (Mahidpur) - 9425033104; **GWALIOR:** A.S. Honda - 9926186437; Sumedha Honda - 8718819740; Niyati Honda (Bhitarwar) - 9755359098; Pujari Honda (Mohona) - 8587904580; Satnam Honda (Dabra) - 9907729668; A S Honda (Laxmiganj) - 6262350000; A S Honda (DD Nagar) - 9109176278; A S Honda (Bahodapur) - 9109176247; Shree Krishna Honda (Lahar) - 9098900999; Ashish Honda (Gohad) - 9713394900; **DATIA:** Dhruv Tara Honda - 7000239698; Manuraj Honda (Bhander) - 9755574488; KGN Honda (Seondha) - 9171438014; **MORENA:** The Roshan Honda - 7532466097; Keshar Honda - 9111603390; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045; **SHIVPURI:** Seth Honda - 6264074441; K S Honda - 9074414163; Dhuadhar Honda (Pichore) - 8085186000; Jain Honda (Karera) - 8602760034; Seth Honda (Bairad) - 881739386; **SHEOPUR:** Moti Honda - 8269193208; **BHIND:** Bhagawati Moto Honda - 9238112718; **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446; Manish Honda (Sausar) - 9244569009; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **DAMOH:** Texol Honda - 9425096191; SL Honda (Patahria) - 9300405140; **SAGAR:** Sahil Honda - 7000702072; Sahil Honda (Makronia) - 8817606054; Raj Honda (Bina) - 8720009609; Shreemant Honda (Khurai) - 9826802066; Shree Balaji Honda (Deori) - 7000517166; Sahil Honda (Gourjhamar) - 9752472822.

For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

वन्य प्राणियों के नैसर्गिक जीवन निहारने एक बार कान्हा अवश्य आएं: डॉ. यादव

मुख्यमंत्री ने मंडला के कान्हा किसली में मीडिया प्रतिनिधियों से की चर्चा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि कान्हा नेशनल पार्क हमारे देश का नहीं, पूरे एशिया महाद्वीप का सबसे बड़ा नेशनल पार्क है। उन्होंने सभी वन्य जीव प्रेमियों, पर्यटकों और नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वन्य प्राणियों के साहचर्यपूर्ण नैसर्गिक जीवन को निहारने के लिए कम से कम एक बार कान्हा नेशनल पार्क जरूर आएं। सीएम को मंडला के कान्हा किसली में स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने असम के सीएम हेमंत सरमा और उनकी सरकार के सहयोग से मप्र में जंगली भैंसों के पुनर्वास की प्रक्रिया प्रारंभ की है। रविवार को ही यहां 6 मादा और 2 नर जंगली भैंसों को उनके प्राकृतिक आवास में विमुक्त किया है।

वन, वन्य जीव और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार वन, वन्य जीव और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश के वनों में टाइगर, चीता, लेपर्ड, मगर, घड़ियाल और गिद्धों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हमारे वन्य जीव मध्यप्रदेश का गौरव पर्यटन क्षेत्र में बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वन्य जीवों के संरक्षण के क्षेत्र में हो रहे प्रयास हमारी प्राकृतिक धरोहर को और समृद्ध बना रहे हैं। यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है।

सीएम ने परमपिता परमेश्वर से सबके कल्याण की प्रार्थना करते देखा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोमवार को मंडला जिले के टाटरी में स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चों के साथ आत्मीयता से सहज संवाद किया। उन्होंने टाटरी हेलीपेड जाते समय एक निजी पब्लिक स्कूल में अपना काफिला रुकवाया और वहां प्रार्थना सभा में शामिल विद्यार्थियों से मिले। डॉ यादव को अचानक अपने बीच पाकर बच्चे और उनके टीचर्स प्रसन्न हुए। स्कूल में उस समय बच्चों की रुटीन असेम्बली चल रही थी। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को परमपिता परमेश्वर से सबके कल्याण की प्रार्थना करते देखा, तो वे उनके बीच पहुंच गए। उन्होंने बच्चों से स्नेहपूर्वक बातचीत की, उनके नाम पूछे और यह भी जाना कि वे किस कक्षा में पढ़ते हैं तथा उनकी पढ़ाई कैसी चल रही है? मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बच्चों को दुलारते हुए खूब मन लगाकर पढ़ने-लिखने के लिए प्रेरित किया। बच्चों के साथ उनका संवाद सहज, आत्मीय और अपनत्व से भरा रहा।

बच्चों को दुलारते हुए मन लगाकर पढ़ने-लिखने के लिए स्कूली छात्र-छात्राओं को किया प्रेरित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव काफिला रुकवाकर पहुंचे स्कूल, नन्हे-मुन्ने बच्चों से किया आत्मीय संवाद



सीएम का मंडला के टाटरी में स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों के साथ समूह चित्र।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल, मंत्री पंवार ने सुनीं कार्यकर्ताओं की जनसमस्याएं



भोपाल। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं मंत्री नारायण सिंह पंवार ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेशभर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं एवं सुझावों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जिन प्रकरणों में विभाग की कार्रवाई आवश्यक है, उन्हें शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल एवं मंत्री पंवार ने कहा कि कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्राप्त जनसमस्याओं का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर उसके समाधान का प्रयास किया जाएगा।

राजमाता सिंधिया की जयंती पर प्रदेश अध्यक्ष ने अर्पित किए श्रद्धासुमन



भोपाल। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी की संस्थापक सदस्य राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की विशेष बैठक मंत्रालय में संपन्न

प्रधानमंत्री ने 'वी विल डू इट' का मंत्र देकर भारत की सामूहिक शक्ति को किया जागृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'वी विल डू इट' का मंत्र देकर एक बार फिर देश की सामूहिक शक्ति को जागृत किया है। अपने सामर्थ्य और समर्पण से प्रधानमंत्री मोदी के इस मंत्र को अपना मिशन बनाकर हम विकसित भारत के लिए विकसित मप्र बनाएंगे। हमें पूर्ण विश्वास है कि वर्ष 2047 में भारत जब आजादी के 100 वर्ष पूर्ण करेगा, तब हमारी पहचान आत्मनिर्भर और विकसित भारत के रूप में होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की विशेष बैठक मंत्रालय में हुई। सुशासन, विकास एवं राष्ट्र-कल्याण को समर्पित देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के गौरवशाली, ऐतिहासिक एवं असाधारण 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ से अधिक जनता की ओर से कैबिनेट ने कृतज्ञतापूर्वक अभिनन्दन करते हुए संकल्प पारित किया। कैबिनेट ने वर्ष 2047 तक 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित मप्र' के निर्माण के महायज्ञ में, प्रधानमंत्री मोदी के ओजस्वी नेतृत्व में कंधे से कंधा और कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए मप्र सरकार की प्रतिबद्धता का संकल्प सर्वसम्मति से पारित किया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय में मंत्री-परिषद की बैठक हुई।

मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र में हुए कार्यों का किया उल्लेख

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में बुनियादी ढांचे के विस्तार, आधुनिक अधोसंरचना के निर्माण, डिजिटल क्रांति, विनिर्माण क्षमता को गति देने तथा देश के गरीबों, वंचितों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के सर्वांगीण सशक्तिकरण से हर नागरिक के जीवन में जो सकारात्मक बदलाव आया है, वह अविस्मरणीय है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के महामंत्र से समाज के अंतिम व्यक्ति को राष्ट्र-निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने, देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा को अभेद्य बनाने, भारत की प्राचीन समृद्ध विरासत का संवर्धन करने तथा 'ग्लोबल साउथ' के मुखर स्वर के रूप में विश्व पटल पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कैबिनेट ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया है।

कैबिनेट के संकल्प के यह हैं प्रमुख बिंदु

कैबिनेट में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र में हुए कार्यों का उल्लेख किया गया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से संसद और विधानसभाओं में एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने की दिशा को नारी सशक्तिकरण का प्रयास बताया गया है। संकल्प में अनुच्छेद 370 के उन्मूलन, सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख है। आदित्य से चंद्रयान तक के मिशन, श्रीराम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक और एकात्म धाम के कायाकल्प को भी संकल्प में दर्ज किया गया है। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर उसके गान को अनिवार्य करने का निर्णय भी इसमें शामिल है।

युवाओं के भविष्य के साथ निवेश को मिली पहचान

संकल्प में युवाओं के हित में उल्लेख किया गया है कि मप्र में अब वर्ष में दो बार राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी, जिससे भर्ती प्रक्रिया अधिक समयबद्ध और पारदर्शी बनेगी। राज्य में हवाई कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करते हुए नवीन हवाई अड्डों एवं नवीन हवाई पट्टियों का निर्माण किया गया है, जिसने पर्यटन, व्यापार और क्षेत्रीय आवागमन को नई गति दी है। राज्य में लागू नवीन श्रम कानूनों से उद्योगों को अनेक सौगातें मिली हैं।

उपलब्धियां डबल इंजन के प्रयासों का परिणाम

संकल्प में केन-बेतवा, पार्वती-कालीसिंध-चंबल और तापी-बेसिन परियोजनाओं से सिंचाई क्षमता विस्तार का नया अध्याय शुरू होने का उल्लेख है। प्रदेश में नक्सलवाद से मुक्ति के संकल्प को धरातल पर उतारने का श्रेय मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व को दिया गया है। संकल्प में उल्लेख किया गया कि कूनो, गांधीसागर और वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीता रहवास बनाया गया है।

57वीं जीएसटी काउंसिल के फैसलों पर स्टडी सर्किल की बैठक

रिफंड से लेकर आईटीसी तक जीएसटी के बदलावों पर मंथन



भोपाल टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन की ओर से जीएसटी काउंसिल की बैठक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन की ओर से जीएसटी काउंसिल की 57वीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर विशेष स्टडी सर्किल का आयोजन किया गया। एसजीएसटी कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सीए नवनीत गर्ग ने जीएसटी से जुड़े महत्वपूर्ण बदलावों, कर सलाहकारों के लिए उनकी उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष मुनेन्द्र वैद्य ने की। सीए नवनीत गर्ग ने बोले जीएसटी काउंसिल की बैठक में कर प्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाने से जुड़े पांच प्रमुख सुधारों पर चर्चा की गई।

करदाताओं को मिल सकती है राहत

सीए गर्ग ने कहा कि रिफंड प्रक्रिया में तेजी आने से पात्र करदाताओं को राहत मिल सकती है और कारोबार में पूंजी की उपलब्धता बेहतर हो सकती है। विशेष रूप से छोटे व्यापारियों और व्यवसायियों के लिए समय पर रिफंड मिलना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे उनकी कार्यशील पूंजी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने अभियोजन की सीमा 5 करोड़ रुपये किए जाने के प्रस्ताव के महत्व को भी समझाया और कहा कि ऐसे प्रावधानों का उद्देश्य कर अनुपालन तथा दंडात्मक कार्रवाई के बीच उचित संतुलन स्थापित करना है।

करदाताओं के हितों का संरक्षण आवश्यक

वैद्य ने कहा कि जीएसटी व्यवस्था में वास्तविक कारोबार करने वाले करदाताओं के हितों का संरक्षण आवश्यक है। इसके साथ ही बायोमेट्रिक पंजीयन व्यवस्था को फर्जी पंजीयन पर अंकुश लगाने और कर प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि जीएसटी काउंसिल के निर्णयों का वास्तविक प्रभाव संबंधित अधिसूचनाओं, नियमों और लागू होने की तिथियों के आधार पर समझना चाहिए।

तीसरी आंख



महिला व बाल विकास भोपाल जैसी घटना इंदौर में होने की सुगबुगाहट

भोपाल में पिछले दिनों महिला व बाल विकास संचालनालय में आयुक्त के खिलाफ हुआ था। इसके कुछ दिनों बाद आयुक्त को हटा दिया गया। अब इसी तरह की घटना इंदौर में होने की आशंका बन गई है। बताते हैं कि सरकार को भारी भरकम राजस्व देने वाले इस संचालनालय में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। यहां के अधिकारी-कर्मचारी इसलिए लामबंद होने लगे हैं कि संचालनालय के चीफ की कार्यप्रणाली संदेहास्पद है। महोदय आफिस भी 12 बजे के बाद कुछ समय के लिए आते हैं। उनका ज्यादा समय लॉन टेनिस खेलने में जाता है। फोन भी मुश्किल से उठाते हैं। उनकी यही दिनचर्या जबलपुर में भी थी। हैरानी तो यह है कि साहब वीसी तक में मातहत से ठीक से व्यवहार नहीं करते। कुछ भी हुआ तो तत्काल शो-काज नोटिस पर उतारू हो जाते हैं। कुछ विशेष दर्जे के कर्मचारियों से तो सीधे मुंह बात करना भी पसंद नहीं करते। बताते हैं कि करोड़ों रुपए के राजस्व वाले इस विभाग में इन दिनों सब कुछ गड़बड़ चल रहा है। पर मंत्रालय स्तर से किसी की नजर नहीं है।

पीडब्ल्यूडी को लिखा धमकी भरा पत्र, सब की पदोन्नति हुई तो मेरी क्यों रुकी...

पीडब्ल्यूडी में आए एक धमकी भरे पत्र को लेकर बवाल मचा हुआ है। बताते हैं कि एक पूर्व मुख्य अभियंता के यहां लोकायुक्त का छापा पड़ा था। इसमें करोड़ों की अवैध संपत्ति का खुलासा हुआ। इसमें लीपापोती चल ही रही थी कि उक्त इंजीनियर ने विभाग को एक पत्र लिखकर हैरत में डाल दिया। उसने पत्र में विभाग प्रमुख को धमकी भरे लहजे में सवाल तक कर दे डाली। उसने पत्र में कहा कि सभी की पदोन्नति हुई तो मेरी क्यों रूकी। जिसने भी रोका होगा, उसकी खैर नहीं है। रोकने वालों में शामिल लोगों को अलग से धमकी दी गई है। अब इस पत्र से सभी सकते में हैं। विभाग में संभवतः पहली बार इस तरह का खुलासा हुआ कि एक इंजीनियर ने अवैध तरीके से करोड़ों रुपए कमाए, पर इस पर विभाग ने कभी सख्ती नहीं की। इसे देखने वाला अब तो कोई नहीं है कि विभाग में क्या हो रहा है।

रायचुरा पर कार्रवाई की स्क्रिप्ट लिख ही दी गई, आखिर बदनामी हो रही थी..

पिछले दिनों उप मुख्यमंत्री के ओएसडी दीपम रायचुरा पर एक करोड़ रुपए का रिश्वत लेने की खबर आई थी। बाद में मंत्री जी ने ओएसडी को हटा दिया। किंतु ओएसडी के खिलाफ जांच करने व कार्रवाई के लिए उन्होंने कुछ नहीं लिखा। अब यह मामला काफी बढ़ गया है। विभाग ने बदनामी से बचने रायचुरा पर सख्ती व कार्रवाई की स्क्रिप्ट तैयार हो ही गई। इसके पीछे की कहानी क्या है, इस बारे में अब लोग पतासाजी कर रहे हैं। दरअसल, रायचुरा ने दो सालों में कई करोड़ रुपए कथित रूप से वसूले। किंतु उपर तक इसकी खबर किसी को नहीं थी। रायचुरा ने कोई हिसाब किताब भी नहीं दिया था। ऐसे में कार्रवाई होनी ही थी। सबसे बड़ी बात विभाग की बदनामी हो रही थी। अब यह पता करने की कोशिश चल रही है कि रायचुरा ने आखिर में कब, किससे और कितने का वारा-न्यारा किया है।

पहले के सर्वे में बड़े दिग्गज दावे किए, दूसरे में सामने ही नहीं आए...

अभी हाल में ही कलियासोत व केरवा इलाके में सर्वे का काम चल रहा था। इसकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही मास्टर प्लान का ड्राफ्ट जारी हो पाया। बताते हैं कि पहली बार के सर्वे में कई बड़े नामचीन लैंड माफिया सामने आए थे और दावे भी कर रहे थे। किंतु बाद में जब सख्ती हुई तो ऐसे लोग भाग खड़े हुए। बताते हैं कि पहली बार के सर्वे में जो लोग खुल कर दावे कर रहे थे, दूसरी बार के सर्वे में नदारत हो गए। अब पतासाजी करने की कोशिश हो रही है कि ऐसा क्यों हुआ। दरसअल, सैकड़ों एकड़ सरकारी जमीन नेताओं ने खुर्दबुर्द कर रखी है। इसका खुलासा नहीं हो जाए, इसलिए दूसरी बार के सर्वे में सामने ही नहीं आए। अब इस जमीन को लेकर अलग ही कहानी चल रही है। देखिए होता क्या है?

हरि अग्रहरि

नगरीय विकास एवं आवास विभाग की कार्रवाई, निलंबन अवधि में मुख्यालय रीवा निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त संकेत भोंडवे ने भ्रष्टाचार के मामले में न्यायालय के समक्ष चालान प्रस्तुत होने के उपरांत प्रशासनिक अनुशासन एवं नीतिगत नियमों के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए सीएमओ, नगर परिषद कोठी संजय सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

यह कार्रवाई विशेष पुलिस स्थापना (लोकायुक्त), संभाग रीवा से प्रस्तुत चालान के आधार पर की गई है। विशेष पुलिस स्थापना संभाग रीवा की ओर से संजय सिंह के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण के अंतर्गत अपराध पंजीकृत किया गया था। इस मामले में लोकायुक्त पुलिस ने 30 सितंबर को विशेष न्यायालय रीवा के समक्ष आरोप-पत्र प्रस्तुत किया। जिस पर न्यायालय की ओर से विशेष प्रकरण क्रमांक 05/2026 दर्ज किया गया है। निलंबन की इस अवधि के दौरान सिंह का मुख्यालय 'कार्यालय संयुक्त संचालक, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, संभाग रीवा' नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई संभाग प्रभारियों की बैठक

भोपाल। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संभाग प्रभारियों की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान बैठक में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर सिंह रावत, सुरेंद्र शर्मा, डॉ. निशांत खरे, प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी, राहुल कोठारी, गौरव रणदिवे, संभाग प्रभारी अभय यादव सहित अन्य उपस्थित रहे। बैठक में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह, प्रदेश महामंत्री लता वानखेड़े, संभाग प्रभारी डॉ. तेज बहादुर सिंह वर्चुअली शामिल हुए।

मुआवजे और पुनर्वास के साथ गिरफ्तार 4 सहयोगियों की रिहाई की मांग

पन्ना में किसानों के चिता आंदोलन का 31वां दिन, भटनागर का 16वें दिन अनशन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पन्ना जिले के वनहरी कला टपरियन में केन-बेतवा लिंक परियोजना, मझगाय और रूंझ बांध व ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन से प्रभावित किसानों का चिता आंदोलन सोमवार को 31वें दिन भी जारी रहा। जय किसान संगठन के नेता अमित भटनागर का आमरण अनशन भी 16वें दिन जारी है।

आंदोलन के जरिए प्रभावित परिवारों की मांगों को उठाया जा रहा है। आंदोलनकारी प्रभावित परिवारों के लिए उचित मुआवजे और सम्मानजनक पुनर्वास की मांग कर रहे हैं।



फाइल फोटो।

आंदोलनकारियों की मांग है कि विकास परियोजनाओं से प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए और उनका सम्मानजनक पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने की हलाली बांध से पानी छोड़ने की मांग

विदिशा जिले के 76 हजार हेक्टेयर धान क्षेत्र पर मंडराया संकट

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर विदिशा जिले में धान की फसल पर मंडरा रहे संकट को लेकर तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक ओर भाजपा सरकार 'कृषि कल्याण वर्ष' मनाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर विदिशा जिले में 76 हजार हेक्टेयर धान की फसल पानी के अभाव में बर्बाद होने की कगार पर है।

पटवारी ने कहा कि विदिशा जिले की विभिन्न तहसीलों में सामान्य से काफी कम वर्षा दर्ज की गई है। विदिशा तहसील में 29 प्रतिशत, गुलाबगंज में 42 प्रतिशत, कुरवाई में 31 प्रतिशत और शमशाबाद में 30 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। ऐसे में किसान हलाली बांध से नहरों के माध्यम से पानी छोड़ने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें कोई ठोस राहत नहीं मिली है। उन्होंने मांग की कि बांध से तत्काल पानी छोड़ा जाए।

कृषि कल्याण वर्ष में बर्बाद होने की कगार पर किसानों की धान की फसल: पटवारी



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित कांग्रेस के मार्च में शामिल हुए। (पटवारी लाल घेरे में)

केंद्रीय मंत्री के क्षेत्र में किसानों को करना पड़ रहा संघर्ष

पटवारी ने ने कहा कि सबसे गंभीर बात यह है कि विदिशा केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान का संसदीय क्षेत्र है। यदि केंद्रीय कृषि मंत्री के अपने संसदीय क्षेत्र में किसानों को सिंचाई के पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, तो प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में किसानों की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हलाली बांध में 231.87 मिलियन घनमीटर जल उपलब्ध है। वर्तमान जलस्तर 459.29 मीटर है, जबकि पूर्ण जलभराव स्तर 459.61 मीटर है। इसके बावजूद किसानों की धान की फसल बचाने के लिए समय पर निर्णय नहीं लिया जाना सरकार और सिंचाई विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

शिवराज के बयान पर नहीं, पीड़ितों को न्याय देने पर ध्यान दे सरकार: जीतू पटवारी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुदनी के कोसमी गांव में वन विभाग की कार्रवाई के दौरान आदिवासी परिवारों के साथ कथित अन्याय के मामले में मुख्यमंत्री से जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी परिवारों के साथ हुई कार्रवाई की जिम्मेदारी से सरकार बच नहीं सकती। जनता को बयान नहीं, जवाब और पीड़ितों को न्याय चाहिए। पटवारी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वयं इस मामले को उठाया है। अब मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि कोसमी गांव में वास्तव में क्या हुआ, वन विभाग की कार्रवाई किन आदेशों के तहत की गई और क्या प्रभावित परिवारों के अधिकारों एवं कानूनी दावों की उचित जांच की गई थी। यदि कार्रवाई में नियमों का उल्लंघन हुआ है, तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने में देरी नहीं होनी चाहिए।

- प्रदेशाध्यक्ष ने कोसमी में आदिवासियों के साथ अन्याय पर मांगा जवाब

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

9 अग्रसेन जयंती पर उत्सव का रंग, बच्चों ने दिखाई ...



11 राम की चरण पादुकाओं से सीता की हथेलियों ...



हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी अरेरा कॉलोनी में व्यावसायिक गतिविधियों पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आवासीय कॉलोनी में कारोबार फैलता जा रहा है, लेकिन कार्रवाई कब होगी, इसका जवाब नगर निगम के पास नहीं है। अरेरा कॉलोनी में आवासीय भूखंडों पर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित होने के मामलों को लेकर रहवासियों ने अब नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। संयुक्त रहवासी संघर्ष समिति ने निगम आयुक्त को पत्र सौंपकर हाईकोर्ट के आदेश का पालन कराने, अवैध व्यावसायिक उपयोग की जांच करने और नियमों का उल्लंघन करने वाली संपत्तियों को सील करने की मांग की है। समिति ने चेतावनी दी है कि कार्रवाई नहीं हुई तो अवमानना याचिका दायर की जाएगी।

आवासीय भूखंडों पर चल रहे कारोबार पर निगम की चुप्पी, रहवासियों ने सीलिंग की मांग उठाई

चार सप्ताह में कार्रवाई के निर्देश

समिति के अनुसार, मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने प्रकरण में 8 सितंबर 2026 को आदेश पारित कर संबंधित पक्षों को सुनवाई का अवसर देने और भू-उपयोग व अनुमतियों की जांच के बाद निर्धारित चार सप्ताह में कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। रहवासियों का आरोप है कि इसके बावजूद अरेरा कॉलोनी में अवैध व्यावसायिक गतिविधियों के मामलों में प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। हालांकि, इन आरोपों पर नगर निगम का पक्ष सामने आना बाकी है।



बैठक में चर्चा करते संयुक्त रहवासी संघर्ष समिति के सदस्य।

80 से ज्यादा हुए मामले

समिति का दावा है कि वर्ष 2022 में आवासीय भूखंडों पर व्यावसायिक गतिविधियों के 20 मामले थे, जो अब 80 से अधिक हो गए हैं। समिति ने आरोप लगाया कि पहले सील की गई कुछ संपत्तियों में भी कारोबार संचालित होने की शिकायतें मिलती रही हैं। यदि ऐसा है, तो सीलिंग के बाद निगरानी और कार्रवाई की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होते हैं।

फ्रीहोल्ड होने से नहीं मिलती कारोबार की छूट

समिति का कहना है कि किसी भूखंड के दस्तावेजों में आवासीय उपयोग दर्ज होने पर वहां व्यावसायिक गतिविधि के लिए नियमानुसार अनुमति जरूरी है। केवल संपत्ति को फ्रीहोल्ड कराने से व्यावसायिक उपयोग की छूट नहीं मिल जाती। समिति ने मास्टर प्लान-2047 का हवाला देकर मौजूदा गतिविधियों को वैध ठहराने के प्रयासों पर भी आपत्ति जताई है। उसका दावा है कि संबंधित क्षेत्र प्रस्तावित योजना में आरजी-3 श्रेणी के तहत आवासीय रखा गया है। समिति ने सभी संबंधित संस्थानों के भू-उपयोग, भवन अनुमति और वैधानिक दस्तावेजों की जांच कर उल्लंघन मिलने पर सीलिंग सहित दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। साथ ही, न्यायालय के निर्देशों के विपरीत अवैध निर्माणों के नियमितीकरण पर रोक लगाने की मांग की है। अब निगाहें नगर निगम की कार्रवाई पर हैं।

मेट्रो निर्माण के लिए कहीं मकान तो कहीं दुकानों के हिस्से हटेंगे, कारोबारियों की बढ़ी चिंता

ब्लू लाइन मेट्रो: 380 मकान-दुकान होंगे बुलडोज, मुआवजे पर अटकी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिंसी से चिकलोद रोड तक ब्लू लाइन के लिए निर्माण हटाने की तैयारी अब तक सिर्फ 159 मकान और दुकान मालिकों को मिला मुआवजा

मेट्रो की ब्लू लाइन बिछाने की तैयारी के बीच जिंसी से चिकलोद रोड तक रहने वाले लोगों और कारोबारियों पर मकान-दुकान टूटने का खतरा मंडरा रहा है। भदभदा चौराहे से रत्नागिरी तक प्रस्तावित दूसरे चरण के कॉरिडोर के लिए सर्वे में 380 से अधिक आवासीय और व्यावसायिक निर्माणों को चिह्नित किया गया है। कहीं मकान-दुकान का हिस्सा हटेगा तो कहीं सड़क किनारे बने शेड और बढ़े हुए हिस्सों को पीछे करना पड़ेगा। निर्माण की राह साफ करने के लिए अतिक्रमण हटाने की तैयारी है, लेकिन प्रभावित लोगों के मुआवजे का मामला अब भी पूरी तरह नहीं सुलझा है।

बाकी पर फैसला- कहीं मकान-दुकान का हिस्सा हटेगा तो कहीं सड़क किनारे बने शेड होंगे पीछे



जिंसी में मेट्रो कॉरिडोर की जद में आ रही दुकानें।

159 प्रभावितों को मुआवजा, बाकी का मामला अटका

मेट्रो परियोजना के लिए जिन वैध या लीज वाली संपत्तियों का हिस्सा मुख्य पिलर और निर्धारित अलाइनमेंट की जद में आ रहा है, उनके मुआवजे की व्यवस्था की जा रही है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, अब तक 159 मकान मालिकों और दुकानदारों को मुआवजा दिया गया है। शेष प्रभावितों के भुगतान पर बात अटकी हुई है।

करोड़ों से अधिक की राशि जमा, फिर भी पूरी राहत नहीं

मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने वैध संपत्तियों के मुआवजे के लिए जिला प्रशासन के पास करोड़ों रुपये से अधिक की राशि जमा कराई है। नियमानुसार मुआवजा और विस्थापन राहत देने के बाद ही संबंधित निर्माण हटाने की कार्रवाई की जानी है। इसके बावजूद शेष प्रभावितों को भुगतान मिलने की स्थिति स्पष्ट होना जरूरी है।

दो किलोमीटर के हिस्से में ज्यादा असर: चिकलोद रोड के करीब दो किलोमीटर हिस्से में 380 से अधिक निर्माणों को हटाने या आंशिक रूप से तोड़ने के लिए चिह्नित किया गया था। सोशल इम्पैक्ट असेसमेंट रिपोर्ट के अनुसार, कई पक्के मकानों और दुकानों के आगे निकले करीब 10-10 फीट के शेड और बढ़े हुए हिस्सों को पीछे करना पड़ सकता है। इससे सड़क किनारे कारोबार करने वाले दुकानदारों की जगह प्रभावित होगी। हालांकि, सभी निर्माण पूरी तरह तोड़े जाएंगे, ऐसा नहीं है। कार्रवाई का दायरा संबंधित निर्माण और मेट्रो के अलाइनमेंट पर निर्भर करेगा।

अतिक्रमण हटाने की तैयारी, लोगों की चिंता बरकरार

जिंसी से जहांगीराबाद के चिकलोद रोड तक घनी आबादी और सड़क किनारे दुकानों के कारण कार्रवाई आसान नहीं होगी। अवैध दुकानों और अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू किए जाने की तैयारी है। ऐसे में मेट्रो निर्माण के साथ प्रभावितों के पुनर्वास और मुआवजे की प्रक्रिया समय पर पूरी करना प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती है। विकास के लिए निर्माण हटाने की तैयारी तो है, लेकिन प्रभावितों को समय पर राहत मिलेगी या नहीं, इस पर अभी तस्वीर पूरी तरह साफ नहीं है।

यात्री होते रहे परेशान, प्रबंधन बता रहा ऑपरेशनल कारण

रसूखदार नेता के इंतजार में 59 मिनट देर से रवाना हुई दिल्ली की फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजा भोज एयरपोर्ट पर एअर इंडिया की फ्लाइट एआई 1886 देरी सोमवार को एक रसूखदार नेता की वजह से करीब एक घंटा देरी से रवाना हुई। वहीं एयरपोर्ट प्रबंधन इसके पीछे ऑपरेशनल कारण बताता रहा। फ्लाइट लेट होने से अन्य यात्री परेशन होते रहे।

दरअसल, इस उड़ान को अपने निर्धारित समय सुबह 8:25 बजे भोपाल से दिल्ली के लिए रवाना होना था, लेकिन विमान निगरानी वेबसाइट फ्लाइट रडार 24 के दर्ज आंकड़ों के मुताबिक, 12 अक्टूबर को यह फ्लाइट सुबह करीब 9:24 बजे रवाना हुई। इस हिसाब से विमान के प्रस्थान में करीब 59 मिनट की देरी हुई। एयरपोर्ट डायरेक्टरआलोक त्रिपाठी ने देरी के पीछे ऑपरेशनल कारण बताए हैं। वहीं, सूत्रों का कहना है कि रसूखदार नेता किसी कारण से लालघाटी से वापस लौट गए थे। उनके एयरपोर्ट पहुंचने के बाद ही फ्लाइट दिल्ली के लिए रवाना हो सकी।

लालघाटी से वापस लौटे : सूत्रों ने अपना नाम न प्रकाशित किए जाने पर बताया कि उक्त रसूखदार नेता आवश्यक कार्य होने की वजह से लालघाटी से वापस लौट गए थे, इसके चलते उनके एयरपोर्ट पहुंचने में देरी हुई। सूत्रों का कहना है कि उनके एयरपोर्ट पहुंचने के बाद ही एअर इंडिया की फ्लाइट को दिल्ली के लिए रवाना किया जा सका।

सुबह 8:25 बजे तय था उड़ान का समय

एअर इंडिया की फ्लाइट एआई 1886 भोपाल से दिल्ली के बीच नियमित उड़ान भरती है। उपलब्ध समय-सारणी के अनुसार, इसका भोपाल से निर्धारित प्रस्थान समय सुबह 8:25 बजे और दिल्ली पहुंचने का समय करीब 9:55 बजे है। 12 अक्टूबर के उड़ान रिकॉर्ड में विमान के सुबह 9:24 बजे रवाना होने और करीब 10:26 बजे दिल्ली पहुंचने का समय दर्ज है। इस तरह निर्धारित समय की तुलना में विमान लगभग एक घंटे की देरी से रवाना हुआ।

भेल दशहरा गरबा महोत्सव के चलते आज से पांच दिन बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भेल दशहरा मैदान में आयोजित गरबा महोत्सव को लेकर भेल दशहरा मैदान के आसपास अगले पांच दिन 13 से 17 अक्टूबर तक ट्रैफिक व्यवस्था बदली रहेगी। कार्यक्रम के दौरान आमजनों की सुविधा को देखते हुए शाम 6 बजे से वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से निकाला जाएगा। ट्रैफिक पुलिस ने जनता से अनुरोध किया है कि अगेल पांच दिनों तक रोजाना शाम 6 बजे से भेल दशहरा मैदान की तरफ जाने के बजाए वैकल्पि मार्ग का उपयोग करें और किसी प्रकार की असुविधा होने पर यातायात थाने के हेल्पलाईन नंबर-0755-2677340, 2443850 पर संपर्क कर सकते हैं।

इन मार्गों से आवागमन

महात्मा गांधी चौराहा से कैरियर कॉलेज का ट्रैफिक गेट नंबर-6 से गुलाब उद्यान, कस्तूरबा अस्पताल से आईएसबीटी और चेतक ब्रिज जाएगा। वहीं चेतक ब्रिज से गोविंदपुरा से गांधी चौराहा का ट्रैफिक सांची डेयरी से कस्तूरबा अस्पताल, गुलाब उद्यान से बरखेड़ा जाएगा। आईटीआई से कैरियर कालेज के वाहन सिक्योरिटी लाइन से सावंतिका पेट्रोल पंप चेतक ब्रिज जाएंगे।

गांधी नगर : फैक्ट्री से मिली थी 74 हजार बोतलें

एसटीएफ ने नशीले कफ सिरप के सप्लायर को देहरादून से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एसटीएफ पुलिस ने नशीले कफ सिरप की अवैध सप्लाई के मामले में फरार आरोपी अभिषेक निगम को देहरादून से गिरफ्तार किया है। आरोपी 30 मई को भोपाल के गांधीनगर थाना क्षेत्र के पटेल सिटी में पकड़ी गई नशीले कफ सिरप की फैक्ट्री के मामले में फरार था। फिलहाल पुलिस रिमांड पर उससे पूछताछ की जा रही है। एसटीएफ के मुताबिक 30 मई को पटेल सिटी गांधीनगर स्थित फैक्ट्री पर कार्रवाई के दौरान कोडीनयुक्त कफ सिरप की 74 हजार 104 बोतलें बरामद की गई थी। इनमें ऑनरेक्स और ऑफकफ ब्रांड के सिरप शामिल थे। जांच में सामने आया कि अभिषेक निगम कथित तौर पर राहुल कुशवाह और सागर निवासी सीटी जैन के साथ मिलकर इन सिरप की नशे के लिए अवैध सप्लाई करता था।

अभिषेक पर घोषित था 20 हजार का इनाम

अभिषेक निगम रीवा के कटरा तलैया का रहने वाला है। एसटीएफ की कार्रवाई के बाद वह रीवा से फरार हो गया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए 20 हजार का इनाम घोषित किया था। इस मामले में अब तक 25 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है।

पुलिस आयुक्त का आदेश सोशल मीडिया में हुआ वायरल

एक थाने की कार्रवाई से दूसरा थाना बेखबर

वाह री पुलिस: गिरफ्तारी के 12 दिन बाद निगरानी बदमाश पर 30 हजार का इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में पुलिस आयुक्त प्रणाली शुरू होने के बाद चार जोन में बांटे गए शहर को लेकर संवादहीनता का मामला सामने आया है। दरअसल, बारह दिन पहले निगरानी बदमाश को जोन-तीन के थाने में गिरफ्तार किया था। उसके बावजूद उसी बदमाश की गिरफ्तारी को लेकर जोन-1 की तरफ से पुलिस आयुक्त कार्यालय के पास प्रस्ताव भेज दिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी पर 30 हजार रुपए की घोषणा की गई थी।

जानकारी के अनुसार आरोपी आकाश नीलकंड उर्फ भूरा हड्डी पिता कमल नीलकंड उम्र 26 साल



है। वह शाहजहांनाबाद स्थित बाजपेयी नगर मल्टी में रहता है। उसके खिलाफ दर्जनों मामले हैं और वह शाहजहांनाबाद थाने का निगरानी बदमाश भी है। उसके खिलाफ हत्या का प्रयास का प्रकरण दर्ज करके शाहजहांनाबाद थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वह उस मामले में जेल भी जा चुका था। इसके बावजूद जहांगीराबाद थाने ने अपने यहां दर्ज मारपीट के एक मामले में उसकी फरारी का प्रतिवेदन बनाकर पुलिस आयुक्त संजय कुमार के कार्यालय भेज दिया। वहां कार्यालय से उसकी गिरफ्तारी पर सोमवार को 30 हजार रुपए का इनाम भी घोषित कर दिया गया। इस मामले में जहांगीराबाद थाना प्रभारी हरिकिशन लोहिया से प्रतिक्रिया ली गई तो उन्होंने बताया कि पूर्व में दर्ज प्रकरण में प्रतिवेदन बनाया गया था। अभी आरोपी उसी प्रकरण में पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है।

दो वारंटियों को दबोचा

कमला नगर पुलिस ने दो वारंटियों को दबोचा है। उनके खिलाफ मारपीट हमले समेत कई प्रकरण पहले से दर्ज है। वह उन्हीं मामलों में जिला अदालत की पेशियों में उपस्थित नहीं हो रहे थे। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी 22 वर्षीय शुभम सरदार और 30 वर्षीय धीरज विश्वकर्मा है। शुभम सरदार के खिलाफ चार स्थायी वारंट जारी थे। वह अंबेडकर नगर बस्ती में रहता है। जबकि धीरज विश्वकर्मा बापू नगर में रहता है।

तीन सदस्य टीम ने किया था परीक्षण

हमीदिया अस्पताल को फिर मिला एनएबीएच सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हमीदिया अस्पताल को एनएबीएच के छह एडिशन मानकों के अनुरूप पुनः पूर्ण मान्यता प्राप्त हुई है। हमीदिया अस्पताल का 10 से 12 जुलाई तक एनएबीएच की तीन सदस्यीय संयुक्त टीम द्वारा सर्विलांस एसेसमेंट किया गया।

इस दौरान एनएबीएच के नवीनतम छह एडिशन मानकों के अनुरूप चिकित्सालय की विभिन्न चिकित्सा सेवाओं, व्यवस्थाओं एवं गुणवत्ता संबंधी प्रक्रियाओं का विस्तृत एवं गहन मूल्यांकन हुआ। इसके उपरांत एनएबीएच समिति द्वारा 12 अक्टूबर को हमीदिया अस्पताल को 1820 बिस्तरीय शासकीय चिकित्सालय के रूप में माह अगस्त 2028 तक पुनः मान्यता प्रदान की गई है। हमीदिया अस्पताल को 1820 बिस्तरीय चिकित्सालय है। जो कि सम्पूर्ण भारत में प्रथम शासकीय सर्वाधिक बिस्तरीय चिकित्सालय के रूप में एनएबीएच छह एडिशन मान्यता प्राप्त हुई है। चिकित्सालय की गुणवत्ता आधारित स्वास्थ्य सेवाओं, रोगी सुरक्षा, संक्रमण नियंत्रण तथा निर्धारित गुणवत्ता मानकों के प्रभावी अनुपालन को दशार्ती है। उल्लेखनीय है कि हमीदिया अस्पताल को पूर्व में भी एनएबीएच के फिफ्थ एडिशन के अंतर्गत पूर्ण मान्यता माह अगस्त वर्ष 2024 में प्राप्त हुई थी।

जटिल सर्जरी से ट्रांसजेंडर महिला को मिली नई पहचान

मप्र के सरकारी अस्पताल में पहली बार जेंडर-अफर्मिंग सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स भोपाल के बर्न्स एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति के अनुरोध और सहमति से पहली जेंडर-अफर्मिंग बॉटम सर्जरी सफलतापूर्वक की है। इसमें लैंगिक पहचान के अनुरूप शरीर बनाने के लिए जननांग क्षेत्र की सर्जरी की गई। मध्यप्रदेश के सरकारी अस्पतालों में इस तरह की सर्जरी पहली बार किए जाने का दावा एम्स भोपाल ने किया है। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति संतोषजनक रही और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। यह सर्जरी सिर्फ एक चिकित्सकीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि अपनी लैंगिक पहचान के अनुरूप शारीरिक बदलाव चाहने वाले लोगों के लिए सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में उपलब्ध उपचार की दिशा में अहम कदम है।



ट्रांसजेंडर मरीजों के लिए एम्स में विशेष क्लिनिक

एम्स भोपाल में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए समर्पित क्लिनिक भी संचालित है। यहां जांच, उपचार और जरूरत के मुताबिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। यह सर्जरी उसकी उन्नत पुनर्निर्माण चिकित्सा क्षमता और समावेशी स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

तीन विभागों के डॉक्टरों ने संभाली जिम्मेदारी

करीब आठ घंटे चली इस जटिल सर्जरी का नेतृत्व एम्स भोपाल के बर्न्स एवं प्लास्टिक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. मनाल खान और सहायक प्राध्यापक डॉ. अभिनव सिंह ने किया। उनके साथ विभाग के रेजिडेंट डॉक्टर भी शामिल रहे। सर्जरी में जननांग क्षेत्र में लैंगिक पहचान के अनुरूप शल्य चिकित्सा के जरिए बदलाव किया गया। इस संवेदनशील प्रक्रिया में एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. अनुज जैन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के डॉ. अरुण कुमार डोरा और यूरोलॉजी विभाग के डॉ. देवाशीष कौशल ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अलग-अलग विशेषज्ञताओं के डॉक्टरों ने समन्वय के साथ सर्जरी की योजना बनाई और उसे पूरा किया।

दिन में धूप और हल्की गर्मी, देर शाम से सुबह तक रहती है राहत

दिन-रात के पारे में दो गुना का अंतर, अभी ज्यादा बदलाव नहीं, अक्टूबर अंत में बढ़ेगी हल्की सर्दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में पिछले करीब एक सप्ताह से दिन में गर्मी और शाम से सुबह तक राहत बनी हुई है। सोमवार को भी दिन और रात में केवल दशमलव 4 डिग्री की घटबढ़ के साथ पारा थमा रहा। दिन में 35 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक है, जबकि रात में 18.2 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से 2.2 डिग्री कम है। मौसम केंद्र के अनुसार दिन और रात के तापमान में अभी ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है।

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी शहर में ज्यादा बदलाव नहीं होगा, लेकिन अक्टूबर के अंत से रात के तापमान में स्थाई कमी आना शुरू होगी। रात का पारा औसतन दो डिग्री तक और कम होने से गुलाबी सर्दी का अहसास शुरू होगा। दिन के तापमान में दो से तीन डिग्री तक घट-बढ़ जारी रहेगी।

अभी प्रदेश पर सिस्टम नहीं

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी एक ट्रफ उत्तर पश्चिमी बंगाल की खाड़ी से उत्तरी ओडिशा, झारखंड और दक्षिण पश्चिमी बिहार होते हुए उत्तर प्रदेश तक सक्रिय है। साथ ही एक सकुर्लेशन मध्य पाकिस्तान और आसपास से आगे बढ़कर अब राजस्थान और आसपास सक्रिय हुआ है। एक अपर एयर सकुर्लेशन पूर्वी उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों पर बना हुआ है। फिलहाल प्रदेश के ऊपर कोई प्रभावी सिस्टम नहीं होने से मौसम साफ रहेगा। इससे दिन में धूप से हल्की गर्मी-उमस और रात में राहत बनी रहेगी।

जैकेट का शेष....

राहुल बोले-यह तो ...

तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव, शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत, माकपा के एमए बेबी, भाकपा के डी. राजा, झारखंड मुक्ति मोर्चा की महुआ माजी, राकांपा (शरदचंद्र पवार) की सुप्रिया सुले और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के ईटी मोहम्मद बशीर शामिल हैं। याचिका में भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू व विवेक जोशी को प्रतिवादी बनाया गया है। इससे पहले राहुल गांधी के नेतृत्व में कनॉट प्लेस से सुप्रीम कोर्ट तक चलो दिल्ली मार्च निकाला। इसमें बाराखंभा से सुप्रीम कोर्ट तक हुजूम उमड़ पड़ा। राहुल ने इस मार्च को लोकतंत्र और न्याय की लड़ाई बताते हुए सोशल मीडिया पर 'लोकतंत्र के लिए मार्च, न्याय के लिए मार्च' का संदेश दिया था। राहुल ने दोपहर में प्रेस कॉन्फरेंस कर कहा था कि यह मार्च शिव की बारात है। कोई भी इसमें शामिल हो सकता है। पार्टी और नेतृत्व से नाराज भाजपा के लोग भी शामिल हो सकते हैं। इस पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राहुल देश में अराजकता का माहौल बना रहे हैं। ये शिव की बारात नहीं, हुड़दंगियों की बारात है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी भारतीय संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों को नहीं समझते। जो लोग भगवान राम का विरोध करते आए हैं, उन्हें भगवान शिव का नाम लेने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार चुनाव हारने के बाद अपनी हार का ठीकरा संवैधानिक संस्थाओं पर फोड़ती है। चुनाव आयोग नहीं, बल्कि कांग्रेस का विचारहीन नेतृत्व उसकी हार के लिए जिम्मेदार है। अनुराग ठाकुर ने भी साधा निशाना, बोले- न्यायपालिका को डराने की कोशिश कर रही कांग्रेस।

केरल कांग्रेस ने सीजेआई से मांगा इस्तीफा: कांग्रेस की केरल इकाई ने सीजेआई सूर्यकांत के इस्तीफे की मांग की है। पार्टी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि यदि वे कानून-व्यवस्था का मामला नहीं संभाल सकते, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। विवाद बढ़ा तो पोस्ट को डीलिट कर दिया गया।

अखिलेश-तेजस्वी ..

तेजस्वी यादव भी सवार नजर आए। सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस के 10 से 15 सदस्यों वाले प्रतिनिधिमंडल को परिसर के भीतर फाइलिंग काउंटर तक जाने की अनुमति दी। प्रतिनिधिमंडल को याचिका दाखिल करने के लिए हाई-सिक्योरिटी जोन के बाहर रहने को कहा गया।

दिल्ली पहुंचे सिंघार ...

सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, विधायक आरिफ मसूद और तरुण भनोट सहित कई नेता मौजूद रहे। कांग्रेस के मुताबिक, दिल्ली जाने की कोशिश कर रहे मुरैना ग्रामीण जिला अध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर, शहर जिला अध्यक्ष गजेंद्र जाटव और भिंड शहर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र भदौरिया को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। करीब 12 घंटे बाद उन्हें छोड़े जाने की जानकारी दी गई। श्योपुर विधायक बाबू जंडेल के घर भी पुलिस पहुंची।

पटवारी संघ ने दिया ...

कोशिश की, लेकिन संघ अपने रुख पर अडिग है। पटवारियों के इस रुख से ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर काबिज लोगों को मालिकाना हक दिलाने वाली स्वामित्व योजना पूरी तरह ठप हो गई है।

आश्वासन पूरा न ...

और सेवा समाप्ति के आदेश वापस लेने संबंधी कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। इससे मैदानी अमले में भारी असंतोष फैल गया और सोमवार सुबह से पटवारियों ने योजना के किसी भी ऑनलाइन या ऑफलाइन पोर्टल पर लॉगिन नहीं किया।

दो लाख की रिश्वत ...

स्थित आवासों पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान दोनों ठिकानों से कुल 72 लाख 50 हजार रुपए नकद और अचल संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज बरामद किए गए। जांच एजेंसी नकदी के स्रोत और संपत्तियों में किए गए निवेश की पड़ताल कर रही है। पूछताछ में अधिकारी के कथित विभागीय नेटवर्क और अवैध कमाई के स्रोतों की जानकारी जुटाई जा रही है। सीबीआई बरामद नकदी का उनकी वैध आय से मिलान करेगी। जांच में आय से अधिक संपत्ति के प्रमाण मिलने पर अलग मामला दर्ज किया जा सकता है। एजेंसी यह भी पता लगा रही है कि रिश्वत और कथित वसूली में अन्य अधिकारियों की कोई भूमिका थी या नहीं।

ओएसडी पद से हटाए ...

मुख्यालय आबकारी आयुक्त कार्यालय, ग्वालियर निर्धारित किया गया है। आरोप पत्र के अनुसार, रायचूरा ने भोपाल जिला आबकारी अधिकारी रहते हुए कथित तौर पर फर्जी एफडीआर और अमान्य श्रेणी के बैंक की प्रतिभूतियां स्वीकार कीं। प्रतिभूतियां देर से जमा होने पर कार्रवाई नहीं करने और नकद में जमा 50 प्रतिशत प्रतिभूति का अन्य प्रतिभूति के बिना समायोजन करने का भी आरोप है। इससे सरकार को करोड़ों रुपए का नुकसान होने की बात कही गई है। इसके अलावा पंजीकृत भागीदारी के बिना अंतरण आवेदन पर कार्रवाई करने, गैर-भागीदार व्यक्ति की प्रतिभूति और उसके बैंक खाते के पोस्ट डेटेड चेक स्वीकार करने तथा शराब कारोबारी के बजाय अनधिकृत व्यक्तियों से पत्राचार करने जैसी अनियमितताओं का भी आरोप लगाया गया है। इन्हीं आरोपों के आधार पर सरकार ने निलंबन की कार्रवाई की है।

पूर्व सांसद ढाल सिंह ...

से 2005 तक प्रदेश सरकार में मंत्री भी रहे। इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें बालाघाट सीट से प्रत्याशी बनाया, जहां से वे सांसद चुने गए। उनका कार्यकाल 2024 तक रहा। बिसेन की नियुक्ति के साथ ही उन्हें अब राज्यपाल के रूप में नई जिम्मेदारी मिली है। राज्यपालों की नियुक्ति और फेरबदल के तहत छह राज्यों में नए राज्यपाल नियुक्त किए गए हैं। इनमें ओम प्रकाश माथुर को केरल, राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को तमिलनाडु, डॉ. सुधा यादव को कर्नाटक, बृज मोहन राम को ओडिशा और दुष्यंत गौतम को सिक्किम का राज्यपाल बनाया गया है

कूनो में आशा ...

में जन्मे हैं। कूनो में 15 चीते खुले जंगल में विचरण कर रहे हैं। वहीं, गांधी सागर अभयारण्य में चार और वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में दो चीते हैं। चीता परियोजना के फील्ड डायरेक्टर के अनुसार, शावक की मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

आर्थिक संकट से निपटने ...

घोषणा के बाद वुडफोर्ड ने न्यूयॉर्क से फोन पर समिति से बात की। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए बहुत बड़ा सम्मान है और उन्हें इसकी उम्मीद नहीं थी। आर्थिक विज्ञान पुरस्कार समिति के अध्यक्ष जॉन हासलर ने कहा कि दोनों अर्थशास्त्रियों के काम ने ऐसे मॉडलों के लिए मजबूत सैद्धांतिक आधार तैयार किया है, जिनका इस्तेमाल अब दुनिया भर की सरकारें और केंद्रीय बैंक करते हैं। इन मॉडलों से अर्थव्यवस्था में अचानक आने वाले बदलावों को समझने और उनसे निपटने की क्षमता बेहतर हुई है। इनमें ऊर्जा संकट या घरेलू खर्च में अचानक होने वाले बदलाव जैसी स्थितियां शामिल हैं। रॉबर्ट हॉल कैलिफोर्निया की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से जुड़े हैं, जबकि माइकल वुडफोर्ड न्यूयॉर्क की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में कार्यरत हैं।

आर्थिक फैसले लेने में मददगार शोध : इन मॉडलों के जरिए ऊर्जा की कीमतों में अचानक बढ़ोतरी या घरेलू खर्च में बदलाव जैसे आर्थिक झटकों के प्रभाव को समझा जा सकता है। इससे नीति-निर्माताओं को आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए बेहतर फैसले लेने में मदद मिलती है। आर्थिक विज्ञान पुरस्कार समिति के अध्यक्ष जॉन हासलर के अनुसार, दोनों अर्थशास्त्रियों के काम ने उन मॉडलों को मजबूत सैद्धांतिक आधार दिया है, जिनका इस्तेमाल दुनिया भर की सरकारें और केंद्रीय बैंक करते हैं।

पेज एक का शेष....

80 करोड़ ...

जीवन में इस तरह का संयोग देखने को नहीं मिला। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीएम हाउस में आयोजित प्रेस बीफिंग में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधान सेवक तक की उनकी यात्रा पर राज्य कैबिनेट ने मप्र की साढ़े आठ करोड़ से अधिक जनता की ओर से कृतज्ञता, धन्यवाद और अभिनंदन व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के 80 करोड़ लोगों को निः शुल्क खाद्यान्न देने का काम मोदी सरकार में हुआ। ऐसा सिर्फ राजा श्री राम के समय ही हुआ था। मोदी के शासन में आम जनता के लिए 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत निः शुल्क दिया जा रहा है। इसी तरह जन-धन, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, स्वामित्व, पीएम स्वनिधि और उज्ज्वला योजना को अंत्योदय को सार्थक करने वाली योजनाएं हैं।

सुशासन और ...

औरपीएम गति शक्ति भी इसमें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल और तकनीकी विस्तार में देश में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। यूपीआई की पहचान देश और दुनिया में बढ़ी है। विश्व के लगभग 40 प्रतिशत डिजिटल लेन-देन भारत में हो रहे हैं। सेमी कंडक्टर मिशन, राष्ट्रीय क्वांटम मिशन और इंडिया एआई मिशन में नई तकनीक और अनुसंधान मील का पत्थर साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि 2 लाख से अधिक स्टार्ट-अप युवाओं के उद्यमशीलता के सपनों को साकार कर रहे हैं।

देश में पहली ...

उन्होंने कहा कि देश में 1968 में पहली बार शिक्षा नीति में संशोधन किया गया। इसके बाद 1986 में हुआ, किंतु असल में संशोधन अब जाकर 2020 में हुआ है। उन्होंने कहा कि काश्मीर में धारा 370 के बारे में कोई सोच नहीं सकता था। तीन तलाक को लेकर देश में न जाने क्या क्या हुआ। किंतु मोदी सरकार ने वह भी कर दिखाया। उन्होंने कहा कि यूसीसी को लेकर मप्र में ही 73 फीसदी मुस्लिम महिलाएं व 40 फीसदी मुस्लिम पुरूषों ने समर्थन किया। उन्होंने मोदी के 25 वर्ष की उपलब्धियों का पूरा लेखा- जोखा पत्रकारों के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि विश्व का कोई भी ऐसा देश नहीं है तो आज भारत से अलग होकर सोचे।

तीन नामजद आरोपियों पर केस दर्ज

वन भूमि पर कब्जा रोकने गई टीम पर हमला

डिप्टी रेंजर का सिर फूटा, हमले में वनपाल भी घायल, लाठी-डंडों और पत्थरों से वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

वन भूमि पर अतिक्रमण रोकने पहुंची वन विभाग की टीम पर रविवार रात करीब 11:30 बजे निवाही गांव में 8 से 10 लोगों ने हमला कर दिया। लाठी-डंडों और पत्थरों से किए गए हमले में डिप्टी रेंजर शैलेंद्र कुमार तिवारी और वनपाल नारायण सिंह पलिया घायल हो गए। डिप्टी रेंजर के सिर में गंभीर चोट आई है। दोनों को शाहगढ़ स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया।

डिप्टी रेंजर तिवारी के मुताबिक, वन भूमि पर ट्रैक्टर से जुताई किए जाने की सूचना पर टीम अतिक्रमण रोकने और ट्रैक्टर जब्त करने पहुंची थी। इसी दौरान हमला कर दिया गया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें ट्रैक्टर चालक तेजी से वाहन आगे बढ़ाता



दिख रहा है। वीडियो में ट्रैक्टर का पिछला पहिया एक व्यक्ति के ऊपर से गुजरता नजर आता है। इस दौरान मौके पर चीख-पुकार मच जाती है। वन विभाग की शिकायत पर शाहगढ़ पुलिस ने निवाही निवासी हरिराम यादव, अमित यादव और हरेन्द्र यादव के खिलाफ मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। ट्रैक्टर और चालक को पकड़ने के लिए भी टीमें जुटी हैं।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं सिद्दीक अहमद सिद्दीकी (Siddiq Ahmad Siddiqui) आयु वयस्क निवासी –म.नं.–01, बी.बी. स्ट्रीट जहांगीराबाद, भोपाल म.प्र.।

मेरी पुत्री साफिया सिद्दीकी (Safiya Siddiqui) का नाम विद्यालय से संबंधित समस्त दस्तावेजों में त्रुटिवश पिता के नाम में सिद्दीक अहमद सिद्दीकी (Siddiq Ahmad Siddiqui) जिसमें Ahmad के स्थान पर Ahmed अंकित हो गया है। जबकि मेरे नाम की सही नाम सिद्दीक अहमद सिद्दीकी (Siddiq Ahmad Siddiqui) उल्लेखित है, जो कि सही व सत्य है।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह कि मैं श्रीमती ममता पलैया पत्नि स्व. श्री डालचंद पलैया, आयु वयस्क, वर्तमान पता- 24, चर्च रोड, अहीरपुरा, जहांगीराबाद, भोपाल (म.प्र.) हूँ तथा मेरी पुत्री हिमायनी पलैया पुत्री स्व. डालचंद पलैया के शैक्षणिक दस्तावेजों में त्रुटिवश पिता का संक्षिप्त नाम डी. सी. पलैया (D.C. PALAIYA) अंकित हो गया है जबकि उनका पूर्ण नाम डालचंद पलैया है, जो कि उनका वास्तविकता पूर्ण एवं प्रचलित नाम है, जो कि मेरी पुत्री के जन्मप्रमाण पत्र में अंकित है, जिस कारण से मेरी पुत्री के शैक्षणिक दस्तावेजों में (LATE. DAL CHAND PALAIYA) अंकित किया जावे।

जाहिर सूचना

(एक किता आवासीय फ्लैट क्रं - ए-05, जो भूखण्ड क्रं. 27, पर निर्मित बहुमंजिला भवन आदित्य रॉयल टावर के प्रथम तल (फर्स्ट फ्लोर) पर निर्मित है जिसका क्षेत्रफल 685 वर्गफिट अर्थात 63.66 वर्गमीटर है जोकि नटराज गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित सेक्टर बी, ग्राम रतनपुर, तहसील हुजुर, जिला भोपाल म.प्र. में नगर निगम सीमा के अन्दर वार्ड क्रं. 84 में मुख्य मार्ग से अन्दर में स्थित है।)

मैं मेरे पक्षकार की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री सोहेल खान आयु वयस्क पुत्र श्री हमीद खान निवासी 1947, हिना टेंट हाउस के पास, खानूगांव, भोपाल म.प्र. से उनके स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति एक किता आवासीय फ्लैट क्रं– ए–05, जो भूखण्ड क्रं. 27, पर निर्मित बहुमंजिला भवन आदित्य रॉयल टावर के प्रथम तल पर निर्मित है क्षेत्रफल 685 वर्गफिट अर्थात 63.66 वर्गमीटर है जोकि खसरा क्र. 231, 232, 239, 241, 242, 283, 242/1/4, 242/1/6, 242/1/10, 242/1/12 का अंश भाग होकर नटराज गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित सेक्टर बी, ग्राम रतनपुर, तहसील हुजुर जिला भोपाल म.प्र. में नगर निगम सीमा के अन्दर वार्ड क्रं. 84 में मुख्य मार्ग से अन्दर में स्थित है। को क्रय करने का अनुबंध कर बयाना राशि अदा कर दी है। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, सोसायटी आदि का उक्त संपत्ति के सम्बंध में कोई पूर्व संव्यवहार हो, या किसी का कोई हित संपत्ति में समाहित हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क कर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एवं मेरा पक्षकार उक्त संव्यवहार पूर्ण कर संपत्ति के विक्रयपत्र का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा तथा सम्बंधित व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार एवं जवाबदार रहेगा। सूचित हों।

दिलीप कुमार खरया (अधिवक्ता)
कार्या.: 9, 10, ज्योति सिनेमा काम्प्लेक्स, गागर मिक्षान के ऊपर, प्रथम तल, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. मो. : 9893991953

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल
// आम सूचना //

हाउसिंग बोर्ड, माचना कालोनी, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित फ्लेट क्रमांक बी- 88, भू तल मण्डल द्वारा श्री सुशील कुमार डबराल आत्मज स्व. श्री बंशीधर डबराल के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख का पंजीयन दिनांक 27/04/1992 को किया गया है। श्री सुशील कुमार डबराल का स्वर्गवास दिनांक 02/02/2026 को हो गया है। आवेदक आवंटी की पत्नी व पुत्र (1) श्रीमती शालिनी डबराल पत्नी स्व. श्री सुशील कुमार डबराल (2) श्री प्रियंक डबराल आत्मज स्व. श्री सुशील कुमार डबराल द्वारा आवेदन, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र एवं मण्डल का निर्धारित आवेदन पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था को इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म.
प्रक्षेत्र-1, भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल
// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, विश्वकर्मा नगर, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक एम.आई.जी. I-171, फेस-2 मण्डल द्वारा श्रीमती भारती विश्वकर्मा पत्नी श्री सुनील शर्मा के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख मण्डल द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 23/06/2016 को पंजीकृत है। श्रीमती भारती विश्वकर्मा पत्नी श्री सुनील शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती संध्या विश्वकर्मा पत्नी श्री भूपेन्द्र विश्वकर्मा को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 31/03/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती संध्या विश्वकर्मा पत्नी श्री भूपेन्द्र विश्वकर्मा के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म.
प्रक्षेत्र-1, भोपाल

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना
आम/कोर्ट नोटिस

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

हरिभूमि उसकाचार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र **3,55,000** हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

प्लॉट मात्र **16** लाख में
फाईनेंस सुविधा उपलब्ध है
T&C
साईड 220 फीट न्यू जेल रोड, संमीप
मो. 8962979924
9755905247

शब्द पहेली - 6376

1	2	■	3	4	■	5	6	■	7	8
9		10	■	11	12	■	13	14	■	
■	15		16	■	17	18	■	19	20	■
21	■	22		23	■	24	25	■	26	27
28	29	■	30		31	■	32	33	■	
■	34	35	■	36		37	■	38	39	■
40	■	41	42	■	43		44	■	45	46
47	48	■	49	50	■	51		52	■	
■	53	54	■	55	56	■	57		58	■
59	■	60	61	■	62	63	■	64		65
66		■	67		■	68		■	69	

बाएँ से दाए
1. बलगम-2
3. जाप, मंत्र पाठ-2
5. काया, बदन-2
7. ठाठ-बाट-2
9. गिरावट, अवनति-3
11. बुरी आदत-2
13. सदं, अच्छा-2
15. बंदर-3
17. अपशिष्ट पदार्थ-2
19. थोड़ा-2
22. दबाना, कुचलना-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
26. आम जनता-2
28. पिता के पिता-2
30. पक्षाघात, फालिज-3
32. मनमौजी, अलमस्त-2
34. नवीन-2
36. लोच-3
38. गाड़ी, घोड़ागाड़ी-2
41. बीता हुआ दिन-2
43. लेखनी, पेन-3
45. अधर-2
47. रांझा की प्रेमिका-2
49. अप्सरा, परी -2
51. गर्भ, कोख-3
53. दंड, शिक्षा -2
55. पाश, फंदा-2
57. परखना-3
60. वोट, अभिप्राय-2
62. हत्या-2
64. तिरस्कृत-3
66. शराब-2
67. उद्देश्य-2
68. टूंटी, नलका-2
69. आनंद-2

ऊपर से नीचे
1. प्याला-2
2. धर्म आदेश-3
4. क्षण, लमहा-2
6. गगन, आकाश-2
8. सरुर, खुमार-2
10. पति की बहन-3
12. अंधकार-2
14. शर्म, लज्जा-2
16. पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18. भाग्य (अंग्रेजी-2)
20. रहस्य-2
21. कुर्बान-2
23. अनुकृति-3
25. जोर, बल-2
27. नाखून-2
29. दक्षिणा-2
31. पढ़ने वाला-3
33. परत-2
35. भैंस जैसा एक प्राणी-2
37. झगड़ा-3
39. भूमि, धरा -2
40. राहगीर-2
42. रक्त-2
44. मां का प्रेम-3
46. दम-2
48. आनंद-2
50. छुट्टी-2
52. झगड़ना-3
54. प्याला-2
56. प्यार-2
58. असफल-3
59. यमराज-2
61. पैंदा-2
63. संपत्ति-2
65. सम्राट-2

शब्द पहेली - 6375 का हल

■	य	ती	म	खा	ना	■	म	हा	वी	र
क	क्ष	■	हा	■	ना	ह	क	■	र	म
हा	■	ना	न	सें	स	■	र	मा	■	जा
नी	र	व	ता	■	सु	र	■	न	म	न
का	■	खे	■	अ	र	क्त	■	■	सी	■
र	वा	ना	हो	ना	■	पा	ल	न	हा	र
■	ह	■	■	चा	ह	त	■	का	■	च
का	न	न	■	र	म	■	ब	र	सा	ना
म	■	र	ज	■	स	का	र	ना	■	का
धा	र	■	खि	ला	फ	■	स	■	भो	र
म	स	ख	रा	■	र	म	ता	जो	गी	■

सूडोकु नवताल - 6386

मध्यम

8	2			6			1	
	6		8	9			7	5
3			1					2
	3		4				6	
6		2		1		4		3
	8				5		2	
2					3			1
5	1			7	6		4	
	9			4			3	6

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6385 का हल

8	6	4	2	7	9	5	3	1
7	3	9	1	8	5	2	6	4
1	5	2	4	3	6	7	9	8
4	1	3	8	6	7	9	5	2
5	8	6	9	2	4	3	1	7
2	9	7	5	1	3	8	4	6
9	4	8	7	5	1	6	2	3
3	7	5	6	4	2	1	8	9
6	2	1	3	9	8	4	7	5

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेगे।

वृष आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

मिथुन मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

कर्क पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

कन्या अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

तुला पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

धनु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

कुंभ मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

मीन मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

खबर संक्षेप

थिंक स्टार्टअप से मीडियाटेक की साझेदारी

नई दिल्ली। वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक ने 'फ्यूचर माइंड्सः पावरिंग द डिसरप्टर्स ऑफ टुमॉरो' कार्यक्रम शुरू करने के लिए थिंकस्टार्टअप के साथ साझेदारी की है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026 में पेश इस सीएसआर पहल के तहत देश के सभी 30 राज्यों के वंचित वर्गों के 6,000 स्कूली विद्यार्थियों को एक साल तक डिजिटल उद्यमिता की शिक्षा दी जाएगी। कार्यक्रम कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है।

न्युवोको ने पूरे किए 'दस साल बेमिसाल'

मुंबई। भारत की प्रमुख बिल्डिंग मटेरियल कंपनियों में शामिल न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने अपने दस साल के सफर का जश्न 'दस साल बेमिसाल' थीम के तहत मनाया। कंपनी की यह यात्रा विकास, नवाचार, साहसिक व्यावसायिक फैसलों और कर्मचारियों के योगदान की कहानी है। न्युवोको की शुरुआत वर्ष 2014 में निरमा ग्रुप द्वारा राजस्थान के निंबोल में 2 एमएमटीपीए क्षमता वाले सीमेंट प्लांट में उत्पादन शुरू करने के साथ हुई थी। एक सीमेंट प्लांट से शुरू हुआ यह सफर आज सीमेंट, रेडी-मिक्स कंक्रीट और आधुनिक निर्माण सामग्री के कारोबार तक पहुंच चुका है।

इंद्रिया का दिवाली कैंपेन 'फेस्टिवल ऑफ लव' लांच

मुंबई। आदित्य बिरला ज्वेलरी के ब्रांड इंद्रिया ने दिवाली के अवसर पर अपना नया कैंपेन 'फेस्टिवल ऑफ लव' पेश किया है। अभिनेत्री अदिति राव हैदरी और अभिनेता सिद्धार्थ इस कैंपेन में नजर आएंगे। यह अभियान प्यार, अपनेपन और रिश्तों की अहमियत को दर्शाता है। 'अस इन वी' दर्शन पर आधारित यह कैंपेन दिवाली की तैयारियों के बीच अपनों के साथ बिताए गए खास पलों को सामने लाता है। कैंपेन फिल्म में अदिति और सिद्धार्थ दोस्तों के स्वागत की तैयारी करते दिखाई देते हैं।

वॉल्वो की लग्जरी एसयूवी ईएक्स90 लांच

नई दिल्ली। वॉल्वो कार इंडिया ने भारतीय बाजार में अपनी नई इलेक्ट्रिक लग्जरी एसयूवी ईएक्स90 पेश की है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 1.26 करोड़ रुपये रखी गई है। छह सीटों वाली इस गाड़ी में आधुनिक तकनीक, प्रीमियम आंतरिक सज्जा और उन्नत सुरक्षा सुविधाएं दी गई हैं। ईएक्स90 में 106 किलोवाट-घंटे की बैटरी और दो विद्युत मोटर वाला संयोजन दिया गया है। यह 456 अश्वशक्ति की ताकत और 670 न्यूटन मीटर का अधिकतम टॉर्क पैदा करती है।

कैपटेक ने री-लांच किया 'कैपटेक ई-फोर्स'

मुंबई। कैपटेक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने लेबर कॉन्ट्रैक्टर्स के लिए अपने मेड इन इंडिया, एआई-असिस्टेड प्लेटफॉर्म 'कैपटेक ई-फोर्स' को री-लॉन्च किया है। इस ऐप के जरिए कंस्ट्रक्शन सेक्टर में लेबर मैनेजमेंट, वर्क ऑर्डर, साइट प्रोग्रेस रिपोर्ट और बिलिंग की प्रक्रिया को डिजिटल बनाया जाएगा। कंपनी के अनुसार, प्लेटफॉर्म पर कॉन्ट्रैक्टर्स खर्ची और रनिंग अकाउंट (आरए) बिल जमा करने से लेकर उनके सर्टिफिकेशन और पेमेंट की स्थिति तक ट्रैक कर सकेंगे। इससे बिल की जानकारी के लिए बार-बार फोन करने की जरूरत कम होगी।

महिला सशक्तीकरण में कॉर्टेवा के दो साल पूरे

नई दिल्ली। कॉर्टेवा एग्रीसाइंस की महिला सशक्तीकरण पहल 'दो मिलियन महिलाएं' ने दो साल पूरे कर लिए हैं। सितंबर 2024 में शुरू हुई इस पहल का लक्ष्य वर्ष 2030 तक भारतीय कृषि क्षेत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें नेतृत्व के अवसर उपलब्ध कराना है। कंपनी के अनुसार, यह पहल अब तक 22 राज्यों में 7.95 लाख से अधिक लोगों तक पहुंची है, जिनमें 6.37 लाख से अधिक महिलाएं शामिल हैं। लगभग 49 हजार महिलाएं सामुदायिक नेतृत्वकर्ता के रूप में काम कर रही हैं।

सब्जियों पर महंगाई का तड़का, किसान बेहाल और ग्राहक परेशान

खेत से मंडी तक सस्ती उपज, हाट बाजारों में दोगुने-ढाई गुना दाम पर बिक रही

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

राजधानी में सब्जियों की कम आवक ने कीमतों में तेजी ला दी है। करोंद स्थित थोक सब्जी मंडी से लेकर शहर के हाट बाजारों तक सब्जियों के भाव में उछाल देखने को मिल रहा है। इसका सीधा असर आम आदमी की जेब और रसोई के बजट पर पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि बाजार में जहां ग्राहकों को सब्जियां महंगे दामों पर खरीदनी पड़ रही हैं, वहीं किसानों को अपनी उपज का अपेक्षित मूल्य नहीं मिल पा रहा है।

खेत से बाजार तक कीमतों का यह अंतर किसान और उपभोक्ता, दोनों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। आलू, प्याज, टमाटर और हरी सब्जियों की कीमतों में अंतर के चलते आम परिवारों का मासिक बजट गड़बड़ाने लगा है। रोजमर्रा की जरूरत वाली सब्जियां खरीदने के लिए भी लोगों को पहले की तुलना में अधिक रकम खर्च करनी पड़ रही है। दूसरी ओर, खेती में खाद, बीज, सिंचाई, मजदूरी और परिवहन पर बढ़ते खर्च के बावजूद किसानों को उनकी उपज का उचित दाम नहीं मिल पा रहा है।

आम परिवारों का मासिक बजट गड़बड़ाने लगा

कीमतों में अंतर किसान और उपभोक्ता दोनों के लिए परेशानी का सबब

व्यापारिक मार्जिन थोक और खुदरा भाव के बीच बड़ा अंतर



आवक में कमी, थोक मंडी में ये हैं भाव

करोंद स्थित थोक सब्जी मंडी के कारोबारी राजेंद्र सैनी और अब्दुल जावेद रकीब के मुताबिक, मंडी में पहले की अपेक्षा सब्जियों की आवक कम है। रोजाना करीब 40 से 60 पिकअप वाहनों में सब्जियां पहुंच रही हैं। इसके अलावा 15 से 20 गाड़ियां टमाटर, 12 हजार से 13 हजार कट्टे आलू और 5 हजार से 7 हजार कट्टे प्याज की आवक हो रही है। कारोबारियों के अनुसार, थोक मंडी में आलू 4 से 8 रुपए किलो, प्याज 20 से 25 रुपए किलो और टमाटर 20 से 25 रुपए किलो बिक रहा है। टमाटर की एक कैरेट, जिसका वजन करीब 22 से 24 किलो है, 500 से 600 रुपए में मिल रही है। वहीं, भिंडी 20रुपए, पत्तागोभी 12 से 14 रुपए, फूलगोभी 14 से 15 रुपए और हरी धनिया पत्ती 15 से 20 रुपए किलो के भाव पर उपलब्ध है। इसी तरह हरी मिर्च 50 से 60 रुपए, शिमला मिर्च करीब 50रुपए, अरबी 20 से 22रुपए, नया अदरक 70 से 80 रुपए और पुराना अदरक 100 से 120 रुपए किलो बिक रहा है। कद्दू 14 से 15 रुपए, बैंगन 18 से 20 रुपए और गिलकी 15 से 16 रुपए किलो के भाव पर है। मेथी भाजी के दाम 70 से 80 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं।

मंडी में अपेक्षाकृत कम कीमत पर सब्जियां उपलब्ध

थोक मंडी के मुकाबले हाट बाजारों में सब्जियां दोगुने से ढाई गुना तक दाम पर बेचे जाने की बात सामने आ रही है। ऐसे में मंडी में अपेक्षाकृत कम कीमत पर उपलब्ध सब्जियां ग्राहकों तक पहुंचते-पहुंचते काफी महंगी हो जाती हैं। खासकर सीमित आय वाले परिवारों के लिए यह अंतर परेशानी बढ़ा रहा है। थोक और खुदरा कीमतों के बीच इतना अंतर होने से यह सवाल भी उठता है कि किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने और ग्राहकों को उचित दर पर सब्जियां उपलब्ध कराने के लिए बाजार व्यवस्था को अधिक पारदर्शी कैसे बनाया जाए।

खेत में लागत की मार, बाजार में कीमतों का अंतर

सब्जियों की कीमतों में इस अंतर का असर उत्पादन करने वाले किसान से लेकर खरीदने वाले ग्राहक तक दिखाई दे रहा है। किसान को फसल तैयार करने के लिए खाद, बीज, सिंचाई, मजदूरी और ढुलाई पर खर्च करना पड़ता है। इसके बाद भी मंडी में उपज का उचित भाव नहीं मिलने पर उसकी कमाई प्रभावित होती है। वहीं, मंडी से खुदरा बाजार तक सब्जियां पहुंचने के दौरान परिवहन, छंटाई, खराब होने का जोखिम, भंडारण और व्यापारिक मार्जिन जैसे खर्च जुड़ते हैं। इन कारणों से खुदरा कीमतें बढ़ सकती हैं, लेकिन जब थोक और खुदरा भाव के बीच बड़ा अंतर होता है, तो किसानों और ग्राहकों के हित में इस पूरी प्रक्रिया की समीक्षा जरूरी हो जाती है।

मौसम पर टिकी कीमतों की चाल

सब्जी कारोबारी राजेंद्र सैनी के अनुसार, आने वाले दिनों में सब्जियों के भाव मौसम के मिजाज और मंडी में होने वाली आवक पर निर्भर करेंगे। यदि आवक में सुधार होता है, तो कीमतों में राहत मिलने की संभावना बन सकती है। फिलहाल कम आवक के बीच ग्राहकों को महंगी सब्जियों से राहत मिलने का इंतजार है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य और उपभोक्ताओं को वाजिब दर पर सब्जियां उपलब्ध कराने के लिए खेत से बाजार तक बेहतर संपर्क, परिवहन व्यवस्था में सुधार और थोक-खुदरा कीमतों में पारदर्शिता जरूरी है। तभी किसान की मेहनत का सही मूल्य और ग्राहक की जेब को राहत मिल सकेगी।

मुंबई में सीआईआई का कार्यस्थल कल्याण शिखर सम्मेलन आयोजित

कर्मचारी कल्याण अब कारोबार का हिस्सा लांच हुआ 'भारत कार्यस्थल कल्याण चार्टर'

एजेंसी ⏭ मुंबई

कर्मचारियों का स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और कार्यक्षमता अब केवल मानव संसाधन विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि कारोबार की सफलता से जुड़ी अहम प्राथमिकताएं हैं। इसी सोच को बढ़ावा देने के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने मुंबई में आयोजित पहले भारतीय कार्यस्थल कल्याण शिखर सम्मेलन 2026 में 'भारत कार्यस्थल कल्याण चार्टर' की शुरुआत की। इस पहल के माध्यम से कंपनियों से कर्मचारी कल्याण को अतिरिक्त सुविधा या औपचारिक योजना मानने के बजाय कारोबारी रणनीति, नेतृत्व की जवाबदेही और संगठनात्मक संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाने की अपील की गई।

आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट की संस्थापक एवं अध्यक्ष और सीआईआई की कार्यस्थल कल्याण पहल की प्रमुख नीरजा बिड़ला ने कहा कि कर्मचारियों का कल्याण और कारोबार का बेहतर प्रदर्शन एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), आधुनिक तकनीक और कामकाज के बदलते तौर-तरीकों के बीच कंपनियों को ऐसी कार्यप्रणाली विकसित करनी होगी, जो कर्मचारियों के स्वास्थ्य, संतुलन और उत्पादकता को बनाए रखने में मदद करे।

कंपनियों से नेतृत्व की जवाबदेही और संगठनात्मक संस्कृति में कर्मचारी हितों को प्राथमिकता देने की अपील



सम्मेलन का उद्घाटन

नेतृत्व और निदेशक मंडल की प्राथमिकता कर्मचारी कल्याण बने

सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस की अध्यक्ष एवं मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सुदक्षिणा भट्टाचार्य ने कहा कि कर्मचारी कल्याण को नेतृत्व और निदेशक मंडल के स्तर पर होने वाली चर्चाओं में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। संगठनों को यह समझना होगा कि कर्मचारियों की भलाई केवल व्यक्तिगत लाभ का विषय नहीं, बल्कि कार्यस्थल की गुणवत्ता और संगठन के दीर्घकालिक प्रदर्शन से भी जुड़ी है। उन्होंने सीआईआई के पंचकोश अध्ययन का हवाला देते हुए बताया कि 3,700 से अधिक कर्मचारियों पर किए गए सर्वेक्षण में 86 प्रतिशत लोगों ने अपने काम में खुशी महसूस करने की बात कही, जबकि 66 प्रतिशत कर्मचारियों ने शारीरिक स्वास्थ्य को ऐसा क्षेत्र बताया, जिस पर अधिक ध्यान दिए जाने की जरूरत है। ये आंकड़े संकेत देते हैं कि कार्यस्थलों पर सकारात्मक अनुभव के बावजूद कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण से जुड़े पहलुओं में सुधार की गुंजाइश बनी हुई है।

सीआईआई वेलबीइंग चार्टर रिपोर्ट जारी

शिखर सम्मेलन के दौरान नीरजा बिड़ला ने सीआईआई वेलबीइंग चार्टर रिपोर्ट भी जारी की। इस अवसर पर सीआईआई की उपमहानिदेशक जेन करकाडा, सीआईआई की राष्ट्रीय नेतृत्व एवं मानव संसाधन समिति के अध्यक्ष तथा अडानी सीमेंट के मुख्य परिचालन अधिकारी एवं संयुक्त अध्यक्ष संजय बेहल और एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस की ग्राहक अनुभव, स्थिरता एवं मानव संसाधन प्रमुख सुदक्षिणा भट्टाचार्य मौजूद रहीं। सम्मेलन में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने स्वस्थ, सक्षम और सशक्त कार्यस्थल विकसित करने के उपायों पर चर्चा की।

कल्याण के लिए तय होंगे लक्ष्य, मापी जाएगी प्रगति

सीआईआई के अनुसार, 'भारत कार्यस्थल कल्याण चार्टर' का उद्देश्य कंपनियों को कर्मचारी कल्याण के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने, प्रयासों की प्रगति का आकलन करने और कार्यस्थल पर सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करना है। इसके जरिए संगठनों को कर्मचारी हितों से जुड़ी पहलों को व्यवस्थित रूप देने और उन्हें संस्थागत प्राथमिकताओं में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। चार्टर की अवधारणा कार्यस्थल पर कल्याण को किसी एक योजना या सुविधा तक सीमित रखने के बजाय संगठन के व्यापक कामकाज से जोड़ने पर केंद्रित है। इसमें नेतृत्व की भूमिका, प्रबंधन की प्रतिबद्धता और कर्मचारियों के लिए अनुकूल वातावरण विकसित करने जैसे पहलुओं को महत्व दिया गया है।

ठगों से बचाएगा 'बॉब साइबर वीरू', बॉब ने छेड़ी मुहिम

वीडियो और आसान टिप्स से सिखाएगा डिजिटल सुरक्षा के गुर

फर्जी लिंक, नकली केवाईसी और यूपीआई ठगी पर करेगा सतर्क



वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

डिजिटल बैंकिंग के बढ़ते इस्तेमाल के बीच साइबर ठगों पर लगाम लगाने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा ने 'बॉब साइबर वीरू' जागरूकता अभियान शुरू किया है। इसका मकसद ग्राहकों को ठगी के नए तरीकों से आगाह करना और सुरक्षित डिजिटल लेनदेन के लिए तैयार करना है। फर्जी लिंक, नकली केवाईसी, यूपीआई धोखाधड़ी, क्यूआर कोड और नकली ग्राहक सेवा कॉल जैसे खतरों के प्रति लोगों को आसान भाषा में जागरूक किया जाएगा। अभियान के तहत छोटे वीडियो, चित्रों, त्वरित सुझावों और सवाल-जवाब के जरिए साइबर ठगी की पहचान करना सिखाया जाएगा। ग्राहकों को बताया जाएगा कि ठग किस तरह बैंक अधिकारी बनकर गोपनीय जानकारी मांगते हैं या स्क्रीन साझा करने के बहाने खाते तक पहुंचने की कोशिश करते हैं। बैंक ने सलाह दी है कि किसी अनजान लिंक पर क्लिक करने, ओटीपी या बैंकिंग जानकारी साझा करने और किसी लेनदेन को मंजूरी देने से पहले पूरी जांच करें। अनजान व्यक्ति के कहने पर मोबाइल की स्क्रीन साझा करने से भी बचें।

डिजिटल सुरक्षा आसान बनाना लक्ष्य

बैंक ऑफ बड़ौदा की कार्यपालक निदेशक बीना वाहिद ने कहा कि डिजिटल बैंकिंग रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुकी है। ऐसे में साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरुकता और सतर्कता जरूरी है। 'बॉब साइबर वीरू' के जरिए ग्राहकों को सामान्य साइबर जोखिमों की पहचान करने और सोच-समझकर निर्णय लेने के व्यावहारिक उपाय बताए जाएंगे। अभियान को बैंक की शाखाओं, एटीएम, वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल, संदेशों, समाचार पत्रों और रेडियो सहित विभिन्न माध्यमों से लोगों तक पहुंचाया जाएगा। राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरुकता माह के दौरान शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम और कर्मचारियों के लिए जागरूकता सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

बिजनेस न्यूज

एलएनसीटी ग्रुप की फ्रेशर्स नाइट में सिंगर मनराज वीर की लाइव सिंगिंग

भोपाल। एलएनसीटी ग्रुप द्वारा आयोजित फ्रेशर्स नाइट कार्यक्रम में इंडियन आइडल फेम गायक मनराज वीर ने अपनी शानदार लाइव प्रस्तुति से समां बांध दिया। उनके गीतों पर विद्यार्थियों ने जमकर आनंद लिया और पूरा माहौल संगीतमय हो गया साथ ही स्टैंडअप कॉमेडी शो एव डीजे गनो पर स्टूडेंट्स ने जमकर डांस किया। कार्यक्रम के दौरान मनराज वीर ने 'ये जवानी है दीवानी', 'खुदा जाने', 'क्या मुझे प्यार है', 'बैंग बैंग', 'लव डोज' और 'जय जय शिव शंकर' जैसे लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी। वहीं, बॉलीवुड के मशहूर प्लेबैक सिंगर जुबिन गर्ग को ट्रिब्यूट देते हुए प्रस्तुत किए गए गीत 'याह अली', और के के के गीत 'तू ही मेरी शब है', ने भी दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।मनराज वीर की दमदार आवाज, शानदार गायकी और ऊर्जावान अंदाज ने युवाओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। रोमांटिक गीतों से लेकर जोशीले डांस नंबर तक, उनकी प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। फ्रेशर्स नाइट नए विद्यार्थियों के स्वागत और उनके लिए यादगार पल बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई।



मित्तल को मिलेगा फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'लेज्यॉ द'ऑनर'

नई दिल्ली। भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक एवं अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल को फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल 'लेज्यॉ द'ऑनर' के नाइट की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। फ्रांसीसी गणराज्य के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इस सम्मान की घोषणा की है। मित्तल को भारत और फ्रांस के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने तथा दूरसंचार और डिजिटल अवसंरचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान दिया जा रहा है। सुनील भारती मित्तल को यह अलंकरण 28 अक्टूबर 2026 को नई दिल्ली स्थित फ्रांस के दूतावास में आयोजित विशेष समारोह में प्रदान किया जाएगा। वर्ष 1802 में नेपोलियन बोनापार्ट द्वारा स्थापित 'लेज्यॉ द'ऑनर' फ्रांस का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान है, जो उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है। भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी मातू ने मित्तल को सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि मित्तल तीन दशकों से अधिक समय से फ्रांस के मित्र रहे हैं और उन्होंने भारत-फ्रांस संबंधों को लगातार मजबूत किया है। उनके अनुसार, मित्तल ने दोनों देशों के कारोबारी सहयोग की संभावनाओं को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

थर्मैक्स ने लांच की इंटेलिजेंट बॉयलर और हीटर की नई रेंज

मुंबई। ऊर्जा और पर्यावरण समाधान उपलब्ध कराने वाली प्रमुख कंपनी थर्मैक्स लिमिटेड ने बॉयलर इंडिया 2026 में अपनी नई थर्मैक्स-आई सीरीज लांच की है। इस नई रेंज में इंटेलिजेंट बॉयलर और हीटर शामिल हैं, जो परिचालन परिस्थितियों में बदलाव के अनुसार अपने प्रदर्शन को लगातार बेहतर बनाने में सक्षम हैं। कंपनी की यह पहल औद्योगिक ऊर्जा दक्षता बढ़ाने, परिचालन लागत कम करने और कार्बन उत्सर्जन घटाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। नई सीरीज का पहला उत्पाद अल्ट्रापैक-आई इंटेलिजेंट बायोमास-फायर्ड बॉयलर है। यह ईंधन की गुणवत्ता, परिवेश के तापमान और उत्पादन की जरूरतों में होने वाले बदलावों का आकलन कर वास्तविक समय में अपने संचालन को समायोजित करता है। इससे बॉयलर बदलती परिस्थितियों के अनुरूप पहले से तैयारी कर सकता है और उसकी कार्यक्षमता में सुधार होता है।



मुंबई में पूरा कारोबारी दिन बिताकर उसी रात भोपाल लौट सकें व्यापारी

भोपाल को चाहिए उड़ानों की रफ्तारः व्यापारियों ने उठाई रात 9 बजे के बाद मुंबई फ्लाइट की मांग

सूरत के लिए सीधी उड़ान शुरू करने पर भी जोर



वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में व्यापार, उद्योग और निवेश को नई उड़ान देने के लिए हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने की मांग तेज हो रही है। व्यापारियों का कहना है कि राजधानी में कारोबार की संभावनाएं तो लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन प्रमुख व्यावसायिक शहरों के लिए सुविधाजनक सीधी उड़ानों की कमी कारोबारी गतिविधियों की रफ्तार प्रभावित कर सकती है। सबसे प्रमुख मांग मुंबई से भोपाल के लिए रात 9 बजे या उसके बाद की फ्लाइट शुरू करने की है, ताकि व्यापारी मुंबई में दिनभर बैठकें और कारोबार निपटाकर उसी रात अपने शहर लौट सकें।

सराफा व्यवसायी संजीव गर्ग (गांधी) के अनुसार, मुंबई देश का प्रमुख वित्तीय और कारोबारी केंद्र है। भोपाल के व्यापारियों को वहां व्यावसायिक बैठकों, निवेश संबंधी चर्चाओं और अन्य कारोबारी कार्यों के लिए जाना पड़ता है। ऐसे में देर शाम की वापसी उड़ान उपलब्ध होने से समय और कार्यक्षमता दोनों की बचत हो सकती है। उन्होंने भोपाल से सूरत के लिए सीधी उड़ान शुरू करने की मांग भी उठाई है। सूरत के साथ बेहतर हवाई संपर्क से कपड़ा, हीरा, ज्वेलरी और अन्य कारोबारी क्षेत्रों से जुड़े लोगों को सुविधा मिल सकती है। इसके अलावा दिल्ली, अहमदाबाद, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता, राजकोट और वडोदरा जैसे प्रमुख कारोबारी शहरों के लिए भी बेहतर कनेक्टिविटी की जरूरत बताई जा रही है।

कारोबार से लेकर इलाज तक सीधी कनेक्टिविटी

भोपाल एफएमसीजी डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील जैन 501 का मानना है कि बेहतर हवाई संपर्क का लाभ केवल कारोबार तक सीमित नहीं रहेगा। इससे चिकित्सा, शिक्षा, पर्यटन और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा मिल सकता है। दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई और बेंगलुरु जैसे चिकित्सा केंद्रों तक सुविधाजनक उड़ानें मरीजों और उनके परिजनों के लिए उपयोगी होंगी। वहीं अयोध्या, वाराणसी, तिरुपति और अमृतसर जैसे धार्मिक स्थलों के साथ पर्यटन केंद्रों तक बेहतर संपर्क की भी मांग है। राजधानी में विभिन्न ट्रेडों के व्यवसाय से जुड़े व्यवसायियों की मांग है कि भोपाल की हवाई कनेक्टिविटी को शहर के आर्थिक विकास से जोड़कर देखा जाए।

कार्यालय, नगर पंचायत धरमजयगढ़ जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

क्र. 859 / लो.नि.वि/न.पं./2026-27 धरमजयगढ़ दिनांक 12/10/2026

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पंचायत, धरमजयगढ़, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	201412 (2nd call)	Construction of Sports Complex (At Ward No. 09 Deepnagar)	RS. 234.00 (SOR 231.20 + NON SOR 2.80)	27.10.2026
2	201420 (2nd call)	NEHRU GARDEN EXTENSION AND RENOVATION (AT WARD NO. 10 NARAITIKRA)	RS. 195.74 (SOR 183.45 + NON SOR 12.29)	27.10.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & www.cguad.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत धरमजयगढ़
जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

चिंतन

अब पेश करने ही होंगे सबूत

लोकतंत्र में सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है और उनका जवाब देना सरकार व संवैधानिक संस्थाओं की जिम्मेदारी। लेकिन जब सवाल चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता से जुड़ा हो, तो आरोपों के साथ प्रमाण भी जरूरी होते हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित गड़बड़ियों को लेकर इंडिया ब्लॉक के 11 नेताओं का सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करना इसी कसौटी पर परखा जाएगा। राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव समेत विपक्षी नेताओं ने निर्वाचन आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भी याचिका में पक्षकार बनाया है। अब विपक्ष को बताना होगा कि गड़बड़ी कहां हुई, कितने मतदाता प्रभावित हुए और उसके समर्थन में क्या सबूत हैं। सियासी शक्ति प्रदर्शन से मुद्दा चर्चा में आ सकता है, लेकिन आरोप प्रमाणों से ही सिद्ध होते हैं। याचिका दाखिल करने से पहले विपक्षी नेताओं ने प्रधान न्यायाधीश से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने का समय मांगा था। इसके बाद बाराखंबा से सर्वोच्च न्यायालय तक मार्च निकाला गया। राहुल गांधी ने इस मार्च की तुलना 'शिवजी की बारात' से की। विभिन्न दलों की भागीदारी और नेताओं की मौजूदगी ने इसे राजनीतिक घटनाक्रम जरूर बनाया, लेकिन मार्च का आकार आरोपों की सत्यता का प्रमाण नहीं है। विपक्ष को अब राजनीतिक नारों से आगे बढ़कर तथ्य सामने रखने होंगे। चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग करना अलग बात है और चुनावी प्रक्रिया में अनियमितता साबित करना अलग। दोनों को एक मानना उचित नहीं होगा। हालांकि, विपक्ष से प्रमाण मांगने का अर्थ उसकी शिकायतों को खारिज करना भी नहीं है। मतदाता सूची से किसी पात्र नागरिक का नाम गलत तरीके से हटना गंभीर मामला है। निर्वाचन आयोग का दायित्व है कि वह प्रक्रिया में पारदर्शिता रखे, शिकायतों का निपटारा करे और त्रुटियां मिलने पर पूरी जवाबदेही के साथ सुधार सुनिश्चित करे। किसी संस्था को सवालों से परे नहीं रखा जा सकता, लेकिन बिना प्रमाण लगाए गए आरोपों को भी अंतिम सच नहीं माना जा सकता। न्यायिक जांच का उद्देश्य ही आरोपों और तथ्यों के बीच अंतर स्पष्ट करना है। कुल मिलाकर अब विपक्ष को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सबूत पेश करने ही होंगे। इसी बीच जंतर-मंतर को निर्धारित प्रदर्शन स्थलों की सूची से हटाने का फैसला भी चर्चा में है। गृह मंत्रालय की समिति की सिफारिश पर रामलीला मैदान, बुराड़ी और पूर्वी दिल्ली के सीबीडी मैदान को प्रदर्शन का वैकल्पिक स्थल बनाया गया है। अण्णा आंदोलन से लेकर पहलवानों के प्रदर्शन तक, जंतर-मंतर लंबे समय से विरोध की आवाज का प्रमुख केंद्र रहा है। संसद के निकट होने के कारण इसका प्रतीकात्मक महत्व भी है। सुरक्षा, यातायात और सार्वजनिक व्यवस्था की चिंताएं अपनी जगह हैं, लेकिन इनके समाधान के नाम पर शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार को कमजोर नहीं किया जाना चाहिए। वैकल्पिक स्थलों पर पर्याप्त सुविधाएं और स्पष्ट नियम सुनिश्चित करना भी जरूरी है। लोकतंत्र में सरकार की जवाबदेही और विपक्ष की जिम्मेदारी, दोनों अनिवार्य हैं। निर्वाचन आयोग को पारदर्शिता से काम करना होगा और विपक्ष को आरोपों के प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। यदि गड़बड़ी हुई है तो उसका खुलासा और सुधार हो; यदि आरोप प्रमाणित नहीं होते तो राजनीतिक दावों की समीक्षा भी हो। लोकतंत्र की विश्वसनीयता शोर से नहीं, तथ्यों, पारदर्शिता और जवाबदेही से मजबूत होती है।



राजमाता का स्मरण

आशीष प्रताप सिंह राठौड़

राष्ट्रसेवा का दुर्लभ अध्याय

राजमाता की विचारधारा से सहमति या असहमति लोकतांत्रिक विमर्श का विषय हो सकती है। लेकिन उनके राजनीतिक संघर्ष, संगठनात्मक योगदान और सार्वजनिक जीवन में निभाई गई भूमिका का अध्ययन ऐतिहासिक तथ्यों तथा गंभीरता के साथ किया जाना चाहिए। उनका जीवन यह संदेश देता है कि राजनीतिक प्रतिबद्धता का अर्थ केवल किसी विचार का समर्थन करना नहीं, बल्कि उसके लिए निरंतर कार्य करना और कठिन परिस्थितियों में अपने निर्णयों की जिम्मेदारी स्वीकार करना भी है।

भारतीय राजनीति के इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जिनकी पहचान केवल चुनावी विजय, राजनीतिक पदों अथवा पारिवारिक विरासत तक सीमित नहीं रहती। उनका जीवन संघर्ष, सिद्धांत, विचारधारा, त्याग और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की ऐसी गाथा बन जाता है, जो आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करती है। राजमाता विजयाराजे सिंधिया भारतीय राजनीति की ऐसी ही एक विशिष्ट हस्ती थीं, जिन्होंने राजसी वैभव से निकलकर जनजीवन में अपनी स्वतंत्र पहचान स्थापित की। उनकी जयंती पर उनका स्मरण करना केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व को श्रद्धापूर्वक याद करना नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के उस अध्याय को समझना भी है, जिसमें व्यक्तिगत दृढ़ता और वैचारिक प्रतिबद्धता ने राजनीति को एक विशिष्ट दिशा प्रदान की। ग्वालियर राजपरिवार की महारानी होने के बावजूद उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन को केवल राजसी परंपराओं तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने राजनीति को जनसंपर्क, संगठन निर्माण और अपने वैचारिक विश्वासों की अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। यही कारण है कि उनका नाम भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में विशेष स्थान रखता है।

राजमाता विजयाराजे सिंधिया का जन्म 12 अक्टूबर 1919 को मध्य प्रदेश के सागर में हुआ था। उनका मूल नाम लेखा दिव्येश्वरी देवी था। 1941 में उनका विवाह ग्वालियर के महाराजा जीवाजीराव सिंधिया से हुआ और वह ग्वालियर राजपरिवार की महारानी बनीं। किंतु उनका जीवन केवल राजमहल की भव्यता और राजसी परंपराओं तक सीमित नहीं रहा। वर्ष 1961 में महाराजा जीवाजीराव सिंधिया के निधन ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। स्वतंत्रता के बाद भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था का विस्तार हो रहा था। देश की रियासतें भारतीय संघ का हिस्सा बन चुकी थीं और राजनीतिक जीवन में नए नेतृत्व का उदय हो रहा था। ऐसे समय में राजमाता विजयाराजे सिंधिया ने जनप्रतिनिधि के रूप में अपनी भूमिका निर्धारित की। वर्ष 1957 में उन्होंने गुना लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतकर संसद में प्रवेश पहुंची। बाद में उनकी राजनीतिक विचारधारा और कांग्रेस के साथ मतभेदों ने उन्हें विपक्ष की राजनीति की ओर अग्रसर किया। उन्होंने भारतीय जनसंघ से जुड़कर वैकल्पिक राजनीतिक विचारधारा को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाई। यह यात्रा भारतीय लोकतंत्र के एक महत्वपूर्ण परिवर्तन को भी दर्शाती है। राजसी पृष्ठभूमि से आने वाली एक महिला ने जनादेश के माध्यम से अपनी पहचान स्थापित की और राजनीतिक विचारधारा के आधार पर अपने लिए अलग मार्ग चुना।राजमाता के लिए राजनीति केवल प्रतिष्ठा बनाए रखने का माध्यम नहीं थी। वर्ष 1967 में वह मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए निर्वाचित हुईं। आगे चलकर भारतीय जनसंघ की राजनीति में उनकी भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हुई। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 25 जून 1975 को घोषित आपातकाल एक निर्णायक अध्याय है। राजमाता विजयाराजे सिंधिया भी गिरफ्तार हुईं और उन्हें तिहाड़ जेल में रहना पड़ा।

राजमाता विजयाराजे सिंधिया के व्यक्तित्व का एक महत्वपूर्ण पक्ष शिक्षा और सामाजिक कार्यों से जुड़ा हुआ



था। उन्हें बालिका शिक्षा तथा महिला सशक्तीकरण में विशेष रुचि थी। ग्वालियर स्थित सिंधिया कन्या विद्यालय की संस्थापक अध्यक्ष के रूप में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। वह शिशु मंदिर की स्थापना से भी जुड़ी थीं। ग्वालियर अंचल की राजनीतिक और सामाजिक स्मृतियों में राजमाता का विशेष स्थान है। उनके जीवन में राजसी परंपरा और लोकतांत्रिक जनप्रतिनिधित्व का अनूठा संगम दिखाई देता है। उन्होंने अपने क्षेत्रीय संबंधों के साथ राष्ट्रीय राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभाई। ग्वालियर के लिए उनका स्मरण इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि उनका जीवन इस क्षेत्र की राजनीतिक यात्रा के एक बड़े परिवर्तन का साक्षी रहा। उन्होंने दिखाया कि ऐतिहासिक विरासत को केवल अतीत की स्मृति बनाकर नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि उसे वर्तमान के सामाजिक और सार्वजनिक उत्तरदायित्वों से भी जोड़ा जा सकता है। राजमाता की जयंती पर ग्वालियरवासियों के लिए यह अवसर है कि वे अपने क्षेत्र के इस ऐतिहासिक व्यक्तित्व को उसके व्यापक योगदान के संदर्भ में समझें और नई पीढ़ी को उसके जीवन तथा कार्यों से परिचित कराएं।

राजमाता विजयाराजे सिंधिया का जीवन अनेक प्रश्न हमारे सामने रखता है। राजनीति में विचारधारा का क्या महत्व है? सार्वजनिक पद को अधिकार माना जाना चाहिए या उत्तरदायित्व? कठिन परिस्थितियों में अपने सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता कैसे बनाए रखी जाए? और सामाजिक प्रतिष्ठा को जनहित के कार्यों से किस प्रकार जोड़ा जाए? इन प्रश्नों का महत्व आज भी कम नहीं हुआ है। वर्तमान राजनीति में जब विमर्श अक्सर चुनावी प्रतिस्पर्धा और तात्कालिक घटनाओं तक सीमित हो जाता है, तब ऐतिहासिक व्यक्तित्वों का जीवन हमें राजनीति के व्यापक उद्देश्य पर विचार करने का अवसर देता है। 25 जनवरी 2001 को उनका निधन हुआ, लेकिन भारतीय राजनीति में उनके योगदान का अध्ययन आज भी महत्वपूर्ण है। उनकी आत्मकथा राजपथ से लोकपथ पर उनके जीवन और राजनीतिक अनुभवों को समझने का एक महत्वपूर्ण स्रोत है।

राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जयंती हमें एक ऐसी महिला के जीवन का स्मरण कराती है, जिसने राजसी परिवेश में जीवन आरंभ किया, व्यक्तिगत कठिनाइयों का सामना किया और भारतीय राजनीति में अपनी स्वतंत्र पहचान बनाई। वह जनप्रतिनिधि रहीं, भारतीय जनसंघ की प्रमुख नेताओं में शामिल हुईं, भारतीय जनता पार्टी के निर्माण और विस्तार से जुड़ीं तथा शिक्षा और महिला सशक्तीकरण के कार्यों में योगदान दिया। उनकी यात्रा को केवल एक महारानी के राजनीतिक नेता बनने की कहानी मानना उनके व्यक्तित्व की व्यापकता को सीमित करना होगा। यह यात्रा स्वतंत्र भारत में बदलती राजनीतिक परिस्थितियों, वैचारिक संघर्षों और सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भूमिका को समझने का भी एक माध्यम है। उनकी जयंती पर सबसे सार्थक श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके जीवन से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों का अध्ययन करें, उनके योगदान का मूल्यांकन करें और जनसेवा, शिक्षा, संगठनात्मक प्रतिबद्धता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्व को आत्मसात करें। राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जीवनयात्रा हमें स्मरण कराती है कि राजसी प्रतिष्ठा विरासत में मिल सकती है, लेकिन जनविश्वास अर्जित करना पड़ता है। पद व्यक्ति को पहचान दे सकता है, लेकिन इतिहास में स्थायी स्थान उसके विचार, कर्म और सार्वजनिक योगदान से ही बनता है। राजपथ से लोकपथ तक का उनका सफर भारतीय राजनीति का ऐसा अध्याय है, जो संघर्ष, वैचारिक दृढ़ता और राष्ट्रसेवा के संदर्भ में सदैव अध्ययन और स्मरण का विषय बना रहेगा।

(लेखक अध्यक्ष, माधौ महाराज स्मृति फाउंडेशन)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पैरवी

रितीश उपाध्याय



न्याय की राह में आर्थिक मजबूरी न बने बाधा

न्याय केवल अदालतों के दरवाजे खुले होने से नहीं मिलता। उसके लिए यह भी जरूरी है कि आम नागरिक अपने अधिकारों को समझते हुए न्यायालय की प्रक्रिया में हिस्सा ले सके और उसे एक सक्षम वकील की सहायता मिल पाए, लेकिन जब वकील की फीस चुकाना ही किसी व्यक्ति के लिए नामुमकिन हो जाए, तो न्याय तक उसकी पहुंच एकदम सीमित हो जाती है। इसी प्रकार की असमानता को दूर करने के लिए भारत के संविधान ने निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था प्रदान की है। लेकिन अहम सवाल यह है कि क्या यह व्यवस्था जरूरतमंदों को सिर्फ वकील उपलब्ध करा रही है या सच में आमजन को प्रभावी प्रतिनिधित्व और न्याय दिला पा रही है? अनुच्छेद 39ए के अंतर्गत भारत के संविधान ने राज्य को यह निर्देश दिया है कि कानूनी व्यवस्था समान अवसर के आधार पर न्याय को बढ़ावा दे और आर्थिक या किसी और प्रकार की अक्षमताओं के कारण किसी नागरिक को न्याय से वंचित न होने दिया जाए। यह राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों का हिस्सा है। सर्वोच्च न्यायालय ने मुफ्त कानूनी सहायता को निष्पक्ष न्यायिक प्रक्रिया के संवैधानिक सिद्धांत से जोड़ा है, साथ ही न्यायालय ने समय-समय पर यह माना है कि अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का अर्थ केवल जीवित रहने का अधिकार नहीं, बल्कि कानून के अनुरूप निष्पक्ष प्रक्रिया और न्याय मिलना भी है। हुसैनारा खातून बनाम बिहार राज्य 1979, में सुप्रीम कोर्ट ने लंबे समय से जेलों में बंद कैदियों की स्थिति पर ध्यान दिया और इस फैसले ने यह भी स्पष्ट किया कि गरीब व्यक्ति को मुफ्त कानूनी सहायता न मिलना निष्पक्ष न्याय के रास्ते में गंभीर बाधा है। कानूनी अधिकार तभी सार्थक हैं, जब व्यक्ति उन्हें इस्तेमाल करने की स्थिति में भी हो। लीगल सर्विसेज़ ऑथोरिटी एक्ट, 1987 ने इस संवैधानिक उद्देश्य को लागू करने के लिए राष्ट्रीय, राज्य, जिला और तालुका स्तर पर संस्थागत व्यवस्था बनाई है। इस अधिनियम की धारा 12 के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्य, मानव तस्करी या बेगार के पीड़ित, महिलाएं, बच्चे जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है, दिव्यांग व्यक्ति, निर्दिष्ट आपदाओं और हिंसा के पीड़ित, औद्योगिक श्रमिक तथा हिरासत में रखे गए व्यक्ति मुफ्त कानूनी सहायता के पात्र हैं। इन सब के अलावा सामान्य वर्ग के लोग जो निर्धारित आय-सीमा के भीतर आते हैं वो भी सहायता मांग सकते हैं। एनएएलएसए की हेल्पलाइन 15100 और उसकी आधिकारिक वेबसाइट भी जानकारी पाने के माध्यम हैं। सिर्फ वकील मिलना ही काफी नहीं है, कानूनी सहायता की असल परीक्षा अदालत में होती है। उम्मेद देवी बनाम राजस्थान राज्य 2026 के मामले में हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इसी अंतर को स्पष्टता से रेखांकित किया है। दहेज संबंधी मांग और कथित उत्पीड़न से जुड़े मामले में अपनी बेटी की मृत्यु के संबंध में आरोपित व्यक्तियों की बरी किए जाने के खिलाफ उम्मेद देवी ने अपील की थी। अपील को दाखिल करने में 19 दिन की देरी हुई और उसे माफ कराने के लिए जरूरी आवेदन नहीं लगाया गया था। हाई कोर्ट में उनकी ओर से कोई वकील उपस्थित नहीं हुआ और मामला बंद कर दिया गया। सर्वोच्च न्यायालय ने अपील को स्वीकार करते हुए कहा कि अदालतों को ऐसे कठिनाइयों के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। जहां वकील की अनुपस्थिति या अपर्याप्त सहायता से किसी व्यक्ति का कानूनी अधिकार प्रभावित हो सकता है, वहां अदालत को प्रभावी कानूनी सहायता सुनिश्चित करने पर विचार करना चाहिए। नेशनल लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी (फ्री एंड कॉम्पिटेंट लीगल सर्विसेज) रेगुलेशनस, 2010 में पैनल के वकीलों के चयन और उनके काम की निगरानी के प्रावधान हैं। जरूरत इस बात की है कि इन प्रावधानों को काग़ज़ से निकालकर व्यवहार में लागू किया जाए। नियमित समीक्षा, उचित प्रशिक्षण, मुवक्किलों से संवाद और खराब प्रदर्शन पर जवाबदेही तय करना भी अति आवश्यक है। मुफ्त कानूनी सहायता के समक्ष जागरूकता की कमी, अनुभवी वकीलों तक लोगों की पहुंच नहीं होना, सीमित संसाधन और कमजोर निगरानी जैसी चुनौतियां खड़ी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों, वंचित समुदायों और समाज के उस वर्ग तक जिसको इसकी सब से ज़ादा ज़रूरत है, वहां लोगों में इसकी जानकारी नहीं है। न्याय तक पहुंच का अर्थ केवल अदालत में प्रवेश नहीं, बल्कि वहां अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने का अवसर भी है। जब तक यह अवसर समाज में उपस्थित हर ज़रूरतमंद व्यक्ति को वास्तविक रूप से नहीं मिलता, समान न्याय का वादा अधूरा रहेगा।

(लेखक सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो



संकलित

दर्शन

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए।

घमंड न करें व दूसरों को कमजोर न समझें



संकलित

प्रेरणा

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

सटाका



आज की पाती

सपनों को संकल्प में बदलने की सीख

विद्यार्थी किसी भी देश का भविष्य ही नहीं, उसकी संभावनाओं और प्रगति के सबसे मजबूत आधार भी होते हैं। उनके विचारों में नवीनता, आंखों में सपने और कुछ नया कर गुजरने का उत्साह समाज को आगे बढ़ाने की शक्ति देता है। इसी भावना के साथ भारत में प्रति वर्ष 15 अक्टूबर को विश्व छात्र दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक और युवाओं के प्रेरणास्रोत डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के कारण विशेष महत्व रखता है। हालांकि, यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि संयुक्त राष्ट्र ने इस दिन को आधिकारिक रूप से विश्व छात्र दिवस घोषित नहीं किया है। इसके बावजूद भारत में यह अवसर विद्यार्थियों को कलाम के विचारों से जोड़ने और शिक्षा के महत्व को रेखांकित करने का माध्यम बन गया है। *-रमेश शर्मा, कलानौर*

ट्रेंड

मां सबको साहस प्रदान करें



नवरात्रि का दूसरा दिन तप, त्याग व संकल्प की प्रतीक मां ब्रह्मचारिणी की आराधना को समर्पित है। वे सभी को साहस और संयम का आशीर्वाद प्रदान करें। मां की कृपा से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सफलता का मार्ग प्रशस्त हो। **-नरेंद्र मोदी,** पीएम

देश तक बात पहुंचाते रहेंगे



लोगों को दिल्ली आने से रोका जा रहा है तथा कुछ लोगों को बसों और ट्रेनों से उतारा जा रहा है। बड़ी संख्या में पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती के बावजूद विपक्ष अपनी बात देश तक पहुंचाता रहेगा। हम हार मानने वाले नहीं हैं। **-राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

अब मिलती है बिजली



'डबल इंजन' की सरकार ने मात्र 10 दिन में किसानों को फसल, मकान और पशुधन की क्षति का मुआवजा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। 2017 से पहले की सपा सरकार के समय बिजली नहीं आती थी, केवल बिल आता था। अब स्थिति बदल गई है और किसानों को बिजली का बिल नहीं आता, बल्कि बिजली मिलती है। **-योगी आदित्यनाथ,** सीएम, यूपी

मुकदमों की नौबत नहीं आएगी



मैं यह सुनिश्चित करने का वादा करता हूं कि हमारी सरकार ऐसा कुछ नहीं होने देगी जिससे सरकारी नियुक्तियों में अदालती मुकदमों की नौबत आए। पूर्ववर्ती टीएमसी सरकार के दौरान हुई भर्ती प्रक्रियाएं विवादों में घिरी रहीं और सुप्रीम कोर्ट ने स्कूल भर्ती के तहत की गई 26,000 नियुक्तियों को रद्द कर दिया। **-शुभेंदु अधिकारी,** सीएम, प बंगाल

करंट अफेयर

उ. कोरिया ने कई बैलिस्टिक मिसाइलें समुद्र की ओर दागीं

उत्तर कोरिया ने सोमवार को अपने पूर्वी समुद्री क्षेत्र की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। हाल के दिनों में हथियारों के प्रदर्शन की बढ़ती घटनाओं के बीच इस प्रक्षेपण से तनाव और बढ़ गया है। दोनों देशों के बीच कूटनीतिक बातचीत लंबे समय से ठप है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बताया कि ये मिसाइलें उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के आसपास के क्षेत्र से दागी गईं। उत्तर कोरिया ने हाल के वर्षों में अपने हवाई अड्डे का इस्तेमाल मिसाइलों के प्रक्षेपण के एक प्रमुख केंद्र के रूप में किया है। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने तत्काल यह स्पष्ट नहीं किया कि कितनी मिसाइलें दागी गईं या उन्होंने कितनी दूरी तय की। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने कम से कम दो मिसाइलों का पता लगाया और आकलन किया कि ये मिसाइलें जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर समुद्र में गिरीं। यह प्रक्षेपण दक्षिण कोरिया द्वारा शुक्रवार को अपने देश में विकसित पहली हाइपरसोनिक मिसाइल का उड़ान परीक्षण किए जाने के कुछ दिनों बाद हुआ। इस हथियार को ध्वनि की गति से कम से कम पांच गुना तेज उड़ान भरने और मिसाइल रक्षा प्रणालियों को चकमा देने के लिए तैयार किया गया है।



ऑफ बीट

लाल-पीले पंखों के रंग का रहस्य सुलझा रहे वैज्ञानिक

पूरे जंतु जगत में पक्षी सबसे रंगीन जीवों में से एक हैं। लेकिन इतने सारे रंगों वाले पक्षी अलग अलग कैसे होते हैं? चमकीले लाल, नारंगी और पीले पंख या



चोंच वाले लगभग सभी पक्षी अपने रंग उत्पन्न करने के लिए कैरोटीनॉयड नामक पिगमेंट के समूह का उपयोग करते हैं। लेकिन, ये पक्षी सीधे तौर पर कैरोटीनॉयड नहीं बना सकते। उन्हें अपने आहार में पौधों से ये तत्व प्राप्त करने होते हैं। तोते इस नियम के अपवाद हैं, जिन्होंने रंगीन रंगद्रव्य बनाने का एक बिल्कुल नया तरीका विकसित किया है, जिसे 'सिटाकोफल्विन' कहते हैं। वैज्ञानिकों को इन विभिन्न रंगों के बारे में कुछ समय से जानकारी है, लेकिन पक्षियों द्वारा रंग में भिन्नता लाने के लिए इनका उपयोग करने के पीछे के जैव-रासायनिक और आनुवंशिकी आधार को लेकर उनकी समझ अभी सीमित है। हालांकि, तोते और 'फिंच' (रंग बिरंगी छोटी चिड़ियों की प्रजाति) के बारे में हाल ही में किए गए दो अलग-अलग अध्ययनों ने इस रहस्य पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की है। एक अध्ययन 'करेंट बायोलॉजी' में प्रकाशित हुआ है जिसका नेतृत्व हममें से एक (डैनियल हूपर) ने किया था। दूसरे अध्ययन का नेतृत्व पुर्तगाली जीवविज्ञानी रॉबर्टो अबोरे ने किया और उसे 'साइंस' पत्रिका में प्रकाशित किया गया।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष पर भड़के भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर

देश को शोर नहीं, सच चाहिए, आरोप नहीं, प्रमाण पेश करें, राजनीतिक बयान छोड़कर स्पष्ट जवाब दें

राहुल गांधी कहने के लिए तो नेता प्रतिपक्ष हैं, लेकिन वे एक ऐसे नेता हैं जिन्हें न तथ्यों का पता है, न तर्क का पता है और न ही नियम-कानून का पता है। उन्हें सिर्फ अराजकता फैलाने, अस्थिरता पैदा करने, संवैधानिक पदों और संस्थाओं को नीचा दिखाना आता है



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में सुप्रीम कोर्ट तक विपक्षी दलों के मार्च पर निशाना साधा। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि राहुल गांधी कहने के लिए तो नेता प्रतिपक्ष हैं, लेकिन ले ये एक ऐसे नेता हैं जिन्हें न तथ्यों का पता है, न तर्क का पता है और न ही नियम-कानून का पता है। उन्हें सिर्फ अराजकता फैलाने, अस्थिरता पैदा करने, संवैधानिक पदों और संस्थाओं को नीचा दिखाने तथा दुनिया भर में भारत की छवि को कमजोर कैसे करना है, उन्हें सिर्फ यही करने आता है। अब हालत ये हो गई है कि वो सिर्फ सड़क छाप भाषा का प्रयोग और निराधार आरोप लगाने का काम कर रहे हैं। देश को शोर नहीं, सच चाहिए, आरोप नहीं, प्रमाण चाहिए, राजनीतिक बयान नहीं, स्पष्ट जवाब चाहिए। ये राष्ट्रपति के पास गए और जब सबूत मांगा गया तो भाग गए। यह देश का दुर्भाग्य है कि नेता प्रतिपक्ष के पद पर बैठे व्यक्ति का आचरण इतना अराजक, अस्थिर और अगंभीर नजर आता है। उनके लबों पर लब्ज है- वोट चोरी... दरअसल वो कर रहे हैं जनादेश के साथ सीनाजोरी। राहुल गांधी सिर्फ हवा-हवाई बातें करते हैं, क्योंकि वो हवा-हवाई नेता हैं।

दुनियाभर में भारत की छवि को कमजोर कर रहे

सड़कछाप भाषा का प्रयोग और निराधार आरोप लगा रहे राहुल गांधी



नई दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट तक विरोध प्रदर्शन मार्च के दौरान जुटा अपार जनसमूह

देश को अराजकता की आग में झोंकने की कोशिश की जा रही



भाजपा राज्यसभा सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी भारी भीड़ के साथ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे, जैसे वे सर्वोच्च न्यायालय को प्रभावित और डराने-धमकाने की कोशिश कर रहे हों। उन्होंने इसे 'शर्मनाक' बताया और कहा कि वे 'देश को अराजकता की आग में झोंकने' की कोशिश कर रहे हैं। वे कथित तौर पर सुरक्षा घेरा तोड़कर दूसरी तरफ भाग गए और दूसरे गेट से अंदर घुसने की कोशिश की। उन्होंने इसे मानसिक संतुलन खोने या किसी 'संदिग्ध ताकतों' के प्रभाव में होने का सबूत बताया, कहा कि वे सड़कों पर अव्यवस्था फैलाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

ज्ञानेश का इस्तीफा मुख्य मांग: टीएमसी



इंडिया ब्लॉक में शामिल ममता बेनर्जी ने कहा कि सरकार इतनी डरी हुई है कि उसने आम लोगों के लिए ट्रेनें भी रोक दी हैं। आप समझ सकते हैं कि लोगों को कितनी परेशानी हुई होगी। ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा हमारी मुख्य मांग है।

सीईसी की नियुक्ति से जुड़ा कानून रद्द हो: औवेसी



एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने सीईसी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून को रद्द करने की मांग की। नियुक्ति प्रक्रिया में पीएम और विपक्ष के नेता के साथ भारत के मुख्य न्यायाधीश को भी शामिल करना चाहिए। कानून में सीईसी और चुनाव आयुक्तों को सेवानिवृत्ति के बाद कानूनी सुरक्षा देने वाले इस कानून को रद्द करना चाहिए।

लोकतंत्र बचाना हमारी जिम्मेदारी: सपा



समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि आंदोलन और धरना-प्रदर्शन जारी रहेंगे। लोकतंत्र को बचाना हमारी जिम्मेदारी है। भाजपा को हटाने पर ही देश बचेगा। भाजपा को हटाने पर ही लोकतंत्र बचेगा। भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करना चाहती है। वह हमेशा सत्ता में बने रहना चाहती है। वे फर्जी मतदाता सूचियां बनाते हैं, फर्जी वोट डलवाते हैं और चुनावी नतीजों में हेरफेर करते हैं। हम उपलब्ध सभी कानूनी और व्यावहारिक तरीकों को अपनाएंगे। सरकार को हमारी बात सुननी चाहिए और चुनाव आयोग को हटाना चाहिए।

भाजपा के लिए सब कुछ 'डेमोकुर्सी' का मामला: कांग्रेस



कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाए जाने को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। पार्टी ने आरोप लगाया कि अब उनके लिए लोकतंत्र का कोई महत्व नहीं रह गया है और उनके लिए सब कुछ 'डेमोकुर्सी' यानी सत्ता की कुर्सी का मामला बनकर रह गया है। यह पीएम और गृह मंत्री की जोड़ी में व्याप्त 'अत्यधिक घबराहट' का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक जंतर-मंतर अब वह स्थान नहीं रहेगा, जहां लोकतंत्र को रोजाना मजबूती देने वाली खुराक मिलती थी।

मार्च से पहले सुरक्षाबल मुस्तैद



अप्रिय घटना को रोकने बाराखंभा रोड और मंडी हाउस के पास सुरक्षा कर्मियों की तैनाती

विरोध मार्च से पहले की बैठक



दिल्ली में विरोध मार्च से पहले इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने संविधान क्लब में एक बैठक की



विरोध प्रदर्शन मार्च में नेहा बोरा और योगेंद्र यादव भी शामिल हुए

खबर संक्षेप

स्कूल वैन की टक्कर से 3 चचेरे भाइयों की मौत

बदायूं। यूपी के बदायूं जिले में सोमवार को तेज रफ्तार स्कूल वैन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार



तीन चचेरे भाइयों की मौत हो गई, जबकि उनका एक दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का हाल ही में अग्निवीर भर्ती के लिए चयन हुआ था। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा अपराह्न करीब ढाई बजे बिसौली कोतवाली क्षेत्र में हुआ।

पूर्व सीएम केजरीवाल पर एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल समेत आप नेताओं और विधायकों के



खिलाफ दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गुरुद्वारा बंगला साहिब परिसर में हंगामा किया गया और उसके बाद गुमराह करने वाले वीडियो पोस्ट फैलाए गए।

पूर्व सीएम विजयन के खिलाफ 2 एफआईआर

तिरुवनंतपुरम। केरल में कथित सीएमआरएल रिश्वत मामले में सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक



ब्यूरो (वीएसीबी) ने पूर्व सीएम पिनराई विजयन और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज कीं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। वीएसीबी की विशेष जांच इकाई-1 ने ये प्राथमिकी दर्ज की हैं।

शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता पद से हटे दुबे

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) के राष्ट्रीय प्रवक्ता आनंद दुबे ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और राष्ट्रीय



प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि उनके आदर्श शरजील इमाम, उमर खालिद या ध्रुव राठी नहीं हैं, बल्कि वे उन लोगों को अपना नायक मानते हैं, जिन्होंने देश और समाज के लिए साहसिक कार्य किए हैं।

8वें वेतन आयोग की दशहरे के बाद तुरंत होगी बड़ी बैठक

49 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को मिलेगा फायदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

8वां केंद्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) अभी सलाह-मशविरे के दौर में है। सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता वाला यह आयोग फिलहाल विभिन्न कर्मचारी यूनियनों, प्रतिनिधियों, समूहों, पेंशनभोगी संघों, फेडरेशनों और अन्य संबंधित पक्षों के साथ बैठके कर रहा है

आठवें वेतन आयोग के पास रिपोर्ट तैयार कर उसे सौंपने के लिए अब बस कुछ ही महीने बचे हैं। 3 नवंबर 2025 इसकी समय-सीमा शुरू हुई थी। फिलहाल बैठकों का दौर जारी है। 8वां केंद्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) अभी सलाह-मशविरे के दौर में है। सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता वाला यह आयोग फिलहाल विभिन्न कर्मचारी यूनियनों, प्रतिनिधियों, समूहों, पेंशनभोगी संघों, फेडरेशनों और अन्य संबंधित पक्षों के साथ बैठकें कर रहा है। इससे पहले आयोग कई राज्यों का दौरा कर चुका है।

अभी हाल ही में बेंगलुरु में भी बैठक हुई थी। अब दशहरे के तुरंत बाद एक और बड़ी बैठक होने वाली है, जिसमें कई बड़े मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। समय के साथ बढ़ती महंगाई और बदलती अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार हर 10 साल में अपने कर्मचारियों के भत्ते, वेतन और पेंशन में बदलाव के लिए वेतन आयोग या सीपीसी का गठन करती है। हालांकि, सरकार हर 6 महीने में महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाती है, लेकिन एक समय बाद सिर्फ डीए बढ़ाने भर से काम नहीं चलता। सरकारी कर्मचारियों के जीवन स्तर में सुधार के लिए बेसिक सैलरी में भी बदलाव की जरूरत पड़ती है।

आयोग के पास रिपोर्ट सौंपने के लिए मई, 2027 तक का समय

आठवें वेतन आयोग को 1 जनवरी 2026 से लागू माना जा रहा

रिपोर्ट को केंद्रीय वित्त मंत्रालय और मंत्रियों का विशेष समूह



8वें वेतन आयोग की बैठक (फाइल फोटो), आयोग की अध्यक्ष रंजना देसाई

कैबिनेट से मिलेगी हरी झंडी

कैबिनेट से हरी झंडी मिलने पर सरकार आधिकारिक गजट नोटिफिकेशन जारी करती है। फिर जाकर विभाग नई सैलरी का कैलकुलेशन शुरू करते हैं। इस पूरे प्रॉसेस में 3-6 महीने का वक्त और लग सकता है।

आयोग 1 जनवरी से लागू माना जा रहा

भले ही आठवें वेतन आयोग को 1 जनवरी 2026 से ही लागू माना जा रहा है, लेकिन आयोग द्वारा रिपोर्ट तैयार कर इसे सरकार को सौंपना बाकी है। इसके बाद इसे सरकारी मंजूरी मिलने के बाद ही बढ़ा हुआ पैसा कर्मचारियों के बैंक अकाउंट में आएगा। चूंकि आयोग के गठन के बाद इसे अपनी रिपोर्ट तैयार करनेके लिए मई, 2027 तक का समय दिया गया था। माना जा रहा है कि अगले साल के आखिर तक यह पूरी तरह से लागू होगा। रिपोर्ट सौंपने के बाद केंद्रीय वित्त मंत्रालय और मंत्रियों का एक विशेष समूह इन सिफारिशों का बारीकी से अध्ययन करेगा। इसमें यह देखा जाएगा कि वेतन और पेंशन में प्रस्तावित बढ़ोतरी से देश के खजाने पर कितना बोझ पड़ेगा और किन-किन बदलावों को मंजूरी दी जा सकती है और किन्हें नहीं। समीक्षा पूरी होने के बाद इसे केंद्रीय मंत्रिमंडल के पास भेजा जाता है।

22-23 अक्टूबर को मुंबई में होगी बैठक

8वां वेतन आयोग 22-23 अक्टूबर (गुरुवार-शुक्रवार) को मुंबई का दौरा करेगा। इससे पहले दिल्ली में 8वें वेतन आयोग की मीटिंग 7 और 10 अगस्त को हुई थी। जयपुर में 31 अगस्त और 1 सितंबर को मीटिंग हुई। उसके बाद चेन्नई में 7-8 सितंबर को, पुडुचेरी में 9 सितंबर को और चंडीगढ़ में 16 से 18 सितंबर तक मीटिंग हुई। हाल ही में बेंगलुरु में 7 और 8 अक्टूबर को मीटिंग हुई।

8वें वेतनमान देने वाला पहला राज्य बना असम: बिस्वा

केंद्र सरकार ने नवंबर 2025 को 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी थी। जिसके बाद एक समिति गठित हुई है और वो अब तमाम राज्यों में बैठक कर कर्मचारियों की मांगों का जायजा ले रही है। इसी बीच असम के सीएम मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर 11 अक्तूबर को गुवाहाटी में हुए एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान का वीडियो शेयर किया है, इस वीडियो के साथ कैप्शन में उन्होंने लिखा कि असम देश का पहला राज्य बन जाएगा जो 8वां राज्य वेतन आयोग गठित करेगा।

पंजाब सरकार को सुप्रीम कोर्ट से राहत

एफआईआर होगी दर्ज, लेकिन दंडात्मक कार्रवाई पर लगी रोक

सीबीआई सरकार के अधिकारियों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने को निर्देश दिया कि सीबीआई पंजाब सरकार से जुड़े लोगों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई न करे। सीबीआई राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही है। यह आदेश पंजाब सरकार की उस याचिका पर आया है जिसमें हाई कोर्ट के उस निर्देश पर रोक लगाने की मांग की गई थी, जिसमें सीबीआई को राज्य सरकार से जुड़े लोगों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने और दो महीने के भीतर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया था। जस्टिस एमएम सुंदेश और पीबी वराले की बेंच ने केंद्र, सीबीआई, ईडी और अन्य को नोटिस जारी किया। बेंच ने कहा कि हम एफआईआर पर रोक नहीं लगा रहे।

आरोपों की स्वतंत्र जांच हो: याचिकाकर्ता

याचिकाकर्ता ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को सूचना भेजे जाने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह तर्क दिया गया कि इन आरोपों की स्वतंत्र जांच होनी चाहिए क्योंकि इनसे राज्य सरकार के कामकाज पर गंभीर सवाल उठते हैं। हाई कोर्ट ने पंजाब पुलिस और सरकार को यह भी निर्देश दिया कि इस मामले से जुड़े सभी दस्तावेज सीबीआई को सौंप दिए जाएं।

हाई कोर्ट के फैसले को कई आधारों पर चुनौती देते हुए पंजाब सरकार ने कहा कि फैसले में कई कमियां हैं। सरकार का कहना है कि कोर्ट ने 'प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्डिंग एक्ट' (पीएमएलए) की धारा 66(2) के तहत दी गई जानकारी को एक ऐसे निर्देश के तौर पर लिया जिससे केस दर्ज करना अनिवार्य हो जाता है, जो कि विजय मदनलाल चौधरी मामले में सुप्रीम कोर्ट के 2022 के फैसले के खिलाफ है।

धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाएंगे: सुको

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में पटाखों से होने वाले वायु प्रदूषण से निपटने के लिए प्रतिबंध लगाने के बजाय जन जागरूकता और स्वैच्छिक भागीदारी का अधिक असर होगा। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि प्रतिबंधात्मक आदेशों को लागू करना जमीनी स्तर पर मुश्किल हो सकता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और वी मोहना की पीठ ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से जुडे स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि न्यायालय धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाएगा। पीठ ने पटाखों के हानिकारक प्रभावों को कम करने के लिए संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता बताई।

भर्ती प्रक्रिया में नहीं होगा कोई दखल

11,000 पुलिसकर्मियों को पहले चरण में सुवेंदु ने नियुक्ति पत्र सौंपे

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने भाजपा सरकार के तहत पुलिस में भर्ती अभियान के पहले बड़े चरण में 11 हजार अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि राज्य में सत्ता परिवर्तन के कारण यह संभव हो सका। सीएम ने दावा किया कि अगले दो साल में पश्चिम बंगाल पुलिसकर्मियों की संख्या के मामले में उत्तर प्रदेश से आगे निकल जाएगा। सुवेंदु ने यहां नेताजी इंडोर स्टेडियम में नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद कहा कि अगर सरकार नहीं



बदली होती, तो यह भर्ती नहीं हो पाती। राज्य पुलिस बल में भर्ती प्रक्रिया लंबे समय से रुकी हुई थी। मई में राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद सरकार ने पुलिस भर्ती प्रक्रिया को मंजूरी दी। उन्होंने पुलिसकर्मियों से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय भ्रष्टाचार से दूर रहने और ईमानदारी बनाए रखने का आग्रह किया।

नशा-मुक्त भारत बनाने के सामूहिक संकल्प को सशक्त किया

1,469 जगहों पर नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट और युवा मेले आयोजित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मेरा युवा भारत ने 'नशामुक्त युवा, विकसित भारत अभियान' के तहत साझेदार संगठनों के सहयोग से 10 अक्टूबर, 2026 को नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट और युवा मेलों का आयोजन किया।

यह आयोजन 100 सप्ताह के अभियान का हिस्सा था, जिसमें देशभर के 34 राज्यों की 1,469 जगहें शामिल रहीं। इस व्यापक पहल में 3.65 लाख से अधिक युवाओं और नागरिकों ने भाग लिया, जिससे नशा-मुक्त भारत बनाने के सामूहिक संकल्प को और अधिक सशक्त किया गया।

खास बातें

- नशामुक्त युवा, विकसित भारत अभियान की पहल
- 3.65 लाख युवाओं और नागरिकों ने भाग लिया

कई आध्यात्मिक संगठन भी हुए शामिल



नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट का आयोजन

कार्यक्रमों में युवाओं द्वारा संचालित कई गतिविधियां शामिल थीं, जिनमें नशा मुक्त युवा शपथ, नारा लेखन प्रतियोगिताएं, हस्ताक्षर अभियान, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए। हार्टफुलनेस, प्रोजेक्ट पॉइंट, सीआईपीयू, एसोचैम, फिक्की और ब्रह्माकुमारीज जैसे आध्यात्मिक संगठनों, विश्वविद्यालय संघों और उद्योग संघों के सहयोग से युवा मेलों का आयोजन किया गया। इस पहल ने अभियान की पहुंच और प्रभाव को और अधिक व्यापक बनाने में मदद की।

100 सप्ताह चला अभियान

100 सप्ताह के इस अभियान का उद्देश्य मादक द्रव्यों के दुरुपयोग से निपटने के लिए देशभर में सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना, सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट और युवा मेलों के माध्यम से 'मेरा युवा भारत' लगातार युवाओं को समाज में बदलाव लाने की जिम्मेदारी उठा रहा है।

नशा नहीं करने के लिए किया जागरूक

इस पहल का उद्देश्य जमीनी स्तर पर युवाओं की भागीदारी को मजबूत करना, मादक पदार्थों के सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करना था। ब्लॉक स्तर पर आयोजित नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट में मादक पदार्थों के दुरुपयोग से जुड़ी चुनौतियों, जागरूकता को कार्रवाई में बदलने की रणनीतियों और बदलाव की प्रेरक कहानियों पर चर्चा की गई।

खबर संक्षेप

अंतरराष्ट्रीय लवी मेला 11 नवंबर से

शिमला। हिमाचल प्रदेश के ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय लवी मेले की तैयारियों को लेकर आयोजन



समिति की बैठक उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में रामपुर में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अंतरराष्ट्रीय लवी मेला-2026 इस वर्ष 11 से 14 नवंबर तक आयोजित होगा। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ खेल, पारंपरिक बाजार, स्थानीय उत्पादों, पशुपालन और जन-जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां भी होंगी। मेले के दौरान चार सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित की जाएंगी। इनमें दो संध्याएं पहाड़ी संस्कृति, एक बॉलीवुड और एक पंजाबी संगीत पर आधारित होगी।

ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश दो की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सेना का एक ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया है। जानकारी के मुताबिक इस



एयरक्राफ्ट में सवार दो पायलटों की मौत हो गई है। पाकिस्तानी सेना ने इस हादसे के बारे में जानकारी दी। सेना ने बताया कि तकनीकि खराबी के कारण पाकिस्तान आर्मी एविएशन का मुशशक ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। हादसे के बाद पाकिस्तान के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दुख व्यक्त किया है। बता दें कि इससे पहले भी पाकिस्तान में एयरक्राफ्ट क्रैश के मामले सामने आ चुके हैं।

ट्रंप जूनियर की पूर्व मंगेतर की बढ़ी मुश्किलें

न्यूयॉर्क। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप, गलत व्यवहार की कई खबरों के बाद किम्बर्ली गिल्फॉइल



को ग्रीस में अमेरिकी राजदूत के पद से हटाने पर विचार कर रहे हैं। ट्रंप उन खबरों पर नजर रख हैं जिनमें दावा किया गया है कि गिल्फॉइल, जो चार साल तक ट्रंप के सबसे बड़े बेटे डोनल्ड ट्रंप जूनियर की मंगेतर थीं, ने राजदूत को तौर पर महंगे तोहफे लिए और अपनी नियुक्ति की पुष्टि होने से पहले प्रशासन के लोगों से मिलवाने के बदले पैसे मांगे। गिल्फॉइल के वकीलों ने पैसे मांगने के आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि उनकी यात्रा के बारे में खबरें गुमराह करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने संघीय तोहफों और रिपोर्टिंग से जुड़े नियमों का पालन किया।

भारतीय सेना और एफसीआई के बीच 'भारत राइस' कार्यक्रम को लेकर हुआ एमओयू

ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियान या युद्ध के हालात में एफसीआई से सीधे होगी सेना को चावल की आपूर्ति

उच्च-गुणवत्ता वाला होगा चावल, एफसीआई के गोदाम से सेना के आपूर्ति डिपो तक भेजा जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पिछले साल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ कम समय में की गई ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य कार्रवाई हो या आपातकालीन परिस्थितियों के बीच दुश्मन के साथ शुरू हुआ कोई युद्ध हो। अब भारतीय सेना के जवानों के लिए पौष्टिक आहार की कभी कोई कमी नहीं रहेगी। क्योंकि सोमवार को इस बाबत सेना और भारतीय खाद्य निगम एफसीआई के बीच 'भारत राइस' नामक शानदार कार्यक्रम का शुभारंभ एक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर कर किया गया है।

इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय उपभोक्ता मामले और खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण के मंत्री प्रह्लाद जोशी सहित सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ, एफसीआई, एनएएफईडी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए राजनाथ सिंह, प्रह्लाद जोशी एवं सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ

पांच वर्ष तक मान्य रहेगा एमओयू

मंत्रालय ने कहा, एमओयू 60 महीने यानी 5 साल तक वैध रहेगा। बाद में इसे आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकता है। उच्च–गुणवत्ता वाले इस चावल को मानक विनिर्देशों के मुताबिक उपलब्ध कराया जाएगा। संकटकाल में इसकी एफसीआई के गोदाम से सीधे सेना तक आपूर्ति की जाएगी।

युद्ध की असल शक्ति रसद व्यवस्था

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में भारत चावल नामक इस पहल को भरोसे का एक ऐसा बंधन करार दिया। जिसमें चावल अन्नदाता के खेत से पैदा होकर सीधे जवानों की थाली तक पहुंचता है। साथ ही ये जय जवान, जय किसान की भावना को भी मूर्त रूप प्रदान करती है। सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखलाएं, सैनिकों का कल्याण राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न अंग है। दूसरे अर्थों में समझें तो यह उस सामूहिक संकल्प का प्रतीक है।

चुनौती के समय यूं जरूरी मजबूत व्यवस्था

उन्होंने बताया कि भविष्य में होने वाले संघर्षों के समय पर चेतावनी का समय कम हो सकता है। ऐसे परिदृश्य के मध्य युद्ध में तकनीक का बड़े पैमाने पर शामिल होना हमारी तैयारियों के अलावा रसद श्रृंखलाओं, आपूर्ति नेटवर्क की मजबूती को चुनौती दे सकते हैं। इसलिए सैन्य अभियानों को बेरोकटोक जारी रखने के लिए रसद व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाना बेहद आवश्यक है। उक्त एमओयू इसी दिशा में उठाया गया एक अहम कदम है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ये पहल छोटी जरूर लग सकती है। सुदूर सीमावर्ती इलाकों, दुर्गम क्षेत्रों में राशन पहुंचाने वाले सैनिकों को काफी राहत मिलेगी।

बीते तीन दिनों में भारतीय नाविक वाले 3 जहाजों पर हुए हमले

होर्मुज के पास जहाज पर हमला: 2 भारतीय लापता भारत ने कहा- तत्काल रोकें, हम बर्दाश्त नहीं करेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में एमटी पेट्रो डॉल्फिन और एमटी वैल्थेरा पर हुए हमलों की भारत ने निंदा की है। पेट्रो डॉल्फिन पर ड्रोन हमले के बाद 11 भारतीय नाविकों में से नौ को बचा लिया गया, जबकि दो लापता हैं। भारत ने तत्काल तनाव कम करने, बातचीत के जरिए संघर्ष का समाधान निकालने और अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों पर सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने की मांग की है। होर्मुज के आसपास समुद्र में व्यावसायिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों को लेकर भारत ने कड़ा रुख अपनाया है। 11 अक्तूबर 2026 को दो टैंकरों एमटी पेट्रो डॉल्फिन और एमटी वैल्थेरा पर हुए हमलों की भारत सरकार ने निंदा की है।

इनमें से एक जहाज पर ड्रोन से हमला हुआ, जबकि दूसरे पर अज्ञात चीज से हमला किया गया, जिससे उसमें आग लग गई। पेट्रो डॉल्फिन पर सवार 11 भारतीय नाविकों में से नौ को सुरक्षित बचा लिया गया है, लेकिन दो अब भी लापता हैं। वहीं, वैल्थेरा पर सवार सभी 11 भारतीय नाविक सुरक्षित बताए गए हैं। विदेश मंत्रालय ने इस पूरे घटनाक्रम पर चिंता जताते हुए कहा है कि इलाके में तनाव तुरंत कम होना चाहिए और जारी संघर्ष का हल बातचीत और कूटनीति के जरिए निकाला जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने बयान में दोनों व्यावसायिक जहाजों पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की। मंत्रालय के मुताबिक, एमटी पेट्रो डॉल्फिन पर ड्रोन से हमला किए जाने की खबर है। जहाज पर सवार 11 भारतीय नाविकों में से दो के लापता होने की सूचना है। दूसरी ओर, मार्शल आइलैंड के झंडे वाले टैंकर एमटी वैल्थेरा पर अज्ञात प्रक्षेप्य से हमला हुआ, जिसके बाद जहाज में आग लग गई। राहत की बात यह रही कि वैल्थेरा पर मौजूद सभी 11 भारतीय नाविक सुरक्षित बताए गए हैं।

> हमले के पीछे कौन है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है भारत सरकार जहाज से जुड़ी कंपनी के संपर्क में है

भारतीय क्रू वाले जहाज एमटी पेट्रो डॉल्फिन पर ड्रोन से हमला हुआ

11 भारतीय नाविकों में से 9 को बचा लिया गया, जबकि 2 अब लापता



धमाके के बाद जहाज में आग ही आग

अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की पहल

भारत व्यावसायिक जहाजों और उन पर काम करने वाले नाविकों की सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग मजबूत करने की भी वकालत कर रहा है। इसी दिशा में भारत और लाइबेरिया ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के दौरान 'ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स ऑन सेफ्टी एंड सिक्योरिटी ऑफ शिपिंग एंड सीफेरर्स' की शुरुआत की थी। इस पहल का मकसद समुद्री क्षेत्र से जुड़े देशों और संबंधित पक्षों के बीच तालमेल बढ़ाना है, ताकि जहाजों और नाविकों की सुरक्षा को वैश्विक चर्चाओं में प्राथमिकता मिल सके। भारत का जोर है कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्तों पर व्यापार सुरक्षित रहे और नाविकों की जान को खतरे में डालने वाली घटनाओं को रोकने के लिए मिलकर काम किया जाए।

जहाजों, नाविकों और नागरिक ठिकानों पर हमले बंद हों

भारत ने अपने बयान में स्पष्ट कहा कि व्यावसायिक जहाजों, नाविकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की घटनाएं बंद होनी चाहिए। विदेश मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों पर जहाजों की सुरक्षित और बिना किसी बाधा के आवाजाही सुनिश्चित करने की जरूरत पर भी जोर दिया। भारत का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक समुद्री रास्तों से व्यापार जारी रहना चाहिए और जहाजों को सुरक्षित आवाजाही का अधिकार मिलना चाहिए। मंत्रालय ने संघर्ष में शामिल पक्षों से तनाव कम करने और कूटनीतिक बातचीत के जरिए समाधान निकालने की अपील की है।

वैल्थेरा में आग लगी लेकिन सभी 11 भारतीय नाविक सुरक्षित

केंद्रीय मंत्री सरबानंद सोनोवाल ने एमटी वैल्थेरा को लेकर भी जानकारी साझा की थी। रविवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में इस टैंकर पर अज्ञात प्रक्षेप्य से हमला हुआ था, जिसके बाद जहाज में आग लग गई। इस जहाज पर भी 11 भारतीय नाविक सवार थे। अधिकारियों के मुताबिक, सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। इस घटना के बाद संबंधित एजेंसियां और जहाज प्रबंधन कंपनी स्थिति पर लगातार नजर रख रही हैं, ताकि चालक दल की सुरक्षा और जरूरतों का ध्यान रखा जा सके।

मस्कट स्थित भारतीय दूतावास अलर्ट

विदेश मंत्रालय ने बताया कि ओमान की राजधानी मस्कट में मौजूद भारतीय दूतावास पूरे घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहा है। दूतावास ओमान के संबंधित अधिकारियों और दोनों जहाजों का प्रबंधन संभालने वाली कंपनियों के साथ लगातार संपर्क में है। इसका मकसद लापता भारतीय नाविकों को तलाशने के प्रयासों में मदद करना और जहाजों पर मौजूद भारतीय चालक दल को हरसंभव सहायता पहुंचाना है। भारत सरकार ने साफ किया है कि भारतीय नाविकों की सुरक्षा उसके लिए सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में से एक है।

व्यापारिक जहाजों पर बार-बार हमले से भारत चिंतित

विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस इलाके में व्यावसायिक जहाजों पर बार-बार हो रहे हमले बेहद चिंताजनक हैं। इससे पहले से तनावपूर्ण हालात और बिगड़ने का खतरा है। समुद्र में इस तरह की घटनाएं न सिर्फ जहाजों और उन पर काम करने वाले नाविकों की जान जोखिम में डालती हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार पर भी असर डाल सकती हैं। भारत ने दोहराया है कि इस क्षेत्र में जारी संघर्ष को जल्द से जल्द शांत किया जाना चाहिए और विवादों का समाधान बातचीत तथा कूटनीति के रास्ते निकाला जाना चाहिए।

राजनाथ ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया



एशियाई खेलों में सेना के खिलाड़ियों ने जीते रिकॉर्ड 27 पदक, रक्षा मंत्री ने किया सम्मानित, दी शुभकामनाएं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में जापान में बीते दिनों संपन्न हुए 'एशियाई खेलों-2026' में रिकॉर्ड 27 पदक (6 स्वर्ण, 11 रजत और 10 कांस्य) जीतने वाले भारतीय सेना के खिलाड़ियों को सम्मानित किया है। इस महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन में इसे रक्षा बलों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। गौरतलब है वैश्विक स्तर के इन खेलों में तीनों सशस्त्र सेनाओं के कुल 92 खिलाड़ियों ने 19 स्पर्धाओं में भाग लिया था। सभी ने 85 पदक (21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य) अपने नाम किए हैं। रक्षा मंत्री ने विजेताओं से बातचीत कर उन्हें ढेरों शुभकामनाएं दीं और जो लोग इस प्रतियोगिता में सफल नहीं हो सके। उनसे बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया। सेना के एथलीटों ने भारत की कुल पदक तालिका में 32%, स्वर्ण पदकों में 28.57% योगदान दिया है।

यूनिट के कर्तव्यों और खेल की तैयारियों के बीच संतुलन जरूरी

रक्षा मंत्रालय ने बताया, खिलाड़ियों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि उनकी इस शानदार सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, अनुशासन और टीम भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन को जाता है। पदक जीतने का यह पूरा सफर आसान नहीं होता। इसमें सुबह-सुबह के प्रशिक्षण, जिम वर्कआउट, उस दौरान लगने वाली चोटें और फिर मिला आराम शामिल होता है। साथ ही इसी बीच यूनिट के कर्तव्यों, खेल की तैयारियों के बीच संतुलन बनाए रखना व परिवारों से दूरी भी जरूरी होती है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी भी मौजूद रहे।

उपलब्धियों आने वालों को प्रेरित करेंगी

उन्होंने प्रतियोगिता में जीत का स्वाद न चखने वाले खिलाड़ियों से कहा कि हार तो असल मायने में उसे स्वीकार कर लेने पर होती है। मैं कहूंगा कि सभी खिलाड़ियों ने किसी न किसी रूप में अपने प्रदर्शन से देश का गौरव बढ़ाया है। खिलाड़ियों की क्षमता पर विश्वास व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे इस बात में कोई शक नहीं है कि इनकी उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगी। उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की खेल ढांचे को मजबूती प्रदान की प्रतिबद्धता को दोहराया। इसके अलावा मिशन ओलंपिक विंग द्वारा निभाई गई भूमिका की भी सराहना की।

बिम्सटेक की बैठक आज

बांग्लादेश के गृह मंत्री ने भारत आने से किया इनकार

एजेंसी ⏭ ढाका



भारत और बांग्लादेश के बीच जारी कूटनीतिक तनाव के बीच बांग्लादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने नई दिल्ली में आज मंगलवार को आयोजित होने वाली बिम्सटेक गृह मंत्रियों की पहली बैठक से दूरी बना ली है। उनकी अनुपस्थिति में अब ढाका का प्रतिनिधित्व एक वरिष्ठ ब्यूरोक्रेट के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल करेगा। यह दो दिवसीय बैठक सोमवार को सदस्य देशों के गृह और आंतरिक मंत्रालयों के अधिकारियों के विचार-विमर्श के साथ शुरू हुई।

सेना का चौकियों पर हाई अलर्ट जारी

बारूदी सुरंग धमाके में मारे गए 4 आतंकी, घुसपैठ कोशिश नाकाम

एजेंसी ⏭ जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में कृष्णा घाटी सेक्टर में नियंत्रण रेखा एलओसी के पास बारूदी सुरंग धमाके में लश्कर-ए-ताइबा के टॉप कमांडर समेत चार आतंकवादी मारे गए। ये सभी भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ कर बड़ी वारदात की फिराक में थे। धमाके की आवाज दूर तक सुनी गई। इसके तुरंत बाद भारतीय सेना और सीमा सुरक्षा बलों ने अग्रिम चौकियों पर हाई अलर्ट जारी करते हुए सुरक्षा और अधिक कड़ी कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि भीषण धमाका सोमवार को जीरो लाइन एलओसी पर सतवाल-नाकी गांव इलाके के पास हुआ।

भारतीय नौसेना में शामिल हुआ आईएनएस मंगरोल



मुंबई। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा बनाए गए तीसरे माहे-क्लास एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट आईएनएस मंगरोल को मुंबई, महाराष्ट्र के नेवल डॉकयार्ड में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।

नई दिल्ली में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ होगी मुलाकात

संबंधों से जुड़े सभी पहलुओं पर होगी चर्चा

आज से भारत की यात्रा पर रहेंगी कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुनिया के कई भागों में चल रहे सैन्य संघर्षों के बीच मंगलवार से कनाडा की



विदेश मंत्री अनीता आनंद भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगी। जिसमें नई दिल्ली में उनकी अपने समकक्ष और विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ एक महत्वपूर्ण उच्च-स्तरीय बैठक होगी। इस दौरान होने वाली वार्ता में भारत और कनाडा के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े सभी जरूरी विषयों पर व्यापक रूप से चर्चा की जाएगी।

रोडमैप के जरिए उन्नत होगी साझेदारी

अनीता आनंद की इस भारत यात्रा में दोनों विदेश मंत्रियों के बीच सहयोग को और अधिक आगे बढ़ाने यानी गहराई प्रदान करने के लिए रोडमैप के माध्यम से तय की गई प्राथमिकताओं में शामिल क्षेत्रों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। जिसमें व्यापार, ऊर्जा, रक्षा-सुरक्षा और आम जन के बीच मौजूद संबंध मुख्य रूप से शामिल हैं। यहां बता दें कि 2025 से भारत, कनाडा के विदेश मंत्रियों के बीच होने वाली यह 11वीं बैठक होगी। जो दोनों देशों में होने वाले उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान समेत बढ़ते हुए आपसी संबंधों का प्रमाण प्रस्तुत करती है।

ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में करेंगी शिरकत

राष्ट्रीय राजधानी में कनाडाई मंत्री ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम द्वारा आयोजित की गई परिचर्चा में भी भाग लेंगी। जिसका विषय 'मिडिल पावर्स एंड द चेंजिंग ग्लोबल ऑर्डर' रखा गया है। वर्तमान समय में बनी हुई भू-राजनीतिक अस्थिरता के दौर में उनके द्वारा बहुआयामी व बहुपक्षीय सहयोग पर जोर दिया जाएगा।

परिजनों के निर्णय की सऊदी अरब में मौजूद भारतीय दूतावास ने दी जानकारी

हूती के हमले में मारे गए भारतीय मोहम्मद युसूफ अली का रियाद में होगा अंतिम संस्कार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बीते दिनों सऊदी-अरब के किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 3 और 4 पर यमन के हूती विद्रोहियों के हवाई हमले में मारे गए एक 46 वर्षीय भारतीय आईटी इंजीनियर मोहम्मद युसूफ अली का अंतिम संस्कार रियाद में ही होगा।

खाड़ी देश में मौजूद भारत के दूतावास ने अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए यह जानकारी देते हुए बताया कि 10 अक्टूबर को हुए हमले में मारे गए भारतीय नागरिक के परिजनों ने यह निर्णय लिया है कि उनका



अंतिम संस्कार रियाद में ही किया जाएगा। दूतावास द्वारा इस संबंध में पीड़ित परिवार को हर संभव मदद प्रदान की जा रही है। जिसमें अंतिम संस्कार से जुड़ी हुई तमाम औपचारिकताओं को पूरा करना भी शामिल है। ज्ञात हो कि हमले की सीसीटीवी फुटेज के हवाले से सऊदी प्रशासन ने दावा किया है कि इस हमले को यमन के हूती विद्रोहियों ने अंजाम दिया है। हालिया हुए हमले में 13 लोगों की मौत हुई है, 300 से ज्यादा लोग घायल हैं। उधर, विदेश मंत्रालय ने होर्मुज जलडमरूमध्य में दो वाणिज्यिक जहाजों पर हुए हमलों की घटना के बाद एक बयान के जरिए संघर्ष का समाधान निकालने को लेकर बने हुए नई दिल्ली के पक्ष को मजबूती से दोहराते हुए कहा कि इस संबंध में बातचीत और कूटनीति के मार्ग को ही अपनाया जाना चाहिए। नाविकों की सुरक्षा भारत की सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शुमार है।

पीड़ित परिवारों से संपर्क में दूतावास

दूतावास की पोस्ट में यह भी बताया गया कि मिशन के अधिकारियों ने अस्पताल का दौरा किया। जहां हमले में घायल हुए भारतीयों का उपचार किया जा रहा है। कुल करीब पांच लोग इस वक्त आईसीयू में भर्ती हैं। जिनमें से तीन पहले से भर्ती हैं। जबकि दो अन्य को भी बाद में भर्ती किया गया है। दो को सामान्य वार्ड में भेजा गया है और बाकी को छुट्टी दे दी गई है। दूतावास हमले में घायल हुए लोगों के लगातार संपर्क में बना हुआ है और उन्हें हर प्रकार से जरूरी सहायता प्रदान कर रहा है।

जयशंकर ने व्यक्त की संवेदनाएं

बता दें, हमले के अगले दिन यानी 11 अक्टूबर को दूतावास ने बताया कि इस घटना में देश के एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। साथ ही कहा, दुख की इस घड़ी में भारतीय मिशन पीड़ित परिवार के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं व्यक्त करता है व उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। वहीं, मामले पर विदेश मंत्री डा.एस.जयशंकर ने भी एक्स पोस्ट के जरिए शोक जताते हुए संबंधित परिवारजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की थीं।

एमपी नगर में डीबी मॉल से लौट रहे डॉक्टर परिवार को बनाया निशाना

बेखौफ बदमाश : एम्स डॉक्टर की पत्नी का पर्स और छात्र का आईफोन झपटा, दूध डेयरी संचालक से लूट की कोशिश में चाकू से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एमपी नगर स्थित यश बैंक एटीएम के पास अज्ञात स्कूटी सवार बदमाशों ने एम्स के डॉक्टर की पत्नी का पर्स झपट लिया। घटना रविवार रात करीब 10 बजे के आसपास की है। पर्स में कुछ नगदी, दो मोबाइल सहित कार का रजिस्ट्रेशन कार्ड कार की चाबी सहित एटीएम और अन्य सामान था। पुलिस ने अज्ञाज स्कूटी सवार बदमाशों के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार उत्कल प्रियदर्शी मिश्रा एचआईजी-281 बागमुगलिया एक्सटेंशन लहारपुर में रहते हैं और एम्स में डॉक्टर हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि रविवार शाम वह पत्नी स्मृति प्रज्ञान शामल के साथ डीबी मॉल शॉपिंग करने आए थे।

पर्स में दो मोबाइल कार की चाबी रजिस्ट्रेशन कार्ड और क्रेडिट कार्ड समेत कई दस्तावेज थे



फोटो : एआई।

वंदे भारत कोच फैक्ट्री के पास दूध देकर लौट रहे डेयरी संचालक को चार बदमाशों ने रोका, पैसों की मांग कर पर्स छीनने की कोशिश की

सफेद रंग की स्कूटी से आए दो अज्ञात युवक

इस दौरान अपनी कार कार यश बैंक एटीएम कि सामने खड़ी कर दी। रात करीब 10 बजे शॉपिंग करने के बाद पत्नी और बच्ची के साथ डीबी मॉल से पैदल-पैदल यश बैंक एटीएम अपनी कार की तरफ जा रहे थे। शराब की दुकान के सामने पहुंचते ही सफेद रंग की स्कूटी से आए दो अज्ञात युवकों में पीछे बैठे युवक ने उनकी पत्नी के हाथ से पर्स झपट लिया। पर्स में दो मोबाइल, ड्राईविंग लाईसेंस, हुंडई ग्रेंड आईटेन कार का रजिस्ट्रेशन कार्ड और कार की चाबी, एसबीआई बैंक का डेविड कार्ड व क्रेडिट कार्ड, एस्स अस्पताल के ईएनटी शाखा की चाबी सहित अन्य सामान था।

मंदिर से घर लौट रहे छात्र का आईफोन झपटा

बाग सेवनिया पुलिस के मुताबिक साकेत नगर स्थित अलकापुरी निवासी अरनव लाड पढ़ाई करता है। उसने पुलिस को बताया कि 11 अक्टूबर की रात करीब सवा आठ बजे वह पहाड़ी वाले माता मंदिर साकेत नगर से पैदल अपने घर जा रहा था। मंदिर के आगे पहुंचते ही सामने से काले रंग की पल्सर एनएस 200 बाइक पर सवार होकर आए दो युवकों ने उसके हाथ से मोबाइल फोन झपट लिया। फरियादी ने बताया कि झपटा गया मोबाइल एप्पल कंपनी का आईफोन-17 सेज ग्रीन रंग का था। वारदात के बाद दोनों आरोपी थिंक गैस पंप की तरफ भाग गए। पीड़ति ने बताया कि घटना के समय वहां से गुजर रहे लोगों ने वारदात देखी थी। पुलिस शिकायत के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

दूध संचालक से पर्स छीनने की कोशिश में चाकू मारा, उंगलियों में आई चोट

स्टेशन बजरिया पुलिस के मुताबिक करारिया फार्म निवासी आलोक यादव दूध डेयरी संचालक हैं। रविवार रात करीब 10 बजे वह दूध देकर लौट रहे थे। तभी वंदे भारत कोच फैक्ट्री के पास शराब पी रहे चार अज्ञात बदमाशों ने आलोक यादव को रोक लिया और पैसों की मांग करने लगे। इंकार करने और विरोध करने पर बदमाशों ने मारपीट करते हुए पर्स छीनने की कोशिश की। लूटपाट में नाकाम होने पर उनमें से एक बदमाश ने आलोक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। फरियादी ने चाकू का वार अपने हाथ से रोक लिया, जिससे उंगलियों में गंभीर चोट आ गई। शोर सुनकर लोगों को आता देख बदमाश वहां से फरार हो गए। घटना के बाद फरियादी सीधे स्टेशन बजरिया थाने पहुंचा और अज्ञात बदमाश हो गए खिलाफ प्रकरण दर्ज करा दिया।

खबर संक्षेप

गोवंश के आरोपियों की कॉल डिटेल की जांच हो



भोपाल। कोलार के दामखेड़ा में गोवंश की हत्या करने वाले आरोपियों के मोबाइल की कॉल डिटेल की जांच करने की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस सचिव राजकुमार सिंह ने पुलिस कमिश्नर संजय कुमार से मुलाकात की। राजकुमार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने पुलिस कमिश्नर से कोलार में गोवंश हत्या के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही को लेकर ज्ञापन भी सौंपा।

दशहरे पर चोला धारक अनुज मालवीय ने कराया सुंदरकांड पाठ



ओबेदुल्लागंज। दशहरे के अवसर पर महावीर चोला धारण करने वाले अनुज मालवीय ने सुंदरकांड पाठ का आयोजन कराया। इसमें मानस मंडल ने सहयोग किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता, पंकज शर्मा तथा चोला धारक नरेंद्र नंदवंशी, सागर वासवानी, हेमंत गुप्ता और कपिल कालेन उपस्थित रहे। मानस मंडल की ओर से अनुज मालवीय को राम दरबार का चित्र भेंट किया गया।

चरित्र पर करता था संदेह, शराबी पति ने नशे में की बर्बरता

हैवानियत...पति ने दुष्कर्म के बाद पत्नी के प्राइवेट पार्ट को पहुंचाया नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र में महिला के साथ दरिंदगी का मामला सामने आया है। शराबी पति ने चरित्र हनन का आरोप लगाते हुए अपनी पत्नी को सरेराह न सिर्फ निर्वस्त्र किया बल्कि घर ले जाकर दुष्कर्म भी किया। दुष्कर्म करने के बाद आरोपी पति ने पत्नी के प्राइवेट पार्ट को नुकसान पहुंचाया। अधिक मात्रा में खून बहने से पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल से मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता की शिकायत पर पति के खिलाफ दुष्कर्म और मारपीट समेत कई धाराओं पर प्रकरण दर्ज किया। घटना के बाद से आरोपी पति फरार है।

पुलिस के मुताबिक छोला मंदिर थाना क्षेत्र में रहने वाली 26 साल की महिला घरों में साफ-सफाई का काम करती है। उसका पति प्लंबर है और शराब पीने का आदी है। पहली पत्नी की मौत के बाद उसने पीड़िता से दूसरी शादी की थी। पहली पत्नी से उसके दो बच्चे हैं, जबकि दूसरी पत्नी से उसके तीन बच्चे हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी पति अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। उसे लगता था कि उसकी पत्नी काम पर जाने के बहाने पैसों के लिए गलत काम करती है। इसी बात को लेकर इससे पहले भी कई बार विवाद हो चुका है।

पति पर दुष्कर्म, मारपीट समेत कई धाराओं पर केस दर्ज



पड़ोसियों ने कराया अस्पताल में भर्ती

पुलिस ने बताया कि घर आने के बाद आरोपी ने घर में मौजूद बच्चों के सामने ही पत्नी के साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद उसने पत्नी के प्राइवेट पार्ट को नुकसान पहुंचाया। चीख-पुकार सुनकर जब पड़ोसी मौके पर पहुंचे, तब आरोपी वहां से भाग निकला। पड़ोसियों ने गंभीर हालत में महिला को अस्पताल में भर्ती कराया।

सरेराह निर्वस्त्र करने का प्रयास

पुलिस से बताया कि शनिवार रात करीब 9 बजे पीड़िता काम करके घर लौटी थी। उसे समय पति घर पर ही था और नशे में धुत था। पत्नी के घर लौटते ही उसने मारपीट शुरू कर दी। पत्नी पर गलत आरोप लगाते हुए पति ने कहा कि चल तेरा मेडिकल कराते हैं। सच्चाई सामने आ जाएगी। बताया जा रहा है कि आरोपी पति महिला को घसीटता हुआ घर से बाहर ले गया और कुछ दूरी पर उसको निर्वस्त्र करने का प्रयास करने लगा। इससे पहले कि वह अपने मंसूबों में कामयाब हो पाता, आसपास के लोगों ने फटकार लगाकर उसे घर भेज दिया।

आईटी कंपनी में काम करने वाली युवती ने की आत्महत्या

भोपाल। कोलार थाना क्षेत्र के महाबली नगर में 29 वर्षीय युवती ने अपने फ्लैट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान रोली सिंह पिता दिवाकर सिंह के रूप में हुई है। वह एमसीए की पढ़ाई पूरी करने के बाद एक आईटी कंपनी में वर्क फ्रॉम होम कर रही थी। मूल रूप से रीवा की रहने वाली थी और भोपाल में अकेली रहती थी।

■ कोलार के महाबली नगर में रहती थी अकेली युवती

कपड़े की दुकान में काम करने वाले युवक ने फांसी लगाई

भोपाल। बैरागढ़ इलाके में एक युवक ने फांसी लगा ली है। वह मूलतः उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। पुलिस को किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक 23 वर्षीय चंदन निशाद पिता श्रीराम निशाद मूलतः उत्तर प्रदेश के आंबेडकर नगर जिले का रहने वाला है। वह कुछ महीना पूर्व ही भोपाल के बैरागढ़ में काम की तलाश करते हुए आया था।

ओएलएक्स पर संपर्क, कमला पार्क में कार का सौदा कर रकम ली

10.50 लाख में स्कॉर्पियो खरीदी, छह दिन बाद गायब, फर्जी मालिक बनकर की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ओएलएक्स पर कार खरीदने के लिए संपर्क करना मंदसौर के एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। भोपाल के कमला पार्क में स्कॉर्पियो का सौदा कर 10.50 लाख रुपए लेने के बाद आरोपियों ने कार वापस ले ली। पीड़ित को बाद में पता चला कि जिस व्यक्ति ने खुद को कार का मालिक बताकर सौदा किया था, वह असली मालिक नहीं था। मामले में मंदसौर के कोतवाली थाने में जीरो पर दर्ज एफआईआर को श्यामला हिल्स थाने भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मंदसौर जिले से भोपाल पहुंचा मामला

पुलिस के मुताबिक मंदसौर के खानपुरा निवासी शकील कुरैशी ने शिकायत में बताया कि ओएलएक्स के जरिए उसका संपर्क भोपाल निवासी अमन खान से हुआ था। अमन ने उसे महिंद्रा स्कॉर्पियो एमपी49 जेडएफ 4837 दिखाई, जो हर्ष राय के नाम पर रजिस्टर्ड थी। 10 जून को कमला पार्क में कार का सौदा 10.50 लाख रुपए में तय हुआ। उसने 5.50 लाख रुपए नकद दिए। इसके बाद 12 और 13 जून को भी नकद रकम दी, दो लाख रुपए यूपीआई के जरिए ट्रांसफर किए। 13 जून को कार का विक्रय अनुबंध भी कराया गया। शकील कार लेकर मंदसौर पहुंचा और 14 जून को अपने परिचित को दे दी। 16 जून की रात कार स्टेशन रोड स्थित स्मृति बैंक के बाहर खड़ी की गई थी। अगले दिन सुबह वह गायब मिली। बैंक के सीसीटीवी फुटेज में कार सुबह करीब पांच बजे ले जाते हुए दिखाई दी। इसके बाद टोल नाके के कैमरों में भी कार भोपाल की ओर जाती नजर आई। अमन खान, युवराज शर्मा और हर्ष राय नाम बताने वाले व्यक्ति पर धोखाधड़ी का संदेह जताया है। उसका आरोप है कि असली मालिक ने कार का सौदा करने से इनकार कर दिया। मंदसौर कोतवाली में केस दर्ज किया गया था। घटना स्थल भोपाल के कमला पार्क क्षेत्र से संबंधित होने के कारण केस डायरी श्यामला हिल्स थाने भेजी गई है। पुलिस अब कार और आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है।

वॉक पर निकले आर्मी हवलदार की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गौतम नगर में सोमवार सुबह रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से सेना के रिटायर्ड हवलदार की मौत हो गई। मृतक की पहचान 57 वर्षीय सुरेश सिंह कनर्जी पिता भवानी सिंह कनर्जी निवासी प्रेम नगर नारियलखेड़ा के रूप में हुई है। वे मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान रेलवे ट्रैक पार करते समय हादसा हो गया।

पुलिस के मुताबिक सुरेश सिंह सेना में हवलदार के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सोमवार सुबह रेलवे ट्रैक पार करते समय वे ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर गौतम नगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक का बेटा हरीश भी सेना में नायक के पद पर तैनात है। सुरेश सिंह के शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि हादसा रेलवे ट्रैक पार करते समय हुआ। परिजनों ने भी सुरेश सिंह की मौत को लेकर किसी तरह का संदेह जाहिर नहीं किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

वीआईपी रोड पर झोले में मिला नवजात बच्ची का शव

भोपाल। वीआईपी रोड पर राजा भोज की प्रतिमा के पास सोमवार दोपहर झोले में नवजात बच्ची का शव मिलने से सनसनी फैल गई। कोई अज्ञात व्यक्ति कपड़े में लपेटकर बच्ची का शव झोले में रखकर छोड़कर गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची का शव बरामद कर पीएम के लिए मचूर्री भेज दिया है। तलैया थाना पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। साथ ही आसपास के अस्पतालों में भी बच्ची की मां के बारे में जानकारी जुटा रही है।

दो दिवसीय आयोजन का समापन, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी हुई

अग्रसेन जयंती पर उत्सव का रंग, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, महिलाओं ने किया गरबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज।

अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन की 5150वीं जयंती पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का उत्साहपूर्ण समापन हुआ। आयोजन में समाज के बच्चों, युवाओं, महिलाओं और पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा अग्रसेन और माता लक्ष्मी की आरती एवं पूजन से हुई। इसके बाद विभिन्न आयु वर्गों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों और महिलाओं ने प्रतिभा दिखाई। महिलाओं ने आकर्षक गरबा नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया।इस अवसर पर समाज की अध्यक्ष विद्या अग्रवाल ने नमिता अग्रवाल का स्वागत एवं सम्मान किया। इसके बाद प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। प्रतियोगिताओं में सिद्धार्थ मित्तल, अर्पित अग्रवाल, लड्डू अग्रवाल, अभिनय अग्रवाल, सुश्रुत अग्रवाल, आशीष अग्रवाल सहित अन्य युवाओं ने भाग लिया। गरबा प्रस्तुतियों में दिव्या, सोनाली, रेनू, मानसी, सपना, प्रीति, ममता, निशा, प्रेरणा और प्रतिभा सहित अनेक महिलाओं ने हिस्सा लिया।



जेल विभाग की प्रहरी पद की परीक्षा की थी उत्तीर्ण

होमगार्ड सेवा का फर्जी प्रमाण पत्र लेकर पहुंचा अभ्यर्थी

सहायक जेल अधीक्षक ने प्रकरण दर्ज करने भेजी थाने को रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रातीबड़ थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ जालसाजी का मामला दर्ज किया है। यह मामला जेल विभाग की तरफ से आयोजित जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा से जुड़ा है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसने नौकरी पाने के लिए होमगार्ड सेवा का फर्जी सेवा प्रमाण पत्र लगाया था।

रातीबड़ थाना प्रभारी रास बिहारी शर्मा ने बताया कि इस संबंध में जेल विभाग की तरफ से जांच की गई थी। जांच रिपोर्ट सहायक जेल अधीक्षक छतरपुर के मनीष त्यागी ने दी थी। प्राथमिक विवेचना और सबूतों के आधार पर पुष्पेंद्र सिंह सोलंकी पिता दिलीप सिंह सोलंकी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। वह मूलतः सीहोर जिले के श्यामपुर का रहने वाला है। पुष्पेंद्र सिंह सोलंकी नाथू बरखेड़ा में स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल अकादमी में आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हुआ। उसने पहली परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी। शारीरिक परीक्षण के दौरान आरोपी पुष्पेंद्र सिंह सोलंकी ने राजगढ़ जिले के होमगार्ड सेवा का प्रमाण पत्र दिया।

चौराहे से गौहरगंज और बरखेड़ा रोड तक यातायात बाधित

औबेदुल्लागंज में जाम का जंजाल, नवरात्रि में श्रद्धालुओं की बढ़ रही हैं परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज।

नगर में जाम की समस्या अब लोगों के लिए रोजाना की परेशानी बन गई है। मुख्य चौराहे से गौहरगंज रोड स्थित स्टेट बैंक तक और बैंक ऑफ इंडिया से बरखेड़ा रोड तक आए दिन यातायात बाधित रहता है। सीताराम औ आंबेडकर चौराहे पर भी वाहनों की भीड़ से लोगों को जूझना पड़ता है। इससे स्कूली बच्चों और नौकरीपेशा लोगों को देरी का सामना करना पड़ रहा है।

सीताराम और आंबेडकर चौराहे लगता है जाम



सलकनपुर जाने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ेगी भीड़

शारदीय नवरात्रि में सलकनपुर स्थित मां विजयासन देवी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ने से जाम की समस्या गंभीर हो सकती है। ऐसे में नगरवासियों की चिंता बढ़ गई है।लोगों ने पुलिस और नगर परिषद प्रशासन से प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिस तैनात करने, सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों पर कार्रवाई करने और निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि आमजन और श्रद्धालुओं को राहत मिल सके।

साइबर ठगों ने छह मामलों में 3.13 लाख रुपए उड़ाए

रिवॉर्ड पॉइंट, पुलिस का डर तो कहीं मोबाइल हैकिंग के नाम पर ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में साइबर ठगों ने अलग-अलग तरीके अपनाकर लोगों को निशाना बनाया। छह शिकायतों में करीब 3.13 लाख रुपए की ठगी सामने आई है।

ठगों ने कहीं रिश्तेदार बनकर मदद मांगी, तो कहीं बैंक अधिकारी बनकर क्रेडिट कार्ड की जानकारी हासिल की। एक युवक को पुलिस भेजने की धमकी देकर किस्तों में रुपए ट्रांसफर कराए गए। साइबर सेल में शिकायतों के आधार पर मामलों की जांच की जा रही है।



पुलिस का डर दिखाकर 35 हजार 700 ठग

आनंद नगर निवासी अरुण अहिरवार को मोबाइल पर गलत वीडियो देखने के नाम पर पुलिस भेजने की धमकी दी गई। डेटा डिलीट कराने का झांसा देकर आरोपी ने छह बार में फोन-पे के जरिए 35,700 रुपए ट्रांसफर करा लिए।

पिपलानी में रिश्तेदार बनकर 55 हजार रुपए उड़ाए

पिपलानी निवासी डाक सहायक मो. आजम कुरैशी को उनके मामा के बेटे के मोबाइल नंबर से मैसेज आया। एक घंटे में रकम लौटाने का भरोसा देकर 55 हजार रुपए मांगे गए। रुपए भेजने के बाद पता चला कि रिश्तेदार का मोबाइल हैक हुआ था।

बैंक अधिकारी बनकर 87 हजार 559 रुपए निकाले

भारत नगर निवासी प्रतीक त्यागी को इंडसइंड बैंक का रिलेशनशिप मैनेजर बनकर फोन किया गया। क्रेडिट कार्ड के रिवॉर्ड पॉइंट और नए ऑफर का झांसा देकर फर्जी वेबसाइट पर लॉगिन कराया। इसके बाद उनके कार्ड से 87,559 रुपए का ट्रांजेक्शन हो गया।

रिवॉर्ड पॉइंट के नाम पर 34 हजार 963 रुपए की चपत

निशातपुरा निवासी नीतेश प्रजापति को आरबीएल बैंक कर्मचारी बनकर फोन किया गया। पांच हजार रिवॉर्ड पॉइंट कैश कराने के लिए भेजे गए लिंक पर क्लिक करते ही क्रेडिट कार्ड से 34 हजार 962.88 रुपए कट गए।

साइबर फ्रॉड ने की ऑनलाइन ठगी

कमला मेहरा से 69 हजार 998 रुपए और विशाल कैयम से 30 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी की शिकायतें सामने आई हैं। पुलिस मामलों की जांच कर रही है।

राजकुमार शर्मा के बाद आशीष यादव पर हुई कार्रवाई

नगर परिषद में फाइलें गायब होने पर दूसरा कर्मचारी निलंबित, 8 पार्षदों ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज।

नगर परिषद में महत्वपूर्ण फाइलों, अभिलेखों और रसीदों के गायब होने के मामले में कार्रवाई से हड़कंप मचा है। राजस्व निरीक्षक राजकुमार शर्मा के निलंबन के बाद अब कर्मचारी आशीष यादव को भी निलंबित किए जाने की जानकारी सामने आई है।

लगातार हो रही कार्रवाई से दस्तावेजों के रखरखाव और जिम्मेदार कर्मचारियों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।वहीं, नगर परिषद के आठ पार्षदों ने आरोप लगाया है कि फाइलों और दस्तावेजों से जुड़ी अनियमितताएं अध्यक्ष पति की कथित मौन स्वीकृति से होती रही हैं।

पार्षदों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, आरोपों की पुष्टि और संबंधित पक्ष का जवाब सामने आना बाकी है। अब निगाहें जांच पर टिकी हैं। लोगों को उम्मीद है कि जांच में गायब फाइलों और रसीदों का ब्योरा सामने आएगा तथा जिम्मेदारों की भूमिका स्पष्ट होगी।



दस्तावेजों की गुमशुदगी और जिम्मेदारी तय करने की मांग तेज

24 घंटे, सातों दिन निःशुल्क सेवा दी जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेज ने

'सम्मान' से हुई अंतिम विदाई, 34 हजार परिवारों का सहारा बनी शव वाहन सेना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जीवन के सबसे कठिन और भावनात्मक क्षणों में जब कोई परिवार अपने प्रियजन को खो देता है, उस समय आर्थिक एवं मानसिक परेशानी स्थिति को और अधिक कठिन बना देती है। ऐसे संवेदनशील समय में मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित निःशुल्क शासकीय शव वाहन सेवा जरूरतमंद परिवारों के लिए मानवीय सहारा बनी है। जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेज (जेएईएस) 108 एंबुलेंस एवं शासकीय शव वाहन सेवा के माध्यम से प्रदेश में अब तक 34 हजार 814 मामलों में जरूरतमंद परिवारों को उनके परिजनों के पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक एवं निःशुल्क उनके निवास , श्मशान घाट अथवा कब्रिस्तान तक पहुंचाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

प्रदेश के सभी जिलों में 148 शव वाहनों के माध्यम से 24 घंटे, सातों दिन निःशुल्क सेवा प्रदान की जा रही है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी परिवार को अपने प्रियजन की अंतिम यात्रा के लिए आर्थिक कठिनाई के कारण परेशानी का सामना न करना पड़े।

प्रदेश के सभी जिलों में 148 शव वाहन दे रहे सेवा



इन परिस्थितियों में उपलब्ध है सेवा

- निःशुल्क शासकीय शव वाहन सेवा मुख्य रूप से सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु होने पर, मेडिकल कॉलेज अस्पताल से पार्थिव शरीर को निवास स्थान तक पहुंचाने, अस्पताल से श्मशान घाट अथवा कब्रिस्तान तक पार्थिव शरीर पहुंचाने के लिए उपलब्ध कराई जाती है।
- यह सुविधा प्रदेश के विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों, जिनमें मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल है।

रीवा में सर्वाधिक एक हजार 761 तो भोपाल में 624

शव वाहन सेवा की रीवा में सर्वाधिक 1761 शव वाहन सेवाएं दर्ज की गई हैं। छिंदवाड़ा में 1371, खंडवा में 1282, शहडोल में एक हजार 265, सागर में एक हजार 245, पन्ना में एक हजार 183, सतना में एक हजार 074, छतरपुर में एक हजार 013, बैतूल में 992, शिवपुरी में 988, दमोह में 876, खरगोन में 870, विदिशा में 847 और ग्वालियर में 825 और भोपाल में 624 मामलों में सेवा प्रदान की गई है।

शव वाहन सेवा एक संवेदनशील प्रयास

शासकीय शव वाहन सेवा केवल शव परिवहन की सुविधा नहीं, बल्कि किसी परिवार के जीवन के सबसे कठिन समय में उसके साथ खड़े रहने का एक संवेदनशील प्रयास है। अंतिम विदाई के समय पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक परिवार तक पहुंचाना इस सेवा का मूल उद्देश्य है। शव वाहन सेवा को आमजन के लिए अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 155334 जारी किया गया है। सेवा 24 घंटे एवं सातों दिन उपलब्ध है।

तरुण सिंह परिहार,
सीनियर मैनेजर, जेएईएस

त्योहारों पर सौगातः भोपाल मंडल से गुजरेंगी एक दर्जन स्पेशल ट्रेनें



भोपाल। दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर्व पर ट्रेनों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त रेल सेवाओं की व्यवस्था की है। पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल होकर 12 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इन ट्रेनों से बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और अन्य प्रमुख शहरों की ओर जाने वाले यात्रियों को सफर के अतिरिक्त विकल्प मिलेंगे। कुछ ट्रेनों का ठहराव रानी कमलापति, भोपाल, इटारसी, बीना और गुना स्टेशनों पर रहेगा। रेलवे के अनुसार, इन सेवाओं से नियमित ट्रेनों में यात्रियों का दबाव कम करने में भी मदद मिलेगी।

इन प्रमुख रूटों पर चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

- **रानी कमलापति-दानापुर** (01667/01668): 12 अक्टूबर से 17 नवंबर तक निर्धारित दिनों में दोनों दिशाओं में 11-11 फेरे के लिए चलाई जाएगी।
- **रानी कमलापति-रीवा** (02191/02192): अक्टूबर और नवंबर में निर्धारित तिथियों पर दोनों दिशाओं में 4-4 फेरे।
- **एलटीटी- मऊ** (01123/01124): 11 अक्टूबर से 22 नवंबर तक संचालन।
- **पुणे-गोरखपुर** (01415/01416): दोनों दिशाओं में 32-32 फेरे।
- **एलटीटी-गोरखपुर** (01079/01080): दोनों दिशाओं में 32-32 फेरे।
- **हडपसर-गाजीपुर सिटी** (01431/01432): 13 अक्टूबर से 22 नवंबर तक दोनों दिशाओं में 12-12 फेरे।
- **एलटीटी-बनारस** (01051/01052): 14 अक्टूबर से 19 नवंबर तक निर्धारित दिनों में संचालन।

श्रमोदय विद्यालय के हॉस्टल के खाने में छिपकली मिलने का मामला

फूड पॉइजनिंग:13 बच्चे अस्पताल से डिस्चार्ज, मैस संचालक को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुगालिया छाप-नीलबड़ स्थित शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय में भोजन में छिपकली मिलने के मामले में मैस संचालक को नोटिस जारी किए गए हैं। प्राचार्य द्वारा 5 सदस्यीय जांच कमेटी बनाने के साथ ही मैस संचालक को नोटिस थमाया है। वहीं श्रम विभाग द्वारा भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। वहीं दूसरी ओर दूषित भोजन से बीमार हुए बच्चे अस्पताल से डिस्चार्ज होकर होकर श्रमोदय आवासीय विद्यालय पहुंच गए हैं। श्रमोदय आवासीय विद्यालय की प्राचार्य रतना दुबे के अनुसार, बच्चे अब स्वस्थ हैं। अस्पताल में उपचार और निगरानी के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है। अब मामले में मैस संचालक पर कार्रवाई की तैयारी है। प्राचार्य की ओर से जारी नोटिस का जवाब मंगलवार तक कसोटियम सर्विसेस को देना है। संचालक के स्पष्टीकरण के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

प्राचार्य ने बनाई 5 सदस्यीय जांच कमेटी, विभाग ने भी दिया नोटिस



जांच करती खाद्य अमले की टीम।

व्यवस्था पर सवाल, खाद्य विभाग ने लिए सैंपल :

मुगालिया छाप-नीलबड़ स्थित शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय में छात्र और छात्राओं के लिए 52-520 सीट का छात्रावास है और दोनो छात्रावासों का भोजन एक ही मेस में तैयार होता है। ऐसे में घटना के बाद विद्यालय की रसोई में भोजन की स्वच्छता और गुणवत्ता जांचने की व्यवस्था पर सवाल उठे थे। मंगलवार को जवाब मिलने के बाद प्रबंधन स्पष्टीकरण की समीक्षा करेगा। लापरवाही सामने आने पर मैस का ठेका समाप्त करने सहित अन्य कार्रवाई की जा सकती है। वहीं खाद्य विभाग की टीम ने भी मैस का निरीक्षण कर सैंपल लिए हैं, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

यह है पूरा मामला

शनिवार रात हॉस्टल में खाना खाने के बाद 13 विद्यार्थियों की तबीयत बिगड़ गई थी। बच्चों ने भोजन में छिपकली मिलने की बात कही थी। इसके बाद सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने उनकी हालत सामान्य होने पर छुट्टी दे दी।

संचालक पर कार्रवाई की जाएगी...

हमको जैसे ही इस मामले की जानकारी मिली हमारे द्वारा तत्काल बच्चों को अस्पताल भेजा गया था। अब सभी बच्चे स्वस्थ होकर हॉस्टल आ गए हैं। मैस संचालक को नोटिस दिया गया है। स्पष्टीकरण मिलने के बाद मैस संचालक पर कार्रवाई तय की जाएगी।

रत्ना दुबे, प्राचार्य,
शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय, नीलबड़

मप्र के अलावा महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान तक फैली आस्था

मन्नत वाली महाकाली की प्रतिमा स्थापना के लिए 2056 तक बुकिंग, समिति ने बंद की नई बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

संस्कारधानी जबलपुर के रांझी स्थित मन्नत वाली महाकाली का दरबार श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र है। यहां माता के प्रति भक्तों का विश्वास ऐसा है कि प्रतिमा स्थापना के लिए वर्ष 2056 तक बुकिंग हो चुकी है। बढ़ती मांग और लंबी प्रतीक्षा सूची के बीच समिति ने अब नई बुकिंग बंद कर दी है। इस दरबार की विशेषता यह है कि भक्तों की मान्यता के अनुसार, मनोकामना पूरी होने पर वे माता की प्रतिमा स्थापित कर अपनी श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। यही परंपरा इस स्थान को विशिष्ट पहचान दिलाती है।



मप्र से बाहर तक ख्याति

महाकाली के प्रति आस्था का दायरा जबलपुर और मध्यप्रदेश तक सीमित नहीं है। महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान सहित दूसरे राज्यों के श्रद्धालु भी यहां प्रतिमा स्थापित करने के लिए उत्सुक रहते हैं। दूर-दराज से जुड़े भक्तों के लिए माता की प्रतिमा स्थापित करना विशेष धार्मिक अवसर माना जाता है।

मनोकामना पूरी होने पर स्थापित करते हैं प्रतिमा

रांझी की मन्नत वाली महाकाली के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था केवल दर्शन और पूजा तक सीमित नहीं है। यहां भक्त माता के समक्ष अपनी मनोकामना रखते हैं और मुराद पूरी होने पर प्रतिमा स्थापित करने का संकल्प लेते हैं। श्रद्धालु इसे माता के प्रति आभार व्यक्त करने का माध्यम मानते हैं। इसी मान्यता के चलते प्रतिमा स्थापना के लिए लोगों में विशेष उत्साह रहता है। बुकिंग का वर्ष 2056 तक पहुंचना इस परंपरा से जुड़े लोगों की संख्या और इसके प्रति उनके लगाव को दर्शाता है।

22 साल बाद मिला श्यामा बाई वर्मा को अवसर

एक खास कहानी सेवानिवृत्त शिक्षिका श्यामा बाई वर्मा की भी है। उन्हें 22 साल बाद प्रतिमा स्थापित करने का अवसर मिला है। यह अवसर धार्मिक नहीं, बल्कि वर्षों से जुड़ी आस्था और संकल्प से भी जुड़ा है। उनका अनुभव इस परंपरा से जुड़े श्रद्धालुओं की भावनाओं को समझने का अवसर देता है।

समिति संभालती है व्यवस्था

माता की प्रतिमा स्थापना की बुकिंग और उससे संबंधित व्यवस्था समिति के माध्यम से संचालित होती है। समिति के अनुसार, वर्ष 2056 तक बुकिंग हो चुकी है और नई बुकिंग बंद कर दी गई है। काली माता के पंडा रमेश शर्मा और कोषाध्यक्ष पंकज से इस परंपरा की शुरुआत, बुकिंग व्यवस्था और प्रतिमा स्थापना से जुड़े नियमों की विस्तृत जानकारी ली जा सकती है। रांझी की मन्नत वाली महाकाली का दरबार इस बात का उदाहरण है कि धार्मिक परंपराएं किस तरह लोगों की आस्था और जीवन के अनुभवों से जुड़ती हैं। प्रतिमा स्थापना के लिए दशकों आगे तक पहुंची बुकिंग इस स्थान की विशिष्ट पहचान और श्रद्धालुओं के विश्वास को सामने लाती है।

अंतर को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षकों में नाराजगी

जनजातीय विभाग में पदोन्नति में देरी को लेकर एक बार फिर स्कूल शिक्षा में उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जनजातीय कार्य विभाग में पदोन्नति के आदेश जारी किए गए है। इसके साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग ने पदोन्नति में देरी को लेकर एक बार फिर कर्मचारी-शिक्षक संगठनों ने विरोध करते हुए सवाल उठाए हैं। संगठनों के अनुसार, भोपाल में स्कूल शिक्षा विभाग के 32 हजार से अधिक शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया लंबित है, जबकि जनजातीय कार्य विभाग ने 264 उच्च श्रेणी शिक्षकों और प्रधानपाठकों को व्याख्याता के पद पर पदोन्नति दे दी है। इस अंतर को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षकों में नाराजगी है। शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश ने सवाल उठाया है कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के बावजूद विभाग में पदोन्नति के आदेश क्यों जारी नहीं हो रहे हैं।

शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र कौशल ने कहा कि जनजातीय कार्य विभाग में पिछले कुछ महीनों में सहायक शिक्षक से उच्च श्रेणी शिक्षक और उच्च श्रेणी शिक्षक से व्याख्याता के पद पर पदोन्नतियां की जा चुकी हैं। इसके विपरीत, स्कूल शिक्षा विभाग में प्राथमिक शिक्षक, सहायक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक और उच्च श्रेणी शिक्षक की पदोन्नति प्रक्रिया अब भी लंबित है। संगठन ने शासन और स्कूल शिक्षा विभाग से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पर तत्काल निर्णय लेने की मांग की है।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का समाजजनों ने उठाया लाभ

अग्रबंधुओं ने कोलार के अग्रसेन चौराहे पर पूजा-अर्चना कर मनाई श्री अग्रसेन जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोलार अग्रवाल समाज ने कुल प्रवर्तक भगवान श्रीअग्रसेन महाराज की 5150 वी जयंती पर अग्रसेन चौराहा (पूर्व दानिश चौराहा) पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे महिला एवं पुरुष अग्रबंधुओं ने श्री अग्रसेन की पूजा अर्चना एवं आरती की गई। अग्रवाल समाज कोलार के अध्यक्ष शैलेन्द्र गर्ग ने बताया कि इसके पश्चात सभी अग्रबंधुओं को प्रसाद वितरण किया गया। वहीं, कोलार अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष डॉ अंकुर अग्रवाल, व सचिव सौरभ गुप्ता के अनुसार अग्रवाल समाज के बंधुओं के लिए एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक वैभव मैरिज गार्डन पर रखा गया। कोषाध्यक्ष तरुण अग्रवाल एवं सांस्कृतिक सचिव शैलेश अग्रवाल ने बताया कि शिविर में डॉ. आर. के अग्रवाल, डॉ प्रखर सिंघल (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. अखिलेश अग्रवाल (त्वचा रोग विशेषज्ञ), डॉ अमित अग्रवाल (बाल रोग विशेषज्ञ) डॉ वंदना अग्रवाल (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ तान्या गुप्ता (दंत चिकित्सक), डॉ अंकुर अग्रवाल (फिजियोथेरेपिस्ट), डॉ नमन अग्रवाल (न्यूरोलॉजिस्ट), डॉ रूपम अग्रवाल (रुमेटोलॉजिस्ट) इत्यादि उपस्थित थे।



इस अवसर पर अग्रवाल समाज कोलार कार्यकारिणी सदस्य सचिन अग्रवाल, सुरेश चंद्र गोयल, रविन्द्र बंसल एवं मुख्य संरक्षक सुनील मंगल, रामेश्वर अग्रवाल, शरद अग्रवाल के साथ ही संरक्षक हुकुम चंद अग्रवाल, रामपाल अग्रवाल, डॉ अनिल गोयल, डॉ ए.के.गर्ग आदि उपस्थित रहे।



ओबीसी आरक्षण पर बढ़ा सियासी पारा

अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण पर हाईकोर्ट के फैसले से प्रदेश में सियासी रार छिड़ गई है। हाईकोर्ट ने प्रदेश में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने से संबंधित सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं और 13 फीसदी होल्ड पदों पर अनारक्षित वर्ग को नियुक्तियां देने का आदेश दिया है। कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में 2019 से ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण लागू किया था। कांग्रेस का कहना है कि भाजपा की नीयत में ही खोट है। इसके विपरीत भाजपा का आरोप है कि कमलनाथ सरकार के 2019 के अध्यादेश और संशोधन कानून में तैयारी की कमी तथा कुछ ड्राफ्टिंग संबंधी त्रुटियां थीं।

सियासत से कैसे दूर रह पाएगी दिग्विजय की पदयात्रा

दिग्विजय सिंह ने जब उज्जैन से अयोध्या तक पद यात्रा की घोषणा की थी तभी ऐलान कर दिया था कि उनकी यह यात्रा पूरी तरह गैर राजनीतिक रहेगी। पदयात्रा 20 अक्टूबर को दशहरा से प्रारंभ होगी लेकिन इससे पहले यात्रा को लेकर दिग्विजय के जैसे बयान आए हैं, उन्हें देखकर सवाल पैदा होता है कि यह सियासत से कैसे दूर रह पाएगी? वे सभी को आमंत्रित करने की बात कह रहे हैं, लेकिन जो मुद्दे वे उठा रहे हैं उन्हें देखते हुए इंडिया गठबंधन से जुड़े लोग तो यात्रा से जुड़ सकते हैं।

गजेंद्र पटेल ये क्या-क्या बोल गए?

भाजपा सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री गजेंद्र सिंह पटेल इस समय अपने विवादित बयानों के कारण चर्चा में हैं। भाजपा के इस वरिष्ठ नेता ने अपरोक्ष रूप से देश की महिलाओं को बच्चे पैदा करने वाली मशीन और युवाओं-युवतियों को नशेड़ी ठहरा दिया है। पहले बयान में उन्होंने 'हम दो-हमारे पांच' का नारा देते हुए कहा कि प्रत्येक हिंदू को कम से कम पांच बच्चे पैदा करना चाहिए। दूसरा, उन्होंने कह दिया कि डीजे पर नाचने वाले 90 फीसदी युवा और युवतियां नशे में होते हैं। ताज्जुब की बात यह है कि भाजपा नेतृत्व ने इस नेता से अब तक जवाब-तलब तक नहीं किया।

संतों ने पूछा-तो शास्त्री पीठाधीश्वर क्यों?

बागेश्वर धाम का ताजा विवाद धाम आने वाली महिलाओं की सुरक्षा को लेकर दिए बयान से जुड़ा है। पं. धीरेंद्र शास्त्री ने कथा मंच से कह दिया कि महिलाएं और बेटियां बागेश्वर धाम अकेली न आएं और सेवादारों पर भी आंख मूंदकर भरोसा न करें। साध्वी हर्षानंद रिछारिया ने कहा कि यदि महिलाएं आश्रमों, धामों में सुरक्षित नहीं तो कहां हैं?संत अनिलानंद ने कहा कि यह बयान सनातन परंपरा और निष्ठा से दायित्व निभा रहे सेवादारों का अपमान है। वे सुरक्षा नहीं दे सकते हैं तो पीठाधीश्वर क्यों हैं?

भाजपा-कांग्रेस में यह बड़ा फर्क

आपसी सिर-फुटौव्वल और अंदरूनी कलह के मामले में भाजपा-कांग्रेस की लगभग एक जैसी स्थिति है। पर दोनों में ताजे दो विवादों से इस फर्क को समझा जा सकता है। पहला, धार जिले के धरमपुरी से भाजपा विधायक कालू सिंह ठाकुर ने अपने ही दल की केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर पर कुछ आरोप लगाते हुए उनके निवास के सामने भूख हड़ताल पर बैठने का ऐलान कर दिया। मामला प्रदेश भाजपा नेतृत्व के पास पहुंचा। विधायक को नोटिस जारी कर भोपाल तलब किया गया और प्रदेश कार्यालय पहुंचते ही उन्होंने माफी मांग कर मामले को समाप्त कर दिया। दूसरा, विवाद कांग्रेस के अंदर हुआ। चुनाव आयोग के खिलाफ आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस विधायक आतिफ अकील और प्रदेश महासचिव अमित शर्मा के बीच गाड़ी में बैठने को लेकर विवाद हो गया। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी में दोनों नेताओं के बीच गाली-गलौज और धक्का-मुक्की तक की नौबत आ गई। विवाद को कांग्रेस नेतृत्व ने कैसे निबटाया, किसी को नहीं मालूम।

- दिनेश निगम 'त्यागी'

सैकड़ों कर्मचारी रहे उपस्थित

अपेक्स बैंक कर्मचारी संघ के महामंत्री अशोकन का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऑल इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक एम्प्लॉइज ऑर्गेनाइजेशन के प्रथम अधिवेशन का आयोजन अयोध्या में किया गया। अधिवेशन में मप्र के अपेक्स बैंक कर्मचारी संघ के महामंत्री अशोकन एस को ऑल इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक एम्प्लॉइज ऑर्गेनाइजेशन का उपाध्यक्ष नामांकित किया गया। अशोकन को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर भोपाल आगमन के दौरान अपेक्स बैंक कर्मचारी संघ द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।



कार्यक्रम में कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, उपाध्यक्ष रघुनाथ नायर, उपाध्यक्ष पीएन गिरी, सचिव सूरज प्रसाद लूटेल, आशुतोष सिंह, अखिलेश यादव अन्य बैंक कर्मचारी में प्रदीप मालवीय, मुरलीलाल खटीक, जाकिर हुसैन, हरि शर्मा, श्रीकांत पांडे, मनोज रैकवार, प्रियंका यादव, नाजिया कुरैशी, आरसी मिश्रा उपस्थित रहे।

289 अनाथ बच्चों फीस भरेगा वक्फ बोर्ड

भोपाल। भोपाल में रहने वाले 289 अनाथ बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के लिए मप्र वक्फ बोर्ड अब उनकी स्कूल फीस जमा कराएगा। बोर्ड अध्यक्ष सनवर पटेल ने बताया कि इन बच्चों के पिता नहीं हैं और आर्थिक परेशानी के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका है। ऐसे बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने बोर्ड ने यह पहल की है। इसके लिए भोपाल स्थित वक्फ इदारा यतीमखाना शाहजहांनी की एक संपत्ति से होने वाली सालाना 21 लाख 60 हजार रुपए की आय का उपयोग किया जाएगा।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग साउथ सिविल लाईन जबलपुर

एनआईटी नं.- 08/2026/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण / 2026 — जबलपुर दिनांक 29.09.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स. क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनुमानित राशि (रू. लाख में)	भौतिक रूप सं एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ. डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2026_PWDRB_539534_1	जिला सिवनी	पुल कार्य	सिवनी जिले के अंतर्गत बालपुर से धनौरा मुख्य जिलामार्ग के कि. मी. 11/6 में हालोन नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य	द्वितीय आमंत्रण	रू. 380.88 लाख	समस्त दस्तावेज ऑन लाईन जमा किये जावेगे

उपरोक्त बेबसाईड ऑन लाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 21/10/2026 शाम 18.00 बजे निर्धारित है। विस्तुत एन. आई.टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा । मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज ऑन लाईन प्राप्त की जावेगी ।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग जबलपुर

जी - 19957/26 — स्वच्छता ही सेवा

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 34/ व.ले.लि./2026-27 — बालाघाट, दिनांक 08.10.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं क्र	टेण्डर क्रं.	जिला	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनुमानित राशि (राशि लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2026_PWDRB_541799	बालाघाट	विशेष मजबूतीकरण कार्य। 1. जेवनारा से केरेगांव मार्ग लम्बाई 2.30 कि.मी. 2. कुल्पा से चिचमटोला मार्ग लम्बाई 2.20 कि. मी. 3. बेनेगांव से कटोरी मार्ग लम्बाई 1.80 कि.मी. 4. बेनेगांव से साल्हे मार्ग लम्बाई 2.80 कि.मी. 5. बहेला से गोरें मार्ग लम्बाई 2.40 कि.मी. , कुल लम्बाई 11.50 कि.मी.	आठवा आमंत्रण	218.93	219000.00	15000.00	03 माह वर्षाऋतु सहित
			कुल योग		218.93			

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र आनलाईन क्रय करने एवं आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 23/10/2026 (17.30) बजे निर्धारित है। निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज आनलाईन ही जमा किये जायेंगें। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग
संभाग क्रमांक 1 बालाघाट

जी -19953/26 — स्वच्छता ही सेवा

रवींद्र भवन में 'अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव' का शुभारंभ

राम की चरण पादुकाओं से सीता की हथेलियों तक कलाकृतियों में उकेरा आस्था और सृष्टि का स्वरूप

मणिपुरी शास्त्रीय नृत्य परंपरा में मंच पर साकार हुई भगवान श्रीराम की दिव्य गाथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास, संस्कृति विभाग, मप्र शासन द्वारा आयोजित सुप्रतिष्ठित सात दिवसीय 'अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव' का शुभारंभ सोमवार को रवीन्द्र भवन में हुआ। इस अवसर पर संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी विशेष रूप से उपस्थित रहे।


रामलीला की प्रस्तुति देते मणिपुर के कलाकार।

कठपुतली कला में राम सीता के दर्शन

केरल की पारंपरिक कठपुतली कला भी प्रदर्शनी की सांस्कृतिक विविधता को समृद्ध करती नजर आती है। इसके माध्यम से रामायण के पात्रों और प्रसंगों को लोककला की विशिष्ट शैली में प्रस्तुत किया गया है। चित्रांकन, रंगों और शिल्प का यह मेल बताता है कि भारत की विभिन्न लोक परंपराओं में रामकथा ने किस तरह अपनी जगह बनाई है।

राम इस देश को मर्यादा का पाठ पढ़ाने वाले हैं...

इस अवसर पर संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि राम इस देश के चरित्र हैं। राम इस देश को मर्यादा का पाठ पढ़ाने वाले हैं।

रामायण कर्तव्य प्रधान ग्रन्थ है, महाभारत अधिकार प्रधान

बौद्धिक सम्मेलन में पहले दिवस का विषय-रामराज्य की संकल्पना था, जिस पर अपने विचार प्रस्तुत करने वरिष्ठ अध्येता डॉ. इन्द्रेश कुमार ने कहा दोनों नवरात्र प्रभु राम से जुड़े हुए हैं। ग्रीष्म ऋतु वाला नवरात्र श्रीराम के जन्म से और शारदीय नवरात्र रामराज्य को साकार करने के लिए निर्देशित करता है। हमारे देश में दो ग्रंथ प्रसिद्ध हैं, एक रामायण और दूसरा महाभारत। रामायण कर्तव्य प्रधान ग्रन्थ है, महाभारत अधिकार प्रधान है।



मणिपुर के कलाकारों ने दी भावपूर्ण प्रस्तुति

अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव के पहले दिन मणिपुर के कलाकारों द्वारा नारद मोह, श्रीराम जन्म, विद्या अभ्यास एवं ताड़का वध के प्रसंगों को कलात्मक एवं भावपूर्ण रूप में प्रस्तुत किया गया। मणिपुरी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नृत्य-नाटिका का शीर्षक 'श्रीराम पर्व' था, जिसमें भगवान श्रीराम के दिव्य जीवन, आदर्शों और धर्म की विजय की कथा को मणिपुरी शास्त्रीय नृत्य परंपरा के माध्यम से मंच पर साकार किया गया।


श्री राम की हथेलियां और पादुकाएं।

विशेष प्रदर्शनी में राम चरण पादुकाएं

इस अवसर पर विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें श्रीराम की चरण पादुकाओं को भी आकर्षक चित्रांकन के साथ प्रस्तुत किया गया। इन पर सूर्य, वृक्ष, धार्मिक प्रतीकों और पौराणिक प्रसंगों को बारीकी से उकेरा गया है। वहीं, सीता के हाथों पर बने चित्रों में देवी-देवताओं, पशु-पक्षियों, प्रकृति और ब्रह्मांड से जुड़े प्रतीकों का सुंदर संयोजन दिखाई देता है। इन कलाकृतियों में हथेली को मानो एक कैनवास की तरह इस्तेमाल करते हुए सृष्टि की विविधता और आध्यात्मिक भावों को अभिव्यक्त किया गया है।

पौराणिक प्रसंगों को बारीकी से उकेरते हुए किया आध्यात्मिक भावों को व्यक्त


भगवान राम को परिवार सहित पुष्पक विमान पर दिखाया गया है।

रक्षंदा खान और डॉ. सुगंधा सिंह ने सिखाए व्यक्तिव विकास और नेतृत्व के गुर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आत्मविश्वास से अपनी बात रखना, विचारों को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त करना और अपनी प्रतिभा को समाज के हित में लगाना ही व्यक्तित्व विकास की वास्तविक पहचान है। जब व्यक्तिगत क्षमताएं सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़ती हैं, तब सफलता का उद्देश्य भी व्यापक हो जाता है। इसी संदेश के साथ नूतन कॉलेज में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत 'हर वॉइस, हर प्रेजेंस, हर इम्पैक्ट-फ्रॉम पर्सनैलिटी टू पर्पज' विषय पर विशेष संवादात्मक व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की पूर्व छात्रा रक्षंदा खान और डॉ. सुगंधा सिंह ने छात्राओं को व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक सहभागिता और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के प्रति प्रेरित किया। वहीं, फैशन परिदृश्य को एक साझा मंच पर प्रस्तुत करेगा।

30 से अधिक कलाकार देंगे प्रस्तुति

शौर्य स्मारक की वर्षगांठ पर कल मिलिट्री बैंड की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

देश के शूरवीरों एवं सेना के शहीदों को समर्पित शौर्य स्मारक की दसवीं वर्षगांठ अवसर पर 14 अक्टूबर को शाम 6 बजे शौर्य स्मारक मुक्ताकाश मंच पर मिलिट्री बैंड की प्रस्तुति दी जाएगी है। कार्यक्रम में मिलिट्री बैंड के 30 से अधिक कलाकार देशभक्ति-फिल्मी गीतों की प्रस्तुति देंगे। स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा स्थापित शौर्य स्मारक ने अपनी एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है। देश के गणमान्य नागरिक, कलाकार, पर्यटकों द्वारा शौर्य स्मारक का भ्रमण कर उच्च कौशल एवं प्रादर्शों की सराहना की है। स्मारक की शौर्य वीथी में भारतीय सेना, वायु सेना, नौसेना से चित्र, अस्त्र-शस्त्रों के छायाचित्र, स्केल मॉडल, शौर्य पदकों की जानकारी एवं भारतीय सेना की शौर्य गाथा पर केंद्रित लघु फिल्मों के प्रदर्शन के माध्यम से युवाओं, छात्र-छात्राओं एवं जनसामान्य को अवगत कराया जा रहा है।

भोपाल लोक उत्सव - हेरिटेज मेला में डाउन सिंड्रोम विशेष बच्चों के हुनर को मिलेगा मंच

हैंडमेड ज्वलेरी के साथ कई उत्पाद किए जाएंगे प्रदर्शित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कला और संस्कृति के संगम भोपाल लोक उत्सव - हेरिटेज मेला 2026 में इस बार व्यापार के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं को भी मंच दिया जा रहा है। एनएच 12 क्रिएटर वूमंस द्वारा आयोजित इस मेले में एक विशेष पहल के तहत डाउन सिंड्रोम और दिव्यांग विशेष बच्चों को उनके हाथों से बने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए निःशुल्क मंच प्रदान किया जा रहा है। मेले की संयोजक अंशु गुप्ता ने बताया कि अक्सर विशेष प्रतिभा वाले बच्चे मुख्यधारा से दूर रह जाते हैं। हमारा उद्देश्य है कि उन्हें भी आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिले। मेले में इन बच्चों द्वारा बनाई गई हैंडमेड ज्वेलरी, जूट बैग्स, पेंटिंग्स और सजावटी वस्तुओं के स्टॉल विशेष रूप से लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक स्टॉल नहीं, बल्कि इन बच्चों के आत्मविश्वास और हुनर का उत्सव है। जब आप इनके हाथों से बना एक छोटा सा उत्पाद खरीदेंगे, तो आप सिर्फ एक वस्तु नहीं, बल्कि एक बच्चे के सपनों को खरीदेंगे।

रजत कमल से सम्मानित डॉक्यूमेंट्री 'मैं निदा' का 14 को प्रदर्शन



भोपाल। मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, मप्र संस्कृति परिषद एवं संस्कृति विभाग द्वारा 'कलम की रोशनी' के अंतर्गत 14 अक्टूबर को शाम 5.30 बजे रंगश्री लिटिल बैले ट्रुप, में राष्ट्रीय पुरस्कार (रजत कमल) से सम्मानित डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'मैं निदा' का प्रदर्शन किया जाएगा। मप्र से सम्बद्ध पद्मश्री निदा फाजली के जीवन, संघर्षों एवं साहित्यिक अवदान पर आधारित इस फिल्म को हाल ही में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य निदा फाजली की मानवीय, समन्वयवादी एवं वैचारिक साहित्यिक दृष्टि को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और मप्र की विरासत को रेखांकित करना है। धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी, मंत्री, के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में काव्यांजलि एवं संवाद सत्र भी होगा। इसमें रूमी जाफरी, शीन काफ निजाम, अतुल गंगवार, मदन मोहन मिश्रा दानिश, काजी मलिक नवेद एवं डॉ. नुसरत मेहदी सहभागिता करेंगे।

नाटक चोर साहब के होंगे दो मंचन

पर्दा उठेगा तो खुलेगी पोल, ठहाकों के बीच बेनकाब होंगे कई राज...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

झूठ, फरेब और सामाजिक विसंगतियों की परतें जब खुलेंगी, तो दर्शक हंसी से लोटपोट भी होंगे और व्यवस्था पर सवाल उठाने को मजबूर भी। कुछ ऐसे ही मजेदार घटनाक्रम और तीखे व्यंग्य के साथ ड्रामची आर्ट एंड कल्चर फाउंडेशन हास्य नाटक 'चोर साहब' लेकर आ रहा है। रविवार, 25 अक्टूबर को रवींद्र भवन में इस नाटक के दो मंचन होंगे। पहला शो दोपहर 2 बजे और दूसरा शाम 7 बजे होगा।

हंसी के साथ सामाजिक विसंगतियों पर चोट

इतालवी नाटककार डारियो फो की मूल कृति द वर्चुअस बर्गलर के हिंदी रूपांतरण का अनुवाद और निर्देशन निधि दीवान ने किया है। हास्य और व्यंग्य से भरपूर यह नाटक मनोरंजन की अनोखी दुनिया में ले जाएगा। कहानी के दिलचस्प मोड़ और किरदारों की उलझनें जहां हंसी के ठहाके पैदा करेंगी, वहीं इनके जरिए समाज की विसंगतियों पर भी कटाक्ष किया जाएगा।

किशोर दा बेहतरीन इंसान थे, वे आज भी दिल के करीब हैं...

एमसीयू में मशहूर कलाकार किशोर कुमार को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

किशोर कुमार किसी एक विशाल, बड़े समंदर और हिमालय जैसे बहुत बड़े व्यक्तित्व के कलाकार हैं। गायकी, अदाकारी, लेखन और निर्देशन जैसे फिल्म निर्माण के सभी क्षेत्रों में उनका जबरदस्त दखल था। वे हरफनमौला कलाकार और बेहतरीन इंसान थे। अपनी जन्मभूमि खंडवा और वहां के अपने दोस्तों से उनका जुड़ाव बहुत ही गहरा था। सिनेमा की दुनिया में शिखर तक पहुंचने के बावजूद उन्होंने अपनी मृत्यु के बाद भी खंडवा में ही अपने अंतिम संस्कार करवाने की इच्छा जाहिर की थी। उनके निधन के बाद खंडवा में उनका स्मारक भी बना। वे अपने शहर और प्रशंसकों के आज भी करीब हैं।

ये बातें कहीं वरिष्ठ पत्रकार और प्रख्यात कला समीक्षक विनय उपाध्याय ने। वे एमसीयू के सिनेमा तथा विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित संवाद में किशोर दा को याद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किशोर कुमार की जन्मभूमि खंडवा आवाजों का बसेरा है। इस नगर से अमर स्वाधीनता सेनानी और संपादक पंडित



माखनलाल चतुर्वेदी, संत सिंगा जी से लेकर मशहूर गायक और कलाकार किशोर कुमार का जुड़ाव रहा है। ये सभी खंडवा की धरती से जुड़े रहे हैं। उन्होंने किशोर कुमार की बम्बई जाने की यात्रा को याद करते हुए कहा कि वे हमेशा अपनी जमीन से जुड़े हुए रहे। फिल्म जगत में शिखर तक पहुंचने के बावजूद उनकी स्मृति में खंडवा हमेशा बना रहा। जब कभी भी उनका खंडवा आना होता था वे अपने निकटतम मित्रों के साथ वक्त बिताते थे। किशोर दा अक्सर अपने गीतों और फिल्म के किस्सों को अपने दोस्तों को सुनाते थे।



आईईएचई में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर पैनल चर्चा हुई आयोजित

150 से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शिक्षाविदों ने की सक्रिय सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (आईईएचई) में अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2026 के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 पर एक विचारोत्तेजक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया।

संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में कंप्यूटर विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में 150 से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शिक्षाविदों ने सक्रिय सहभागिता की।

पैनल चर्चा के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न आयामों, शैक्षणिक गुणवत्ता, समावेशी शिक्षा, नवाचार, कौशल विकास तथा विद्यालयी और उच्च शिक्षा के पारस्परिक संबंधों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

विद्यालयी शिक्षा की आधारशिला का मजबूत होना आवश्यक

मुख्य वक्ता डॉ. प्रकाश बरतूनिया ने कहा कि सुदृढ़ उच्च शिक्षा व्यवस्था के लिए विद्यालयी शिक्षा की आधारशिला का मजबूत होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा के प्रारंभिक स्तर से ही गुणवत्तापूर्ण अधिगम, तार्किक चिंतन तथा बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

पंचेश्वर धाम मंदिर परिसर में 14 से 16 तक होगा आयोजन

गरबा की थाप पर झूमेंगे 50 से अधिक प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नवरात्रि की भक्ति, गरबा की थाप और रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों का आकर्षण जल्द ही पंचेश्वर धाम मंदिर परिसर में देखने को मिलेगा। अक्षदा सोशल वेलफेयर सोसायटी की ओर से अग्रवाल नगर के पंचेश्वर धाम मंदिर में आयोजित 15 दिवसीय गरबा नृत्य कार्यशाला का समापन 14 से 16 अक्टूबर तक आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों के साथ होगा।

कार्यशाला में 4 से 50 वर्ष तक की आयु के 50 से अधिक प्रतिभागियों ने गरबा की पारंपरिक शैली, लय और ताल की बारीकियां सीखीं। कार्यशाला में वरिष्ठ कथक नृत्य गुरु स्मिता श्रीवास्तव और श्वेता श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को गरबा के पारंपरिक स्वरूप और नृत्य की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया।


प्रशिक्षण के दौरान बच्चों से लेकर बड़ों तक में नृत्य सीखने का उत्साह देखने को मिला।

लायंस क्लब का गरबा महोत्सव आज, धनुश्री होंगी सेलिब्रिटी गेस्ट

भोपाल। लायंस क्लब इंटरनेशनल 3233-जी2 के अंतर्गत लायंस ऑफ भोपाल द्वारा मंगलवार को गरबा समारोह का आयोजन किया जा रहा है।



लालघाटी स्थित लैंडमार्क गार्डन में आयोजित गरबा महोत्सव में फेमिना मिस इंडिया मप्र 2026 धनुश्री चौहान सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शामिल होंगी। लायंस ऑफ भोपाल के समन्वयक लायन हरिओम जटिया ने बताया कि समारोह में लायंस क्लब के 38 क्लबों के सदस्य सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ आर्ट स्टूडियो के 300 प्रशिक्षित गरबा कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुतियों के साथ होगा। कार्यक्रम रात 8 बजे शुरू होगा।



सूर्या का मोशन पोस्टर जारी आक्रामक अंदाज में दिखे सनी

मुंबई। बॉलीवुड स्टार सनी देओल अपनी अपकमिंग फिल्म 'सूर्याः अंत से आरंभ तक' में एक नए अवतार से दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं। अभिनेता ने सोमवार को फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करके इसकी आधिकारिक घोषणा की। फर्स्ट लुक पोस्टर में वह काफी गंभीर और आक्रामक अंदाज में नजर आ रहे हैं। मोशन पोस्टर में देखा जा सकता है कि सनी देओल उम्रदराज लग रहे हैं। उनकी दाढ़ी आधी पकी है और आधी काली है। वह सिगरेट पी रहे हैं और उनका लुक आक्रामक है। उन्होंने टी-शर्ट पहनी है। पोस्टर शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा 'अतीत और वर्तमान के बीच उलझा हुआ, वह सच का पता लगाता है! पेश है 'सूर्याः अंत से आरंभ तक'!

लाइफ Style

श्रेया

सीरीज 'सहर होने को है' से कमबैक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पर्दे पर किरदार निभाने वाले कलाकारों को कई बार ऐसे चैलेंज मिलते हैं जो सालों इंडस्ट्री में काम करने के बावजूद अलग और चुनौतीपूर्ण लगते हैं। खासकर अगर वह किरदार ग्रे या नेगेटिव हो तो। कुछ ऐसा ही है गुजराती सिनेमा में काम करने वाली एक्ट्रेस श्रेया दवे का हाल।

'बरसातें: मौसम प्यार का' के बाद दो साल तक वर्टिकल ड्रामा और गुजराती सिनेमा में काम करने के बाद, श्रेया दवे छोटे पर्दे पर लौट आई हैं। अभी वह 'सहर होने को है' में पार्थ समथान के किरदार की सौतेली बहन जीनत का रोल निभा रही हैं। एक्ट्रेस इस बात को लेकर एक्साइटेड हैं कि उनका किरदार कहानी में क्या-क्या मोड़ लाएगा। श्रेया कहती हैं, 'एक एक्टर के तौर पर जीनत का किरदार मेरे लिए इसलिए खास और रोमांचक है क्योंकि वह कहानी में कुछ बहुत ही बदलता है। उसका सफर काफी उतार-चढ़ाव भरा होगा, जिससे मुझे अलग-अलग शेड्स और कई तरह की भावनाएं दिखाने का मौका मिलेगा। श्रेया ने कहा, 'मेरे लिए यही बात इस रोल को इतना खास बनाती है। जीनत मुझे एक एक्टर के तौर पर बिल्कुल अलग दायरे में ले जा रही है, जिससे मुझे ऐसी भावनाएं दिखाने का मौका मिल रहा है जो मैंने पहले कभी नहीं दिखाईं। यह नया, चैलेंजिंग और बेहद रोमांचक है और मुझे इस किरदार को समझने में बहुत मजा आ रहा है। मैं उसे पॉजिटिव या नेगेटिव का लेबल लगाकर किसी एक दायरे में नहीं बांधना चाहती। इसलिए, मैं यही कहूंगी कि जीनत को इतनी जल्दी जज न करें'।



हॉलीवुड मसाला



गॉडजिला माइनस... का ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। गॉडजिला माइनस जीरो के लेटेस्ट ट्रेलर से कनफर्म होता है कि पिछली फिल्म में गॉडजिला पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ था। इसमें नए 'काइजू' (मॉन्स्टर) को खत्म करने के ऑपरेशन की झलक भी मिलती है और नए व पुराने किरदारों से इंट्रोड्यूस कराया जाता है। ट्रेलर की रिपोर्ट के मुताबिक टोहो ने कन्फर्म किया है कि फिल्म में किंग गिडोरा दूसरा मॉन्स्टर होगा। फेस्टिवल प्रीमियर की कवरेज में गॉडजिला और गिडोरा के बीच कई भयानक और खूनी लड़ाइयों का जिक्र है, जो जमीन और आसमान में और भी तेज हो जाती हैं।



पूर्व पत्नी की शादी में 'स्पाइडर मैन' अभिनेता बने पादरी

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की जानी-मानी ज्वेलरी डिजाइनर जेनिफर मेयर और बिजनेसमैन ज्योफ ओगुन्सलेसी की शादी इन दिनों चर्चा में बनी हुई है। इस शादी में सबसे खास बात यह रही कि जेनिफर के एक्स-हसबैंड और 'स्पाइडर-मैन' अभिनेता टोबी मैग्वायर ने ही शादी की रस्में कराईं। पेज सिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, जेनिफर मेयर और उनके मंगेतर ज्योफ ओगुन्सलेसी ने पिछले वीकेंड हवाई के फोर सीजन्स रिजॉर्ट लानाई में आउटडोर सेरेमनी में शादी की। खास बात यह है कि यह शादी जेनिफर और टोबी के तलाक के कुछ ही हफ्तों बाद में ही हो गई। 49 साल की जेनिफर ने शादी में स्ट्रैपलेस गाउन पहना था। वहीं, ज्योफ ब्लैक सूट और बो टाई पहने हुए नजर आए। शादी की तस्वीरों में टोबी मैग्वायर फॉर्मल कपड़ों में पादरी बनकर सेरेमनी कराते दिखाई दिए। इस दौरान न्यूली वेड कपल ने फूलों से सजे मंडप के नीचे एक-दूसरे को किस भी किया।



नखरेवाली में दिखेगी रोमांटिक कॉमेडी

मुंबई। 'तेरे इश्क में' और 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक आनंद एल राय की नई फिल्म 'नखरेवाली' की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। खास बात यह है कि इस बार फिल्म को राहुल शंकल्या ने डायरेक्ट किया है। वहीं, जियो स्टूडियोज, आनंद एल. राय और हिमांशु शर्मा फिल्म के निर्माता हैं। जबकि इसकी कहानी दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है। रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'नखरेवाली' 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म प्यार, रिश्तों और महिला-पुरुष की भूमिकाओं को एक नए अंदाज में पेश करने का वादा करती है। फिल्म के पोस्टर पर एक टैगलाइन लिखी है, 'कभी-कभी प्यार में मजनू को भी लैला बनना पड़ता है', जो रिश्तों के पारंपरिक तौर-तरीकों में एक मजेदार बदलाव की तरफ इशारा करती है।



अर्जुन नागा की शूटिंग में व्यस्त रामपाल

मुंबई। अभिनेता अर्जुन रामपाल इन दिनों अपनी फिल्म 'अर्जुन नागा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। एक्टर ने फिल्म की बीटीएस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। इसके साथ निर्देशक अनिल शर्मा ने भी इस भी फिल्म से जुड़ा पोस्ट साझा किया। अर्जुन रामपाल ने सोमवार को अपनी आगामी फिल्म 'अर्जुन नागा' के सेट से एक तस्वीर साझा की। इतना ही नहीं उन्होंने इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'पहले दिन की शूटिंग शुरू हो रही है, अनिल शर्मा के निर्देशन में। अर्जुन नागा के लिए हमें अपना आशीर्वाद दें। हम दोनों में उत्कर्ष शर्मा भी हैं। यह एक शानदार सफर होने वाला है।' फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा ने भी फिल्म 'अर्जुन नागा' के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने फिल्म की शूटिंग का एक वीडियो पोस्ट किया।

टीवी मसाला

छह साल बाद अभिनय की दुनिया में लौटने को तैयार

नई दिल्ली। अभिनेत्री बिपाशा बसु लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर एक्टिंग का जादू बिखेरती नजर आएंगी। उनके हाथ एक वेब सीरीज लगी है। इसकी शूटिंग शुरू हो गई है। बिपाशा बसु बिटिया देवी के जन्म के बाद से एक्टिंग से दूर हैं। मगर, उनके फैंस के लिए खुशखबरी है। अभिनेत्री करीब छह साल बाद अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरने को तैयार हैं। वे



हंसल मेहता की वेब सीरीज से जुड़ी हैं, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। बिपाशा बसु मशहूर फिल्ममेकर हंसल मेहता की नई सीरीज में एक अहम रोल में नजर आएंगी। अभी तक इस शो के बारे में अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। फिलहाल, बस इतना पता चला है कि सनी कौशल और विशाल जेठवा भी इस शो में बिपाशा के साथ नजर आएंगे। सीरीज का नाम अभी तय नहीं है। हंसल मेहता की इस अनटाइटल्ड सीरीज को कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ ने लिखा है। इसे 'ऑलमाइटी मोशन पिक्चर्स प्रोडक्शंस' के बैनर तले प्रमलीन संधू ने प्रोड्यूस किया है। इस प्रोजेक्ट की शूटिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। यह शो प्राइम वीडियो पर आएगा। इसकी कहानी एक छोटे से, गुमनाम शहर की है, जो महाद्वीप की हेरोइन राजधानी बनने की कगार पर है। इसमें सनी कौशल एक ईमानदार पुलिस वाले का किरदार निभा रहे हैं, जो अपनी ईमानदारी और इंसानियत को बचाने की कोशिश करते हुए सिस्टम के अंदर और बाहर की ताकतवर ताकतों से लड़ते हैं'। इस सीरीज के जरिए बिपाशा बसु अपनी बेटी देवी के जन्म के बाद लंबे ब्रेक के बाद एक्टिंग में वापसी कर रही हैं।

दो दिन में बिग बॉस से बाहर हुए नकुल

नई दिल्ली। बिग बॉस 20' में हाल ही में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नकुल ढुल की वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई थी। मगर उनका सफर घर में एक हफ्ते भी नहीं चल सका। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि उन्हें दो ही दिन में बेघर कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर चल रही खबरों के अनुसार उन्होंने बिग बॉस का एक सख्त नियम तोड़ा है। नकुल ढुल 'बिग बॉस 20' को घर से बेघर कर दिया गया है। एक्स हैंडल 'बिग बॉस तक' के मुताबिक नकुल के घर में दाखिल होने के दूसरे दिन ही उनका एविक्शन हो चुका है। इस रिपोर्ट के मुताबिक नकुल जिन्हें 'मिट्ठू डॉन' के नाम से भी जाना जाता है उनका झगड़ा घर के पुराने प्रतिभागी गुल्लू से हो गया। इसके बाद दोनों में जमकर हाथापाई हो गई। बिग बॉस के मुख्य नियम को तोड़ने के लिए कथित तौर पर नकुल ढुल को बाहर कर दिया गया। इस रिपोर्ट में बताया गया कि नकुल और काजी तौकीर आपस में बात कर रहे थे। इस दौरान काजी, स्काउट का मजाक उड़ाने लगे। यह बात नकुल को पसंद नहीं आई। इसके बाद नकुल और स्काउट की काजी से बहस हो गई। वहां मौजूद गुल्लू ने इस मामले को शांत कराने की कोशिश की तो नकुल नाराज हो गए।

देवराहा बाबा की कहानी बड़े पर्दे पर 'मचान बाबा' का पोस्टर रिलीज

नई दिल्ली। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा और संतों के जीवन से जुड़ी कहानियां इन दिनों सिनेमा में नई जगह बना रही हैं। नीब करौरी बाबा से प्रेरित फिल्म 'हनुमान अंश' की सफलता के बाद अब देश के सबसे रहस्यमयी संतों में गिने जाने वाले देवराहा बाबा की कहानी बड़े पर्दे पर आने जा रही है। फिल्म का नाम 'मचान बाबा' है। मेकर्स ने इसका टाइटल पोस्टर जारी कर दिया है। फिल्म फिलहाल रिसर्च और प्री-प्रोडक्शन के दौर में है और इसे 2027 में रिलीज करने की तैयारी है। देवराहा बाबा की पहचान उनके मचान से जुड़ी थी। वह नदी किनारे जमीन से कई फीट ऊपर बने मचान पर रहते और वहीं से श्रद्धालुओं से मिलते थे। लेकिन उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा रहस्य उनकी उम्र को लेकर रहा। बाबा कितने वर्ष जीवित रहे, इसे लेकर अलग-अलग दावे और जनश्रुतियां मौजूद हैं। लेखक अभिजीत सेन ने भी अपनी पुस्तक में देवराहा बाबा की असाधारण दीर्घायु से जुड़े विभिन्न विवरणों और स्मृतियों की पड़ताल की है। कुछ कथाओं में उनकी आयु 500 वर्ष से भी अधिक होने तक के दावे किए गए हैं, हालांकि इसका कोई सर्वमान्य ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है। देवराहा बाबा के बारे में सबसे दिलचस्प बात यह भी है कि उनके साथ अलग-अलग दौर की कई बड़ी राजनीतिक हस्तियों के प्रसंग जुड़े हैं। ब्रिटिश सम्राट जॉर्ज पंचम की 1911 में बाबा से मुलाकात का दावा पुराने विवरणों में मिलता है। 2009 में संसद में हुई चर्चा के दौरान भी इस प्रसंग का उल्लेख किया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की देवराहा बाबा से मुलाकात और उनके आशीर्वाद से जुड़ी कहानी भी काफी चर्चित रही है। इसी तरह 1989 में राम मंदिर शिलान्यास से पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की बाबा से हुई मुलाकात का उल्लेख विभिन्न संस्मरणों में मिलता है।



'गणेशः डस्ट टू स्टारडस्ट' में दिखेगी कोरियोग्राफर की जिंदगी की कहानी

नई दिल्ली। कोरियोग्राफर-फिल्ममेकर गणेश आचार्य ने रविवार को अपनी आने वाली फिल्म 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' का ट्रेलर जारी किया। यह एक बायोग्राफिकल ड्रामा है जो एक साधारण शुरुआत से लेकर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने कोरियोग्राफर बनने तक के उनके सफर को दिखाता है। आचार्य द्वारा लिखी और निर्देशित यह फिल्म, सिनेमा की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के उनके सपने को पूरा करने के दौरान किए गए संघर्ष, त्याग और दृढ़ संकल्प की कहानी है। यह फिल्म इंडस्ट्री में उनके आगे बढ़ने के सफर को दिखाती है और उन चुनौतियों को भी उजागर करती है जिनका उन्होंने रास्ते में सामना किया। गणेश आचार्य की जिंदगी पर बनी फिल्म का ट्रेलर काफी दमदार और इमोशनल है। अक्षय कुमार और अजय देवगन ने भी इस ट्रेलर को अपने-अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। ट्रेलर में उनके संघर्ष, मेहनत और सफलता की कहानी को दिखाया गया है। जिसमें कम उम्र में उनके पिता का निधन, आर्थिक तंगी, कम उम्र में कमाई और फिर 12 साल की उम्र में डांस की फील्ड में करियर बनाने की जिद दिखाई गई है। दर्शकों को ट्रेलर काफी पसंद आ रहा है। ट्रेलर कोरियोग्राफर के पर्सनल और प्रोफेशनल सफर की एक झलक दिखाता है, जिसमें डांस और भावुक पल कहानी का अहम हिस्सा हैं। शिवांशु सोनी, आलोक शॉ, सुकन्या कलान और साक्षी पावस्कर अभिनीत यह फिल्म 11 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आचार्य ने एक बयान में कहा, 'मेरा हमेशा से मानना रहा है कि हर किसी को सपने देखने का अधिकार है, लेकिन सिर्फ सपने देखने से वे सच नहीं होते। आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, त्याग करना पड़ता है और आगे बढ़ते रहना पड़ता है, चाहे सफर कितना भी मुश्किल क्यों न हो। 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' के जरिए हमने इसी भावना को जीवंत करने की कोशिश की है'।



मनोरंजन के शौकीनों के लिए खास रहेगा यह सप्ताह

ओटीटी पर दस्तक देंगी ये धमाकेदार फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। *नए सप्ताह के साथ नई फिल्मों और सीरीज का इंतजार भी शुरू हो जाता है। थिएटर्स में यामी गौतम की नई नवेली और राजकुमार राव की प्रहार आएंगी। वहीं, ओटीटी पर भी मनोरंजन की अच्छी डोज मिलने वाली है।*

द ट्रैप : यह जर्मन साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज है। छह एपिसोड की लिमिटेड सीरीज 13 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह सीरीज लेखिका मेलानी राबे के बेस्टसेलिंग उपन्यास पर आधारित है। लेखिका अपनी बहन की हत्या के बाद पिछले 10 वर्षों से घर से बाहर नहीं निकली है। एक दिन उसे टीवी पर एक ऐसा शख्स दिखाई देता है, जिसे देखकर उसे लगता है कि वही उसकी बहन का हत्यारा है। वह सच्चाई सामने लाने के लिए एक जोखिम भरी योजना बनाती है।

कॉफी विद करण सीजन 9 : निर्माता-निर्देशक का चर्चित शो 'कॉफी विद करण' का नौवां सीजन इस वीक रिलीज होगा। यह सीजन आखिरी भी है। यह सेलिब्रिटी टॉक शो है। इसमें करण जौहर इंडस्ट्री के सितारों के साथ दिलचस्प बातें करते हैं और कई अनसुने किस्से बाहर आते हैं। 14 अक्टूबर से 'कॉफी विद करण सीजन 9' को दर्शक जियो हॉटस्टार पर देख सकेंगे।



विजन क्वेस्ट : यह मार्वल की सुपरहीरो एक्शन सीरीज है। दर्शक इसे 14 अक्टूबर 2026 से जियोहॉटस्टार पर देख सकते हैं। हालांकि, स्पष्ट कर दें कि 14 अक्टूबर को इसका पहला और दूसरा एपिसोड स्ट्रीम होगा। यह सीरीज हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में उपलब्ध होगी।

सैक्रिफाइस : यह एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसमें क्रिस इवांस, अन्या टेलर-जॉय और सलमा हायेक अहम भूमिकाओं में हैं। इसे 16 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

लव इन डिस्गाइज : अगर के-ड्रामा में दिलचस्पी है तो इसे देख सकते हैं। यह एक रोमांटिक थ्रिलर ड्रामा है। इम सिवान, सियोल इन आह, किम जंग ह्यून और येनवू अभिनीत 'लव इन डिस्गाइज' 19 अक्टूबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

इंडियन आइडियल लीजेंड्स रिटर्न

चर्चित सिंगिंग रियलिटी शो के पिछले सीजन के मशहूर सिंगर्स इसमें नजर आएंगे जो सिंगिंग मुकाबले में हिस्सा लेंगे। इस शो के जज होंगे हिमेश रेशमिया। वहीं, अभिजीत सावंत, सलमान अली समेत कई पूर्व प्रतियोगी इस शो में नजर आएंगे। इसका प्रीमियर एपिसोड 17 अक्टूबर को आएगा। वहीं, हर शनिवार और रविवार को रात आठ बजे यह शो प्रसारित होगा। इसे सोनी पर देख सकेंगे।



17 साल की माया ने तोड़ा सानिया का 22 साल पुराना रिकॉर्ड

माया ने जीता अपना पहला पेशेवर खिताब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की उभरती हुई युवा टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके पुर्तगाल में डब्ल्यू35 लागोस टूर्नामेंट के रूप में अपना पहला पेशेवर खिताब जीता।

क्वालीफायर के रूप में टूर्नामेंट में भाग लेने वाली माया ने खेले गए फाइनल में स्पेन की सेलिया सेर्विनो रुइज़ को 6-4, 6-2 से हराया। इस जीत से यह 17 वर्षीय खिलाड़ी सानिया मिर्जा के बाद पेशेवर एकल खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। माया ने यूक्रेन की येलीज़ावेटा कोट्लियार के साथ मिलकर युगल खिताब भी जीता। उन्होंने एकल में एक भी सेट नहीं गंवाया। उन्होंने पहले दौर में ही शीर्ष वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुलस्काइट को पराजित करके अपने इरादे जतला दिए थे।

यह तो बस शुरुआत है : माया

माया ने टूर्नामेंट जीतने के बाद कहा, 'यह तो बस शुरुआत है। यह मेरा पहला खिताब है। यह मेरे पेशेवर करियर की शुरुआत के लिए अच्छा संकेत है। इससे मुझे आत्मविश्वास मिला है कि मैं अच्छी तरह से चुनौती पेश कर सकती हूं।'

आठ वर्ष की आयु से खेलना किया था शुरू

12 जून 2009 को तमिलनाडु के कोयंबटूर में जन्मीं माया राजेश्वरन रेवती का टेनिस का सफर आठ साल की उम्र में शुरू हुआ था। उनके पिता ने उन्हें पहली बार इस खेल से परिचित कराया। उनका मकसद उनमें अनुशासन और फिटनेस की आदत डालना था। हालांकि जल्द ही माया की इस खेल में गहरी दिलचस्पी हो गई और 10 साल की उम्र तक उन्होंने टेनिस को गंभीरता से अपनाने का फैसला कर लिया। उन्होंने भारत में 'प्रो सर्व टेनिस अकादमी' में ट्रेनिंग ली और 2025 मुंबई ओपन में सबका ध्यान खींचने से पहले कई आईटीएफ जूनियर खिताब जीते। 15 साल की उम्र में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर खेलते हुए उन्होंने डब्ल्यूटीए 125 इवेंट के सेमीफाइनल में पहुंचकर जाने-माने खिलाड़ियों को चौंका दिया।



वुहान ओपन नहीं खेलेंगीं झेंग और मीरा

बीजिंग। चाइना ओपन फाइनल खेलने के बाद झेंग किनवेन और मीरा आंद्रीवा वुहान ओपन से हट गई हैं। झेंग ने दाहिने कंधे की चोट का हवाला दिया है, जबकि आंद्रीवा ने शेड्यूल में बदलाव के कारण हटने का फैसला किया है। टूर्नामेंट से हटने की घोषणा करते हुए झेंग ने कहा कि लगातार मैचों के बोझ के कारण वह शारीरिक रूप से थक गई हैं। डब्ल्यूटीए के अनुसार, झेंग ने कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत अफसोस हो रहा है कि मैं इस साल के वुहान ओपन से हट रही हूं। वुहान वह जगह है जहां से मेरे टेनिस के सपने की शुरुआत हुई थी, और वुहान ओपन ही वह टूर्नामेंट है जिससे मैंने डब्ल्यूटीए 1000 लेवल पर अपनी पहचान बनाई थी। मैं हमेशा अपने घरेलू फैंस के सामने खेलने का इंतजार करती रही हूं।



मुंबई के तुषार देशपांडे ने हैट्रिक के बाद खोला पंजा

रणजी ट्रॉफी पहले राउंड में दूसरे दिन का खेल खत्म हो चुका है। एलीट ग्रुप डी के मुकाबले में मुंबई का सामना चंडीगढ़ की टीम से हो रहा है। पहली पारी में मुंबई ने 429 रन बनाए थे। जवाब में चंडीगढ़ की टीम पहली पारी में 78 रन पर ही ढेर हो गई और फॉलोऑन भी नहीं बचा सकी। मुंबई के लिए गेंदबाजी में तुषार देशपांडे ने पहले हैट्रिक ली और फिर पंजा खोला। तुषार देशपांडे ने 7 ओवर गेंदबाजी की और एक मेडन ओवर के साथ 17 रन देकर 5 विकेट झटके। इसमें उनकी हैट्रिक भी शामिल थी। तुषार ने चंडीगढ़ की पारी के 11वें ओवर में अर्जुन आजाद, शिवम मांबरी और दीपेंदर कुश को लगातार एक के बाद पवेलियन भेजा और हैट्रिक पूरी की। उनके अलावा मोहित अवस्थी ने 3 और सिल्वेस्टर डिसूजा ने 2 विकेट लिए।

रणजी ट्रॉफी : ऑलराउंडर रवींद्र ने ठोका 16वां फर्स्ट क्लास शतक

पहली पारी में सौराष्ट्र ने बनाए 392 रन | जडेजा की छत्तीसगढ़ के खिलाफ 102 रन की धमाकेदार पारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने रणजी ट्रॉफी के पहले राउंड में शतक बनाया। सौराष्ट्र की ओर से खेलते हुए उन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 102 रन की पारी खेली। रवींद्र जडेजा का यह 16वां फर्स्ट क्लास शतक रहा। 209 गेंद का सामना किया और 7 चौके लगाए। वे सौराष्ट्र के आखिरी विकेट के तौर पर आउट हुए। इससे उनकी टीम ने पहली पारी में 392 रन का स्कोर बनाया।

जडेजा पांचवें नंबर पर बैटिंग को उतरे थे। उनके व प्रेरक मांकड़ (129) के बीच पांचवें विकेट के लिए 205 रन की पार्टनरशिप हुई। मगर इस साझेदारी के टूटने के साथ ही सौराष्ट्र की पारी ढह गई। उसने आखिरी पांच विकेट 36 रन में गंवा दिए। यह तो एक छोर पर जडेजा थे, जिससे टीम 392 तक पहुंचने में सफल रही नहीं तो 380 से पहले ही पारी सिमट जाती।



रवींद्र का 8 साल बाद सौराष्ट्र के लिए शतक

जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट में नौवां शतक बनाया। उनके छह शतक भारत और एक वेस्ट जोन के लिए आया है। जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए बनाए 9 में से 3 शतकों को ट्रिपल सेंचुरी तक पहुंचाया है। जडेजा ने इससे पहले 2018-19 में आखिरी बार सौराष्ट्र के लिए रणजी ट्रॉफी में शतक बनाया था। तब उन्होंने नाबाद 178 रन की पारी खेली थी। 2018-19 से लेकर 2026-27 के सीजन के बीच जडेजा ने बहुत कम मैच सौराष्ट्र के लिए खेले थे। पिछले सीजन दो मैचों उतरे थे। दरअसल भारतीय टीम के तीनों फॉर्मेट का हिस्सा होने की वजह से वह घरेलू क्रिकेट नहीं खेल पाए थे।

साई फेल, सुंदर ने झटके 2 विकेट

रणजी ट्रॉफी के पहले राउंड में सोमवार को साई सुदर्शन का बल्ला नहीं चला। वह तमिलनाडु के लिए ओपनिंग करने उतरे और 3 रन बनाकर पवेलियन लौटे। चेतन शर्मा ने उन्हें बोल्ड किया। इससे पहले उन्हें फील्डिंग के दौरान घुटने में चोट लगी थी। साई लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर गए थे। हालांकि, उनकी चोट गंभीर नहीं थी और वह ओपनिंग करने उतरे। तमिलनाडु ने राजस्थान को पहली पारी में 363 रन पर आउट कर दिया। भारतीय टेस्ट टीम के एक अन्य खिलाड़ी वाशिंगटन सुंदर ने 2 विकेट झटके। उन्होंने 23 ओवर में 58 रन देकर 2 विकेट लिए। वाशिंगटन ने कार्तिक शर्मा और चेतन शर्मा को आउट किया।

रिंकू सिंह-माधव कौशिक के शतक



रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए के पहले मैच में यूपी ने बिहार के खिलाफ बेहतरीन आगाज किया है। उत्तरप्रदेश की टीम ने बिहार के खिलाफ मैच की पहली पारी में 540 रन बनाए। ओपनर माधव कौशिक ने 150 रन की पारी खेली। वहीं मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने 112 रन की बेहतरीन पारी खेली। मुकाबले के पहले दिन यूपी की टीम ने 3 विकेट पर 287 रन बनाए थे। दूसरे दिन टीम के लिए आराध्य यादव (84) और जीशान अंसारी (58) ने अच्छी पारियां खेलीं। अंत में अभिनंदन सिंह ने 30 गेंद पर 43 रन बनाते हुए स्कोर 540 रन तक पहुंचा दिया। यूपी ने कुल 153.1 ओवर बल्लेबाजी की। बिहार के गेंदबाजों को टीम ने पूरी तरह थका दिया। बिहार के लिए इस पारी में अमोद यादव ने सर्वाधिक चार विकेट लिए। उन्होंने 29.1 ओवर डालते हुए 6 मेडन के साथ 91 रन दिए और चार सफलताएं हासिल कीं।

जैकेट का शेष

शिकायत नहीं, संकल्प ...

सोचते हैं कि बहुत महंगा खेल है, इसलिए बैडमिंटन ज्वाइन किया, एडमिशन मिल रहा था। उसके बाद पढ़ाई और खेल का जो बैलेंसिंग एक्ट था, वो काफी मुश्किल था।

▶▶| दो चीजें आपसे जाननी थीं, एक तो आपने ये बताया कि आप जब जूनियर नेशनल चैंपियन बने, उस समय बमुश्किल आपकी 17-18 साल की उम्र थी। आपने बताया कि 91 में आपको टाटा स्टील में जॉब मिल गई। एक 17-18 साल का लड़का, नौकरी पा गया, कैसे?

▶▶| अभी पढ़ाई नहीं, कोई स्किल नहीं, कोई इंटरेस्ट नहीं, अभी जॉब भी नहीं रहेगी तो हम करेंगे क्या जिंदगी में? 18 साल में मैंने ज्वाइन कर लिया। सो, माय मदर एप्लाइड टू एवरी कॉर्पोरेट, कि ये खेलते रह जाएगा या पढ़ाई ठीक से नहीं करेगा तो ये करेगा क्या? सो, आई थिंक क्रेडिट टू माय मदर, उन्होंने ऐसा सोचा कि इसको जॉब करनी है।

▶▶| उस समय कोई खिलाड़ी आपके जेहन में रहता था कि मैं ऐसा बनना चाहता हूं या कोई रोल मॉडल था आपका?

▶▶| मुझे ज्यादा दूर देखने की जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि हमारे स्टेट में मनोज और प्रवीण दो प्लेयर थे, काफी अच्छे थे। अनिरुद्ध और सुनील ज्योति थे, वे भी अच्छे थे। तो मुझे न, दूर कहीं जाने की जरूरत नहीं पड़ी। वी हैड पीपल लाइक, दीपांकर भट्टाचार्य करके एक थे, जॉर्ज थॉमस करके एक केरला के थे, राजीव बग्गा बॉम्बे के थे। ये जो सारे लोग, मेरे जो कंटेंपररीज हैं, उनसे मैंने बहुत सीखा है।

▶▶| प्रकाश पादुकोण की आपके जीवन में क्या भूमिका रही है?

▶▶| अगर प्रकाश सर 1980 में ऑल इंग्लैंड नहीं जीतते ना, तो हमारे माइंड में ऐसा कभी आता भी नहीं था कि हम भी जीत सकते हैं। तो हमें ये है कि एक इंडियन जीता है तो हमारा जो स्किन वाला है, हमारे जैसे ही जो पला-बढ़ा है, खिला है, वो जीत सकता है, हम भी जीत सकते हैं। सो, आई थिंक जस्ट दैट वन पॉइंट ऑफ बिलीव इज समथिंग व्हिच इज ह्यूज। बट ऑल्सो प्रकाश सर, द वे ही हैज कंडक्टेड हिमसेल्फ, द वे ही हैज प्लेड, आई थिंक एंड द स्ट्रेंथ इन हिज गेम, एक्चुअली हेल्प अस, हेल्प मी टू थिंक दैट बॉस सर कर लिया, प्रकाश सर ने किया तो मैं भी कर सकता हूं।

▶▶| आपने यह सोच रखा था कि आगे चलकर मुझे कोचिंग करनी है?

▶▶| ऐसा था कि जब मैं हैदराबाद में था तो हर सुबह स्टेडियम जाता हूं, वो अभी 5.30 बजे चले गए, वो वॉचमैन आएगा 6 बजे, यार महबूब साहब उनका नाम था, महबूब साहब आएंगे, आएंगे, आएंगे, मतलब देखते रहते, फिर वो जब आएंगे, अंदर जाएंगे तो एक दिन करंट है, एक दिन करंट नहीं है तो वो एक चैलेंज था, अब शटल है, नहीं है, कोच है, नहीं है, प्लेयर है, नहीं है, वो ग्राउंड में चले जाते हैं तो शादी हुई है, ग्राउंड बंद है, वो स्वीमिंग पूल करने जाना है, स्वीमिंग करनी है तो स्वीमिंग पूल में पानी नहीं है तो और दिवाली, रमजान, क्रिसमस, स्टेडियम बंद है, सैटरडे, संडे बंद है, सो ऐसे है ना, और मैं यूरोप गया खेलने के लिए, मतलब जर्मनी में 3 साल था तो सारी चीजें एक जगह पे हैं, हमको बेसिक स्ट्रक्चर पे काम करने की जरूरत है, हमको सब चीज चाहिए, मतलब प्लेयर बनने के लिए ना, हम एक-एक घंटे ट्रैवल करके जिम के लिए जाएंगे, एक घंटा रनिंग के लिए जाएंगे, एक घंटे खाने-सोचने के लिए तो ऐसा बात नहीं चलेगा, मतलब एक जगह, तो मेरा ऐसा माइंडसेट था कि भाई ऐसा रहने से अच्छा रहता है, ऐसा करके मैं सोचता था। और मुझे यह सब करने के चक्कर में ना, मैं ऑल इंग्लैंड जीता 27 की एज पे, तो मेरा माइंड में ये था कि अगर ये सारी हम फैसिलिटीज बच्चों को दें तो मेरे जैसा बंदा कोई होगा, जिसके पास पोटेंशियल होगा तो वो 27 पे नहीं जीतेगा, ऑल इंग्लैंड में भी 20 साल पे जीतेगा। तो उसको सात-आठ साल और मिलेंगे, ताकि और बहुत बढ़िया खेल सके।

▶▶| खिलाड़ी के रूप में खुद से कितने संतुष्ट हैं?

▶▶| जितना मेहनत मैंने किया, उससे ज्यादा मेरे से होता नहीं है। तो मैं बहुत खुश हूं। मैं ऐसा हूं कि एक बार हो गया, हो गया। अभी उसको पीछे पलट के देखने वाला मैं नहीं हूं। बट हां, आपने जो बोला, बात सही है, बट मेरा एक बेसिक अंडरस्टैंडिंग है कि आप दिल से चाहो, आप रास्ता ढूंढोगे। आप कंप्लेंट करोगे तो रुक जाओगे। उस जमाने में जो मिला, वही बहुत था। मतलब, एंड आई एम वेरी हैप्पी विथ दैट। एंड, अगर सब कुछ मुझे मिलता तो शायद उतनी हंगर मेरे में रहती नहीं।

▶▶| ऐसा कोई निराशा का क्षण, जो आपके जेहन में, अभी भी कचोटता हो। ये एक मौका था, जो गोपीचंद को अखरता हो। उस समय में मैं चूक गया, ऐसा है कोई?

▶▶| ऐसा तो नहीं है, बट ओलंपिक्स इज समथिंग, 2000 सिडनी ओलंपिक्स, आई विश आई कुड हैव वन दैट, क्योंकि गेम तो था, बट आई कुडन्ट विन, दैट्स वन। मैं ज्यादा उसके बारे में सोचता नहीं हूं, बट ठीक है, उसके बदले में मुझे ऑल इंग्लैंड मिला, ठीक है, इट्स नॉट ए बिग प्रॉब्लम। सो, आई एम हैप्पी विथ दैट।

▶▶| आपके नेतृत्व में बैडमिंटन में भारत की उपलब्धियां पिछले डेढ़ दशक, दो दशक में जबरदस्त रहीं, पर अभी एशियन गेम्स हुआ तो अतीत में जैसी उपलब्धियां थीं, उसके मुकाबले में इस बार का प्रदर्शन थोड़ा निराश करता है?

▶▶| मैं अपने दूसरे नजरिए से देखूं तो सात्विक और चिराग ने जो वर्ल्ड चैंपियंस हैं, उनको हराया एशियन गेम्स में, टीम चैंपियनशिप में। जापान का जो टॉप पेयर है, जो टॉप फाइव पेयर है, उनको हराया इन द टीम चैंपियनशिप। हमारे खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

▶▶| भारत सरकार ने बड़ी उम्मीदों के साथ प्रशिक्षण के संदर्भ में एक टास्क फोर्स बनाई, जिसका प्रमुख आपको बनाया था, आपने अपनी रिपोर्ट वगैरह भी दी हुई है।

▶▶| अभी सिंपल है कि अगर आपके देश में टैलेंट है, आपका बच्चा टैलेंटेड है तो भाई, कोई कुछ नहीं बोलेगा, ये देश के लिए खेलना है और इसको स्पोर्ट्स स्कूल में डाल दो, और आपको साल में एक हफ्ता आपके साथ रहेगा, बाकी हर दिन वो मेरे साथ ही रहेगा, और आपको सैटरडे इवनिंग एक बार आपको देखने को मिलेगा। ऐसा सिस्टम लगाता है चीन। एंड दैट इज वैरी सक्सेसफुल। नाउ, इज इट पॉसिबल इन अवर कंट्री, इज ए क्वेश्चन मार्क। अगर हमको ऐसा एक्सीलेंस चाहिए तो हमको उतना सैक्रिफाइसेस करने की भी ताकत रहनी चाहिए, एज ए सिस्टम। सो, दैट्स ऑल आई एम सेइंग।

▶▶| हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी चाहते हैं, ओलंपिक करें, दूसरे देश आएं और जीत के चले जाएं या अपने यहां ओलंपिक है तो भाई ठीक-ठाक पदक हम भी जीत पाएं। इस दृष्टि से गोपीचंद क्या सोचते हैं?

▶▶| अभी तो हमने डिसाइड किया है कि ओलंपिक्स हम कर रहे हैं। अब बिड तो कर रहे हैं, मतलब अपने देश, अपनी तरफ से तो मेहनत यही है कि हम करें, बिड भी करें। सो, इसका पोस्ट ओलंपिक्स और प्री-ओलंपिक प्रिपरेशन के ऊपर हमें और ज्यादा ध्यान देना चाहिए। एक खिलाड़ी को आप बनाने के लिए, छह-आठ साल की उम्र में आप स्टार्ट करते हैं तो वो 20 साल का बनता है। 10-12-15 साल लगते हैं।

▶▶| रायपुर में गोपीचंद के नाम पर एकेडमी स्थापित हो रही है तो गोपीचंद का नाम ही रहेगा या गोपीचंद भी कभी-कभी दिखा करेंगे?

▶▶| नहीं, ऐसा नहीं है, मैं भी आऊंगा यहां। यहां की प्रतिभाओं को निखारने का काम होगा।

खबर संक्षेप



कार्ट रिपब्लिक से जुड़ी 11 वर्षीय रेसर अतिका

सिंगापुर। भारतीय रेसिंग सनसनी अतिका मीर को एफवन ड्राइवरों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली कार्ट रिपब्लिक (केआर) टीम ने अनुबंधित किया है। यह इटली के दिग्गज डिनो चिएसा की टीम है, जिन्होंने लुई हैमिल्टन सहित कई फॉर्मूला वन विश्व चैंपियन के करियर को आगे बढ़ाने में मदद की है। भारत की 11 वर्षीय रेसर अतिका ने यूरोप में कई कार्टिंग सीरीज में अपने प्रदर्शन से चिएसा को प्रभावित किया और उन्होंने अब सत्र के बीच केआर से जुड़ने का फैसला किया है।

पाक ने श्रीलंका को हराकर सीरीज पर किया कब्जा

रावलपिंडी। पाकिस्तान ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाकर श्रीलंका को 82 रन से करारी शिकस्त दी और इस तरह से तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। माज़ सदाकत (96) और कप्तान साहिबजादा फरहान (73) दोनों को शुरू में जीवनदान मिले, जिसका फायदा उठाकर उन्होंने बड़ी पारियां खेली। इससे पाकिस्तान तीन विकेट पर 215 रन बनाने में सफल रहा, जो 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाए गए 6 विकेट पर 232 रन के बाद उसका टी20 में दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। श्रीलंका की टीम बड़े लक्ष्य के सामने लड़खड़ा गई और 7 विकेट पर 133 रन ही बना पाई।

कमिंस, स्टार्क और हेजलवुड के सामने नहीं टिकी द. अफ्रीका

डरबन। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला डरबन के मैदान पर जारी है। इस मैच के पहले दिन बैकफुट पर रहने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बाकी के दोनों दिनों में बढ़त बनाए रखी। साउथ अफ्रीका के सामने ऑस्ट्रेलिया ने पहले तो पहली पारी में 390 रन का मजबूत टोटल बनाया। इसके बाद साउथ अफ्रीकी बैटर्स को उनके घर की पिच पर कमिंस, स्टार्क और जोश हेजलवुड ने टिकने नहीं दिया, जिससे साउथ अफ्रीकी टीम 284 रन ही बना सकी और वह ऑस्ट्रेलिया से पीछे रही। इसके बाद तीसरे दिन के अंत तक ऑस्ट्रेलिया ने बिना विकेट गंवाए 33 रन बना लिए थे और 139 रन की बढ़त हासिल कर ली है। अब ऑस्ट्रेलियाई टीम बड़ा स्कोर बनाकर साउथ अफ्रीका को हार की तरफ धकेलना चाहेगी।

162 पर साउथ अफ्रीका के गिरे 6 विकेट

डरबन के मैदान पर दूसरे दिन के अंत तक साउथ अफ्रीका ने एक विकेट पर 27 रन बना लिए थे। उसके लिए ऐडन मार्करम 15 रन, तो डेविड बेडिंगहम 112 रन बनाकर नाबाद रहे थे। इन दोनों ने तीसरे दिन पारी को आगे बढ़ाया और साउथ अफ्रीकी टीम 363 रन से पीछे थी। मार्करम और डेविड ने सधी शुरुआत की, लेकिन ज्यादा देर तक वे कमिंस, स्टार्क और हेजलवुड के कहर को झेल नहीं सके।

शंघाई मास्टर्स : राफेल जोडर ने की जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी

राफेल ने लेहेका के खिलाफ दर्ज की जीत, पहुंचे चौथे राउंड में

एजेंसी ▶▶| शंघाई

शंघाई मास्टर्स 1000 के तीसरे राउंड में राफेल जोडर ने जिरी लेहेका के खिलाफ 4-6, 7-6(2), 6-4 से जीत दर्ज करते हुए चौथे राउंड में जगह बनाई। जोडर ने इस सीजन की अपनी 40वीं जीत हासिल करते हुए अपने पहले एटीपी टूर पर लगातार प्रभावित किया है। 20 वर्षीय खिलाड़ी इस सीजन में किसी एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के चौथे राउंड में पांचवीं बार पहुंचा है। जोडर ने लगातार 5 इवेंट्स में ऐसा किया, जिससे वे 2007 में नोवाक जोकोविच के बाद ऐसा करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए।



जिरी की सर्विस रही शानदार : जोडर

मैच के बारे में जोडर ने कहा, डटे रहना, यही वह बात है जिस पर उन्हें सबसे ज्यादा गर्व है। आज के हालात में खेलना बहुत मुश्किल था। जिरी ने शुरू से आखिर तक बहुत अच्छा खेला और उनकी सर्विस भी शानदार रही। आज यह मैच जीतने के लिए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना पड़ा। जोडर भी एटीपी फाइनल्स के दावेदार बन गए हैं। वह अभी 'एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन' में 11वें नंबर पर हैं।

ला लीगा: रेसिंग सैंटेंडर ने 2-2 पर रोका मुकाबला

पहले ही मिनट में गोल, फिर भी जीत से चूका वैलेंसिया

एजेंसी ▶▶| सैंटेंडर

वैलेंसिया सीएफ ने ला लीगा के मैचडे 8 में रियल रेसिंग सैंटेंडर के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला। इस मुकाबले में वैलेंसिया के लिए दानी राबा और डेविड ओटोरबी ने गोल किए। वैलेंसिया ने मैच की शानदार शुरुआत की और मुकाबला शुरू होने के एक मिनट के भीतर ही बढ़त हासिल कर ली। जेवियर एगुइरे की टीम के लिए दानी राबा ने हाल ही में प्रमोट हुई रेसिंग सैंटेंडर के खिलाफ शुरुआती गोल दागा।

हालांकि, मेजबान टीम ने 32वें मिनट में वापसी की। इनिगो विसेंट ने शानदार मूव बनाते हुए यासिर जबिरी को गोल करने का मौका दिया, जिसे उन्होंने भुनाकर स्कोर 1-1 कर दिया। हालांकि, वैलेंसिया के युवा सब्स्टीट्यूट डेविड ओटोरबी ने 65वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को 2-2 से ड्रॉ दिलाया।



घरेलू मैदान में जीता रियल बेटिस

एक अन्य मैच में इस्को ने दो गोल किए और रियल बेटिस ने अपने घरेलू मैदान पर ओसासुना को 5-2 से हराया, जिससे वे ला लीगा में तीसरे स्थान पर पहुंच गए और टॉप पर चल रही बार्सिलोना से पांच अंक पीछे हैं। ओसासुना के डिफेंडर उनाई सैंटोस के फाउल करने के बाद इस्को ने दसवें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से गोल करके खाता खोला और 31वें मिनट में कुचो हर्नांडिज की मदद से एज अब्दे ने बेटिस की बढ़त को दोगुना कर दिया। हाफ टाइम के तीन मिनट बाद बेटिस 3-0 से आगे हो गई जब एंटे बुदिमिर का क्लीयरेंस का प्रयास डिएगो लोरेंटे से टकराकर नेट में चला गया, लेकिन बुदिमिर और बेटिस के पूर्व फॉरवर्ड राउल गार्सिया के तेज गोल ने ओसासुना को मुकाबले में वापस ला दिया।

रियल सोसिदाद ने कोरुना की वापसी को किया नाकाम

रियल सोसिदाद ने दूसरे हाफ में डेपोर्टिवो ला कोरुना की जबरदस्त वापसी की कोशिश को नाकाम करते हुए अपने घरेलू मैदान पर 3-2 से जीत हासिल की, जबकि मैच के आखिर में उनके पास दस खिलाड़ी ही बचे थे। टीम को शुरुआती बढ़त जॉन मार्टिन ने दिलाई, जिन्होंने कार्लोस सोलर के कॉर्नर पर शानदार हेडर लगाकर गोल किया। इसके बाद आर्सेन जखार्यान ने 34वें मिनट में गोल कर बढ़त 2-0 कर दी। सोसिदाद ने अपनी बढ़त और मजबूत कर ली जब गोंकालो गुएडेस ने हाफवे लाइन से शानदार दौड़ लगाते हुए बाएं पैर से बेहतरीन गोल दागा और स्कोर 3-0 कर दिया। हालांकि, डेपोर्टिवो ने हार नहीं मानी और वापसी की कोशिश जारी रखी।



कार्तिकेय चौहान बने मप्र वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष होंगे विधायक आशीष शर्मा एवं राम पांडे



भोपाल। पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान मप्र वॉलीबॉल संघ के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। संघ की साधारण एवं चुनावी सभा सोमवार को राजधानी में आयोजित की गई थी। सभा में 2026-2030 सत्र के लिए प्रबंध कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष कार्तिकेय चौहान सिंह चौहान के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनवर खान, उपाध्यक्ष विधायक आशीष शर्मा एवं राम पांडे, महासचिव सतीश जोशी, कोषाध्यक्ष विशाल शर्मा, संयुक्त सचिव डीआर सिंह, राजेश शुक्ला को चुना गया है। वहीं, कार्यकारिणी सदस्यों में आशीष सिंह, भूपेंद्र कांत, राजेंद्र चतुर्वेदी, मेरिट खिलाड़ी कु. श्वेता शर्मा, कृष्णानंद (रीवा) शामिल हैं। बैठक में विभिन्न आयु वर्गों की राज्य स्तरीय चैंपियनशिप आयोजित कराने की स्वीकृति प्रदान की गई तथा संघ की वैधानिक स्थिति के संबंध में सदन को विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर 33 जिला संघों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के उपरांत कार्तिकेय सिंह चौहान ने कहा कि मप्र में वॉलीबॉल के समग्र विकास, खिलाड़ियों को प्रोत्साहन तथा जिला एसोसिएशनों को आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु मप्र वॉलीबॉल खेल नीति 2026 का ड्राफ्ट शीघ्र जारी किया जाएगा। इससे पहले सभा में चुनाव अधिकारी एडवोकेट दिलीप मालवीय ने नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस एक्ट के अंतर्गत चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराई, जिसमें 2026-2030 सत्र के लिए प्रबंध कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन किया गया।

कैंपियन स्कूल को पांच विकेट से हराकर खिताब किया अपने नाम

डीपीएस नीलबड़ बना दाऊ साहेब टूर्नामेंट का चैंपियन



पुरस्कार वितरण के दौरान नीलबड़ डीपीएस की टीम अतिथियों के साथ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल संभाग क्रिकेट संघ (बीडीसीए) द्वारा आयोजित डॉ. गोविन्द नारायण सिंह 'दाऊ साहेब' इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में डीपीएस नीलबड़ ने कैंपियन स्कूल को पांच विकेट से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कैंपियन ने 120 /10 रन बनाए। जवाब में डीपीएस नीलबड़ ने 23.5 ओवर में पांच विकेट पर 121 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

समापन समारोह में ये रहे मौजूद

प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष भोपाल संभाग क्रिकेट संघ ध्रुव नारायण सिंह ने सचिव भोपाल संभाग क्रिकेट संघ शांति कुमार जैन की अध्यक्षता में विजेता -उप विजेता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर अविनाश पाठक, डीके जैन, मुजीब उद्दीन, सुरेश चैनानी, अमिताभ वर्मा, जितेंद्र प्रताप सिंह, दिव्यांगी वर्मा, राहुल मीणा, हेमंत कपूर सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी और अभिभावक उपस्थित थे ।

प्रतियोगिता में ये रहे श्रेष्ठ

मैन ऑफ द टूर्नामेंट: रबजीत सिंह-डीपीएस नीलबड़

- **सर्वश्रेष्ठ विकेट कीपर** : कनव मिश्रा-डीपीएस नीलबड़
- सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज: रिदय माहेश्वरी-डीपीएस कोलार
- **सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज:** अर्नव सिंह पुंडीर-कैंपियन स्कूल अरेरा कॉलोनी
- **फाइनल के मैन ऑफ द मैच:** कुशवंत सिंह-डीपीएस नीलबड़
- **उप विजेता**-कैंपियन स्कूल अरेरा कॉलोनी
- **विजेता**- डीपीएस नीलबड़

कैंपियन की पारी 120 रन पर सिमटी

कैंपियन की ओर से अर्नव सिंह पुंडीर ने 28 रन और अक्षत कुमार सिंह ने 25 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। ऋषित टी. और रुद्र शिवहरे ने 12-12 रन बनाए, जबकि अथर्व अनिर में 11 रन का योगदान दिया। इसके बावजूद टीम बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी और उसकी पारी 120 रन पर समाप्त हुई। डीपीएस नीलबड़ के खुशवंत सिंह ने 4 विकेट लेकर कैंपियन को बड़ा झटका दिया। रबजीत सिंह ने तीन, आसिल खान ने दो विकेट चटकाए। जवाब में डीपीएस नीलबड़ के शुभमय डॉन ने 41 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। रबजीत सिंह ने 35 रन बनाकर टीम की जीत की राह आसान की। प्रत्युष गोयल ने 20, युवराज ने 12 जतीन मंढानी ने छह रन जोड़े। कैंपियन के ऋषित टी., रुद्र शिवहरे और अक्षत कुमार ने एक-एक विकेट लिया। अर्नव वर्मा और अर्नव सिंह पुंडीर को भी एक-एक विकेट मिला। हालांकि डीपीएस के बल्लेबाजों ने लक्ष्य हासिल करने तक धैर्य बनाए रखा और टीम ने 23.5 ओवर में 5 विकेट पर 121 रन बनाकर 5 विकेट से जीत दर्ज की।

अहमदाबाद में भोपाल के उजैर ने कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज जीता



भोपाल। राजधानी के युवा क्यूईस्ट उजैर खान ने दूसरी कॉमनवेल्थ क्यू स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के हेबॉल इवेंट में ब्रॉज मैडल जीत लिया है। वे सेमीफाइनल में अपने ही देश के पारस गुप्ता से 5-6 से परास्त हुए। स्पर्धा वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, अहमदाबाद में संपन्न हुई। उजैर खान और पारस के बीच खेला गया सेमीफाइनल बहुत ही कांटे का रहा। 5-5 की बराबरी के बाद निर्णायक फ्रेम में एक गलती से उजैर फ्रेम खो बैठे और उन्हें ब्रॉज मैडल से संतोष करना पड़ा। छोला रोड स्थित निवासी उजैर, देश के टॉप क्यूईस्ट व वर्ल्ड चैम्पियन भोपाल के ही कमल चावला से ट्रेनिंग ले रहे हैं। ये उजैर का पहला इंटरनेशनल मैडल है। साथ ही कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप के हेबॉल इवेंट में देश का पहला मैडल है। वे अभी तक चार इंटरनेशनल टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। महिला स्नूकर में मप्र की ईशिका शाह ने भी कांस्य पदक जीता। समापन समारोह की मुख्य अतिथि इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ पीटी ऊषा थीं।



अधिकृत डीलर: भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँईं हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोर: मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबाद: पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागर: सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्माराती ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स (देवास नाका), 9821741577, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, रतलाम: एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमच: उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौर: रामदर्शन हीरो 9289922369, जावरा: रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलर: आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंधोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुक्मणी मोटर्स, 9993048891, नीलवड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरू नगर: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, गांधीनगर: आर जे मोटर्स, 8827588411, स्नेहलतागंज: साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, अमझेरा: महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, सागोर कुटी: अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, जावद: शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, रानीसिंह: गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, बोरी बुजुर्ग: जिलानी मोटर्स, 9399900143, कढ़ी: श्री राम मोटर्स, 9584997081, पिपलिया बुजुर्ग: न्यू सिन्हा मोटर्स, 9981562315, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिन्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906,

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930